# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com जबलपुर, शुक्रवार 17 जनवरी 2025



8 भेड़िया आया और ....चला गया





मैट्रो

14 विजय नगर एक्सीडेंट के आरोपित ...









पुलिस और क्राइम ब्रांच की 18 टीमें जांच कर रहीं, संदिग्ध की तस्वीर सामने आई

अभिनेता पर घर में घुसकर जानलेवा हमला

# सैफ अली को गले, पीठ, हाथ और सिर समेत 6 जगह चाकू लगा, हाथ-कंधे की हुई सर्जरी

## घायल सैफ को रात में ही लीलावती हॉस्पिटल ले जाया गया, हालत स्थिर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड स्टार सैफ अली खान पर आधी रात को उनके घर में घुस कर उन पर चाकू से हमला किया गया। इस घटना में घायल एक्टर को उनके बेटे इब्राहिम ने उन्हें ऑटो रिक्शा से लीलावती अस्पताल तक पहुंचाया। उन्हें अब डॉक्टरों की निगरानी में आईसीयू में शिफ्ट किया गया है। उन पर करीब 6 बार चाकू से वार किया गया, जिसके बाद उनकी सर्जरी करनी पड़ी। घायल होने के बाद उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### एक हमलावर की पहचान हुई

मुंबई पुलिस के डीसीपी गेदाम दीक्षित ने बताया कि एक हमलावर की पहचान कर ली गई है। वह चोरी के इरादे से घर में घुसा था। हमलावर सीढ़ियों से अपार्टमेंट में दाखिल हुआ और हमले के बाद सीढ़ियों से ही भागा। जानकारी के मुताबिक हमलावर सीसीटीवी फुटेज में दिखाई दिया है। उसे बिल्डिंग की छठी मंजिल पर देखा गया था। पुलिस ने जबरन घर में घुसने और हत्या के प्रयास का केस दर्ज कर लिया है।



### घटना सैफ-करीना के बच्चों तैमूर-जेह के कमरे में हुई

रिपोर्ट्स के मुताबिक, ये घटना सैफ-करीना के बच्चों तैमूर-जेह के कमरे की है। कमरे में उनकी हाउसकीपर अरियामा फिलिप उर्फ लीमा मौजूद थी, जिसे एक अज्ञात शख्स ने पकड़ लिया। उनकी चीखने की आवाज सुनकर सैफ बच्चों के कमरे में पहुंचे थे। सैफ को देखते ही अज्ञात शख्स ने उन पर हमला करना शुरू कर दिया। इस दौरान घायल हुई हाउसकीपर को भी लीलावती अस्पताल ले जाया गया है।

### *एक्टर की मेड समेत 3 को पूछताछ के लिए ले जाया गया*

*पुलिस ने बताया कि सैफ के घर से 3 लोगों को पूछताछ के लिए पुलिस स्टेशन ले जाया गया है। इनमें हमले में घायल हुई हाउसकीपर भी शामिल है। शुरुआती जांच में पता चला कि घर के अंदर मौजूद किसी शख्स ने ही हमलावर को एंट्री दी। घर में कोई जबरदस्ती नहीं घुसा।*

### *चोरी या हमला ? अब भी अनसुलझे हैं सवाल*

**सवाल नंबर 1 :** शुरुआती जांच में यह बात साफ नहीं हुआ कि चोर कैसे घुसा, हालांकि अब एक सीसीटीवी फुटेज सामने आया है कि जिसमें एक संदिग्ध दिखाई देरहा है।






## खबर संक्षेप

### रहस्यमयी बीमारी से 15 की मौत, एक गंभीर

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में रहस्यमयी बीमारी की वजह से 15 लोगों की मौत हो गई।



सरकार ने राजौरी जिले के बुधल गांव की स्थिति पर करीब से नजर रखा हुआ, जहां पर अज्ञात बीमारी से 15 लोगों की मौत हुई है। इस बीच, जम्मू के एक अस्पताल में भर्ती एक बच्चे की हालत गंभीर बनी हुई है। अधिकारियों ने बताया कि सरकार ने अज्ञात बीमारी से हुयी मौत के मामलों की जांच के आदेश भी दिए हैं। पुलिस ने घटना की जांच के लिए एक विशेष जांच दल का गठन किया है। एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि सरकार बुधल गांव में स्थिति पर करीब से नजर रख रही है, जहां एक अज्ञात बीमारी ने 15 लोगों की जान ले ली है।

### दो बाइकों की भिड़ंत तीन युवकों की मौत

**जबलपुर।** तिलवारा थाना क्षेत्र के ग्राम घंसौर में गुरुवार सुबह करीब 11 बजे दो बाइकों की भिड़ंत हो गई।



जिसमें तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। यह हादसा उस समय हुआ जब एक बाइक पर सवार दो दोस्त मेला देखने के लिए जबलपुर के तिलवारा जा रहे थे। तभी सामने से टक्कर हो गई।

### सड़क हादसे में गई डॉक्टर की जान

**आगर मालवा।** आगर-कानड़ मार्ग पर परसुखेड़ी तालाब के पास गुरुवार दोपहर 3 बजे सड़क हादसे



में एक डॉक्टर की मौत हो गई। बाइक सवार डॉक्टर को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा।

## शहडोल में सातवें रीजनल इनवेस्टर कान्क्लेव में उद्योगपति और निवेशकों ने दिखाई विशेष रुचि

# 32,520 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव मिले 30 हजार से अधिक लोगों को मिलेगा रोजगार



### सीएम डॉ. यादव ने कहा प्रदेश में एक-एक युवा को उसकी योग्यता, दक्षता के अनुरूप मिलेगा रोजगार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश में एक-एक युवा को उसकी योग्यता और दक्षता के अनुरूप रोजगार मिलेगा। मप्र में पिछले कुछ समय में 6 रीजनल इंडस्ट्रीज कॉन्क्लेव आयोजित किए गए हैं, जिनमें 4 लाख करोड़ रुपए से अधिक का निवेश आया है, और इनके माध्यम से 3 लाख लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। मप्र में 24 फरवरी को ग्लोबल इन्वेस्टर्स कॉन्क्लेव आयोजित की जा रही है। विभिन्न क्षेत्रों में निवेश की संभावनाओं को तलाशते हुए, सभी विभाग अपनी नीतियां बना रहे हैं, जो शीघ्र ही तैयार हो जाएंगी। प्रदेश में नव उद्यमिता (स्टार्ट्सअप) को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने स्टार्ट्सअप दिवस की सभी को बधाई दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरूवार को शहडोल में आयोजित रीजनल इनवेस्टर कान्क्लेव में बोल रहे थे।

51 हेक्टेयर में विकसित होने वाले औद्योगिक पार्क गोहपारू का हुआ भूमि-पूजन

18 हजार करोड़ लागत और 1600 मेगावाट क्षमता के थर्मल प्लांट के लिए हुआ अनुबंध



### मप्र में भी तेज गति से हो रहा विकास



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में उद्यमशीलता के माध्यम से भारत को पुनः सोने की चिड़िया बनाएंगे। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में जब मोदी की सरकार बनी थी, भारत की अर्थव्यवस्था के समक्ष गंभीर चुनौतियां थीं। भारत विश्व की 11 वीं अर्थव्यवस्था था। हमने अपनी आंतरिक शक्तियों, अनंत संभावनाओं को पहचाना और आज हम आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल करते हुए तेजी से आगे बढ़ रहे हैं, मप्र में भी तेज गति से विकास हो रहा है। हमारा मप्र 9 करोड़ का परिवार है। आने वाले 5 वर्षों में हम अपनी जीडीपी को दोगुना करने वाले हैं।

### *10 वर्ष तक 5 हजार रुपए प्रति मजदूर इंसेंटिव*

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य में औद्योगिक श्रमिकों की कोई परेशानी नहीं है। पर्यटन, आईटी सेक्टर और रेडीमेड गारमेंट्स आदि क्षेत्रों में उद्योगों को विशेष इंसेंटिव दिए जाते हैं। रेडीमेड गारमेंट्स में 200 प्रतिशत तक मदद दी जाती है, और 10 वर्ष तक 5 हजार रुपए प्रति मजदूर इंसेंटिव भी दिया जाता है। उन्होंने कहा कि विकास का अर्थ केवल भौतिक अधोसंरचना का विकास नहीं है, हम समाज के सभी वर्गों के कल्याण के लिए कार्य कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने गरीब, युवा, महिला और किसानों के कल्याण के लिए मिशन प्रारंभ किया है, जिस पर हम तेजी से कार्य कर रहे हैं।*

### *उद्योगपतियों ने यहां अपने अनुभव साझा किए*

*कान्क्लेव में उद्योगपतियों ने यहां अपने अनुभव साझा किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि औद्योगिक नीति और अनुकूल औद्योगिक वातावरण से यहां निवेश के निरंतर प्रस्ताव प्राप्त हो रहे है, जो कि हमारी प्रगतिशील औद्योगिक नीति का प्रत्यक्ष प्रमाण है। हमारा लक्ष्य है शहडोल को एक औद्योगिक हब के रूप में विकसित करना जो के केवल मप्र ही नहीं, अपितु पूरे देश का औद्योगिक केन्द्र बनें।*

## रील बनाते समय बड़ा हादसा



# अनियंत्रित कार पुलिया से नीचे गिरी, दो की मौत, एक घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोलार थाना क्षेत्र स्थित इनायतपुर इलाके में बुधवार रात एक कार अनियंत्रित होकर पुलिया में जा गिरी। इस हादसे में कार सवार दो युवकों की मौत हो गई, जबकि तीसरे युवक को गंभीर चोट आई है। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई कि हादसा चलती कार में रील बनाते समय हुआ था। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिए है। पुलिस के अनुसार पलाश गायकवाड़ पिता चंदू गायकवाड़ (25) स्वागत बंगला, फाइन एवेन्यू फेस-टू कोलार में रहता था।

### *पानी में डूबी कार, नहीं खुले गेट*

*कार नीचे गिरने के बाद किसी तरह पीछे वाला कांच तोड़कर पीयूष गजभिये बाहर निकल गया था। उसने अपने साथियों को बाहर निकालने का प्रयास किया, लेकिन कार पानी में डूबने के कारण उसके कांच नहीं खुल सके। वहां से गुजर रहे कुछ लोगों ने हादसा देखकर पुलिस को सूचना दी थी, लेकिन समय पर पुलिस नहीं पहुंच सकी।*

## घायलों को आईटीबीपी जवानों ने किया रेस्क्यू

# कच्चे मकान पर पलटा ट्रक मां-बेटी की मौत, दो घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

जिले के देहात थाना अंतर्गत लुधावली बाईपास पर लहसुन से भरा हुआ एक ट्रक रोड किनारे बने कच्चे मकान के ऊपर पलट गया। इस हादसे में मकान में रह रहे दो लोगों की मौत हो गई जबकि दो अन्य लोग घायल हो गए। बताया जाता है कि गुरुवार शाम को चार बजे लुधावली बाईपास से एक ट्रक तेजी गति से निकल रहा था। अचानक बेकाबू होकर रोड किनारे बने मकान पर यह पलट गया। लुधावली बाईपास पर रोड किनारे कुछ कच्चे मकान बने हुए हैं। यह पुराना बायपास है

- ट्रक तेज रफ्तार के चलते अनियंत्रित हुआ



इसके चलते अब दिन के समय कम वाहन निकलते हैं। लेकिन गुरुवार के दिन अचानक यह बड़ा ट्रक यहां से निकला और हादसा हो गया। ट्रक क्रमांक आरजे 11 जीसी 9423 बेकाबू होकर मकान के ऊपर पलट गया। मां-बेटी की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दो लोग घायल हो गए। मृतकों की पहचान महिला हरकंवर आदिवासी, बेटी सरोज आदिवासी की मौत हो गई जबकि बेटी काजल और नवल भी घायल हुए हैं।

## संस्थापक नाथन एंडरसन ने की घोषणा

# अडाणी ग्रुप को नुकसान पहुंचाने वाली हिंडनबर्ग रिसर्च कंपनी बंद

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिकी शॉर्ट-सेलिंग फर्म हिंडनबर्ग रिसर्च बंद होने जा रही है। बुधवार को इसके संस्थापक नाथन एंडरसन ने इसकी घोषणा की है। इतना ही नहीं उन्होंने कहा कि कंपनी के बंद करने का फैसला काफी बातचीत और सोच-समझ कर लिया है। हालांकि, एंडरसन ने कंपनी के बंद करने की कोई खास वजह नहीं बताई है। हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्टों ने भारत के अडाणी ग्रुप और इकान इंटरप्राइजेज समेत कई कंपनियों को अरबों डॉलर का नुकसान पहुंचाया था। एडरसन ने

- कंपनी के बंद करने की कोई खास वजह नहीं बताई




बुधवार को फर्म की वेबसाइट पर पोस्ट किए गए एक नोट में लिखा कि 'जैसा कि मैंने पिछले साल के अंत से परिवार, दोस्तों और हमारी टीम के साथ साझा किया है, मैंने हिंडनबर्ग रिसर्च को बंद करने का निर्णय लिया है। प्लानिंग यह थी कि हम जिन विचारों पर काम कर रहे थे, उनके पूरे होते ही इसे बंद कर दिया जाएगा। हाल ही में जिन पोंजी मामलों को हमने पूरा किया है और नियामकों के साथ साझा कर रहे हैं, वह दिन आज ही है।'






## गृह मंत्री शाह ने गुजरात के वडनगर को दी 300 करोड़ की सौगात

# पीएम मोदी के बचपन के स्कूल का हुआ कायाकल्प, शाह बोले-भविष्य में ऐसे बड़े व्यक्तियों के निर्माण में योगदान देने का काम करेगा

## इस स्कूल का नाम अब 'प्रेरणा स्कूल' रखा गया

एजेंसी ▶▶ बड़नगर

गुजरात के मेहसाणा जिले के वडनगर में स्थित उस स्कूल का कायाकल्प किया गया है जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने



अपनी पढ़ाई की थी। इस स्कूल का नाम अब 'प्रेरणा स्कूल' रखा गया है, जिसे गुरुवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह लोकार्पित किया। उन्होंने कहा कि आज देशभर के बच्चे उनके दिखाए रास्ते पर चलने की शिक्षा प्राप्त करने के लिए आ रहे हैं।

### जनता को समर्पित किया पुरातत्व संग्रहालय



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 300 करोड़ रुपए की लागत से तैयार पीएम के गृहनगर वडनगर में पुरातत्व अनुभवात्मक संग्रहालय का भी उद्घाटन किया। शाह ने कहा कि वडनगर की संस्कृति और इतिहास बहुत पुराने हैं और यहां कई सनातन सन्यासियों ने तप, साधना और ज्ञान की उपासना की है।

### *पंच प्रण के संकल्प को पूरे देश के सामने रखा*

*शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने जिस पंच प्रण के संकल्प को पूरे देश के सामने रखा है, उनमें हमारी विरासत पर गौरव करना भी शामिल है। प्रधानमंत्री मोदी ने पंच प्रण का संदेश देश के युवाओं को इसीलिए दिया है कि उनमें गुलामी के सारे चिन्हों को भुलाकर विरासत के गौरव की अनुभूति कर भविष्य को आधुनिकता के आधार पर गढ़ने का साहस और कुव्वत आए।*




# अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों ने लगाई संगम में डुबकी

# महाकुंभ दे रहा दुनिया को एकता का संदेश और भारतीय संस्कृति के अद्भुत पहलुओं का अनुभव, भव्य इंतजाम पर योगी की सराहना की

भारतीय संस्कृति को देखने और समझने के लिए सभी देशों के लोगों को यहां महाकुंभ नगर जरूर आना चाहिए। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की प्रतिनिधि सैली एल अजाब ने कहा कि वो मध्य पूर्व से भारत आई हैं। यह एक अद्भुत क्षण है। यह दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक आयोजन है। यहां सब कुछ पूरी तरह से व्यवस्थित है।

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

महाकुंभ में 10 देशों के 21 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने संगम क्षेत्र में स्थित विभिन्न अखाड़ों का दौरा किया। इस यात्रा में उन्होंने न केवल महाकुंभ के धार्मिक महत्व को समझा बल्कि भारतीय संस्कृति के अद्भुत पहलुओं को भी अनुभव किया। त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाने के बाद प्रतिनिधि दल ने समूचे महाकुंभ क्षेत्र का दौरा किया, जिससे उन्हें इस विशाल धार्मिक आयोजन की व्यापकता देखने को मिली। अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों ने दुनिया के इस सबसे बड़े आयोजन के भव्य इंतजाम के लिए योगी सरकार की जमकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि महाकुंभ दुनिया को एकता का संदेश दे रहा है। भारतीय संस्कृति को देखने और समझने के लिए सभी देशों के लोगों को यहां महाकुंभ नगर जरूर आना चाहिए। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की प्रतिनिधि सैली एल अजाब ने कहा कि वो मध्य पूर्व से भारत आई हैं। यह एक अद्भुत क्षण है। यह दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक आयोजन है। यहां सब कुछ पूरी तरह से व्यवस्थित है। उन्होंने महाकुंभ की भव्यता की तारीफ करते हुए बताया कि यह आयोजन न केवल भारत बल्कि पूरी दुनिया को एकता का संदेश दे रहा है। उन्हें यहां करोड़ों श्रद्धालुओं और उनकी विधिवत सुरक्षा व्यवस्था को देखकर भारतीय संस्कृति की महानता का अहसास हुआ।




### संतों के विचारों से प्रभावित हुए

अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधि दल ने विभिन्न अखाड़ों का भी भ्रमण किया। यहां उन्होंने साधु-संतों से मुलाकात की और महाकुंभ के ऐतिहासिक, धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व के बारे में जाना। साधु-संतों ने महाकुंभ की प्राचीन परंपराओं, अखाड़ों की भूमिका और भारतीय संस्कृति की महिमा के बारे में विस्तार से जानकारी दी। अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधि संतों के विचारों से गहरे प्रभावित हुए और उन्होंने भारतीय धार्मिक परंपराओं के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की।



### अचानक महाकुंभ से लौटीं पॉवेल, गुरु से ली ये दीक्षा



एप्पल को-फाउंडर स्टीव जॉब्स की पत्नी लॉरेन पॉवेल महाकुंभ से अचानक लौट गई हैं। वे 10 दिन के लिए यहां आई थीं, लेकिन 3 दिन में ही चली गईं। पॉवेल को एलर्जी की दिक्कत थी। वे अगले कुछ दिन भूटान में ही प्रवास करेंगी। उन्होंने निरंजनी अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरि के शिविर में प्रवास किया। जॉब्स 13 जनवरी को प्रयागराज पहुंची थीं। बुधवार को उन्होंने अपने गुरु आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरि से दीक्षा ली।

### सांस्कृतिक एकता का प्रतीक बताया

महाकुंभ का आयोजन न केवल धार्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह एक सांस्कृतिक और सामाजिक संदर्भ में भी एकता का प्रतीक है। महाकुंभ के दौरान 10 देशों के 21 प्रतिनिधियों ने इस आयोजन की भव्यता और उसकी वैश्विक पहचान को नजदीक से महसूस किया। महाकुंभ ने दुनिया को यह संदेश दिया कि दुनिया के विभिन्न कोनों से लोग एकत्रित हो सकते हैं, भले ही उनकी सांस्कृतिक पृष्ठभूमि अलग-अलग क्यों न हो?

### पुष्प वर्षा के लिए नहीं मिला हेलीकॉप्टर, 3 पर एफआईआर



महाकुंभ के पहले स्नान पर्व पर पुष्प वर्षा के लिए अनुबंधित हेलीकॉप्टर नहीं मिला। फर्म ने हेलीकॉप्टर को बिना सूचना दिए अयोध्या भेज दिया। इस पर सरकार ने कंपनी के तीन अफसरों पर मामला दर्ज करवा दिया है।

**मेसर्स हैरिटेज एविएशन प्राइवेट लिमिटेड से था अनुबंध :** प्रत्येक अमृत स्नान में पुष्प वर्षा कराए जाने के लिए मेसर्स हैरिटेज एविएशन प्राइवेट लिमिटेड से हेलीकॉप्टर को 13 और 14 जनवरी के लिए शर्तों के साथ सेवा का अनुबंध था।

**परमधर्म संसद ने जारी किया धर्मादेश**



### महाकुंभ में ही होगा हिंदू शब्द के दुष्प्रचार का अंत

ज्योतिष्पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कहा कि हिंदू शब्द प्राचीन है। वेदों में भी इसके प्रमाण हैं। हिंदू शब्द को लेकर जो भ्रामक प्रचार किया जा रहा है वह गलत है। हिंदू शब्द के लिए होने वाले इस दुष्प्रचार का निवारण महाकुंभ में ही होगा। हिंदू शब्द का स्मृतियों, पुराणों में भी उल्लेख मिलता है। सेक्टर 19 मोरी रोड पर आयोजित परमधर्मसंसद 1008 में हिंदू और हिंदू आचार संहिता पर चर्चा के बाद परमधर्मादेश जारी हुआ।

### हिंदू वैदिक शब्द, गाय की हुंकार से निकला

परमधर्मसंसद 1008 सभी सनातन वैदिक हिंदू आर्य परमधर्म के मानने वालों के लिए परम धर्मादेश जारी करती है कि हिंदू शब्द वैदिक है और वेदों से ही उत्पन्न हुआ है। एक मात्र हिंदू संस्कृति में ही यज्ञ, यागादि, सर्वविध इष्टापूर्त संबंधी अनुष्ठानों में, श्राद्धादि पितृकार्य में, आयुर्वेदिक उपचारों में गाय का दूध ही ग्राह्य माना जाता है। 'हिङ्कृण्वती दुहाम' शब्दोंमें वत्सदर्शनसंजातहर्षा-अतएव प्रसन्नता सूचक 'हिं हिं'शब्द करती हुई गाय का दोहन करने वाली हिंद जाति का निर्वचन पूर्वक हिं-दु शब्द बना है।

**बोले मठाधिपति करौली शंकर**

### चमत्कारिक विद्या नहीं, मैं तो लोगों से क्रियाएं कराता हूं



मिश्री मठ हरिद्वार के मठाधिपति करौली शंकर लोगों की जिंदगी बैलेंस कर रहे हैं। वे बोले कि मैं तो क्रियाएं कराता हूं।

## खबर संक्षेप

### 21 जनवरी को दिल्ली कूच करेंगे किसान

**नई दिल्ली।** शंभू बार्डर से 21 जनवरी को 101 किसान फिर दिल्ली की तरफ पैदल कूच करेंगे।



किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा के किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने कहा जा रहा है कि किसान जत्थेबंदियां भी अडिग हैं। सरकार से एमएसपी की कानूनी गारंटी लेने के साथ-साथ किसानों व मजदूरों के कर्ज भी माफ कराए जाएंगे।

### बेकरी में फटा बॉयलर 12 कर्मचारी झुलसे

**आगरा।** उत्तर प्रदेश के आगरा के ट्रांसपोर्ट नगर में बेकरी का बॉयलर फटने से 12 से ज्यादा कर्मचारी गंभीर रूप से झुलस गए। काफी देर तक कर्मचारी रोड पर ही तड़पते रहे और मदद की गुहार लगाते रहे।



सूचना पर फायर ब्रिगेड की टीम और पुलिस पहुंची। घायलों को भर्ती कराया गया है। घटना गुरुवार दोपहर करीब 2 बजे की है।

### 'आपतिजनक' हालत में कार्यकारी मजिस्ट्रेट अरेस्ट

**अकोटा।** गुजरात में शराबबंदी को शर्मिंदा करने वाला बयान सामने आया है। वडोदरा जिले के पादरा तालुका के कार्यकारी मजिस्ट्रेट को अरेस्ट किया गया है। उन्हें शराबबंदी के मामले में अरेस्ट किया है और आरोपी की पहचान नरेश वनकर के तौर पर की है। वाकया मंगलवार का है।

## दिल्ली विधानसभा चुनाव: भाजपा ने चौथी और अंतिम सूची जारी की

# सौरभ के खिलाफ शिखा राय को उतारा तो गोपाल राय को टक्कर देंगे अनिल वशिष्ठ

### अब दिल्ली विधानसभा चुनाव में सरगर्मी बढ़ी, सभी जीत के लिए कर रहे दावे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 के लिए भाजपा ने उम्मीदवारों की चौथी लिस्ट जारी कर दी है। इसमें कुल 9 उम्मीदवारों की घोषणा की गई है। इस लिस्ट में दिल्ली कैंट, संगम विहार, ग्रेटर कैलाश समेत अन्य विधानसभा के नाम दिए गए हैं। आप नेता और ग्रेटर कैलाश से उम्मीदवार सौरभ भारद्वाज के खिलाफ महिला को मौका दिया है। भाजपा की तरफ से शिखा राय सौरभ भारद्वाज को चुनावी मैदान में टक्कर देंगी। वहीं अन्य सीटों की बात करें तो उनके उम्मीदवारों के नाम ये हैं। पार्टी ने बवाना से रविंद्र कुमार, वजीरपुर से पूनम शर्मा, दिल्ली कैंट से भुवन तंवर, संगम विहार से चंदन कुमार चौधरी, ग्रेटर कैलाश से शिखा राय, त्रिलोकपुरी से रविकांत उज्जैन, शाहदरा से संजय गोयल, बाबरपुर से अनिल वशिष्ट और गोकुलपुर से प्रवीण निमेष को टिकट दी है। इससे पहले पार्टी ने विधानसभा चुनाव में प्रचार के लिए अपने स्टार प्रचारकों की सूची भी जारी की थी।

**संगम विहार, शाहदरा समेत 9 सीटों पर प्रत्याशी तय किए**

*साथियो के लिए भी एक-एक सीट छोड़ दी*



**स्टार प्रचारकों के नाम का भी ऐलान**

### मोदी, शाह और नड्डा समेत कई दिग्गज शामिल

आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी ने स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। पार्टी ने अपने 40 प्रमुख बड़े नेताओं को इस लिस्ट में जगह दी है। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने इस बारे में बुधवार को चुनाव आयोग को एक चिट्ठी लिखते हुए दिल्ली विधानसभा चुनाव के दौरान पार्टी के चुनाव अभियान में हिस्सा लेने वाले इन नेताओं के नाम बताए।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, गृहमंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर, केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय मंत्री सरदार हरदीप सिंह पुरी, केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह।



### गोपाल, ताहिर और कैलाश ने भरा परचा

हाईप्रोफाइल उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पर्चे दाखिल किए हैं। इसमें मनीष सिसोदिया, सौरभ भारद्वाज, कपिल मिश्रा से लेकर ताहिर हुसैन शामिल हैं। इउसी तरह कांग्रेस की ओर से संदीप दीक्षित ने नामांकन पत्र पेश किया। अन्य दल भी अपनी वापसी की कोशिश में हैं। आप उम्मीदवार गोपाल राय ने नामांकन दाखिल करने के बाद कहा कि मुझे भरोसा है कि बाबारपुर जनता काम के लिए हमें फिर से मौका देगी। दिल्ली दंगों के आरोपी ताहिर हुसैन ने मुस्तफाबाद विधानसभा क्षेत्र से अपना नामांकन दाखिल किया। हुसैन को एआईएमआईएम ने मुस्तफाबाद से मैदान में उतारा है। पैरोल पर बाहर आए थे।

### 68 उम्मीदवारों के नाम की घोषणा

इस तरह भाजपा ने अपनी इन चार सूची में कुल 68 उम्मीदवारों के नाम की घोषणा कर दी है। बताया जा रहा है कि जिन दो सीटों पर प्रत्याशी के नाम की घोषणा नहीं हुई है, वहां सहयोगी अपने उम्मीदवार उतारने वाले हैं। इसलिए उनके लिए ये सीटें छोड़ी हैं। आप को घेरने के लिए ग्रेटर कैलाश से एक तरफ शिखा राय हैं, तो वहीं बाबरपुर सीट से आप के दिग्गज नेता और दिल्ली अध्यक्ष गोपाल राय के खिलाफ अनिल वशिष्ठ हैं।

### नीतीश-चिराग की पार्टी के लिए छोड़ी 1-1 सीट



भाजपा ने दिल्ली की सभी 70 सीटों पर अपने प्रत्याशियों के नामों की घोषणा कर दी है। दिल्ली की दो सीटें नीतीश कुमार और चिराग पासवान की पार्टी को दी हैं। बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र से शैलेंद्र कुमार जदयू प्रत्याशी बनाए गए हैं। वहीं, देवली सीट पर लोक जनशक्ति पार्टी (राम विलास)) का प्रत्याशी चुनावी मैदान में उतारा जाएगा।

## सीएम नायडू का ऐलान

# केवल दो से अधिक बच्चे वाले ही लड़ सकेंगे निकाय चुनाव

एजेंसी ▶▶ अमरावती



आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने बड़ी घोषणा करते हुए कहा है कि कोई व्यक्ति सरपंच, नगर पार्षद या महापौर तभी बन सकता है, जब उसके दो से अधिक बच्चे हों। उन्होंने संकेत दिया कि इससे जनसंख्या में गिरावट को रोका जा सकेगा। सीएम ने कहा कि वे लोगों को अधिक बच्चे पैदा करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए नीतियां लाएंगे। इससे पहले कहा था किराज्य में विकास दर बढ़नी चाहिए। सभी को इस बारे में सोचना चाहिए और परिवारों को कम से कम दो या उससे अधिक बच्चे पैदा करने का लक्ष्य रखना चाहिए। दरअसल केंद्र की यूथ इन इंडिया-2022 रिपोर्ट के अनुसार हमारे देश में 25 करोड़ युवा 15 से 25 साल के बीच के हैं। अगले 15 साल में यह और तेजी से गिरेगी। उन्होंने नरवरिपल्ले में कहा, एक समय में, अधिक बच्चों वाले व्यक्तियों को पंचायत (चुनाव) या स्थानीय निकायों में चुनाव लड़ने की अनुमति नहीं थी।

## हिमाचल में एचआरटीसी की पहल

# कैशलेस ट्रांजेक्शन करें और पाएं 50 हजार रु. का इनाम

**मंडी।** हिमाचल पथ परिवहन निगम (एचआरटीसी ) कैशलेस ट्रांजेक्शन को बढ़ावा देने के लिए अब डिपो स्तर पर अधिकारियों में प्रतिस्पर्धा करवा रहा है। प्रदेश के 27 डिपो में जिस डिपो में सबसे अधिक कैशलेस ट्रांजेक्शन होगी, उसे 50000 इनाम दिया जाएगा।



दूसरे व तीसरे स्थान पर रहने वालों को 30000 व 20000 रुपए इनाम दिया जाएगा। जनवरी से ही इनका आकलन होगा। इससे पहले परिचालकों को भी अधिक कैशलेस ट्रांजेक्शन करने पर सम्मानित किया जा चुका है। इन सभी में कैशलेस ट्रांजेक्शन निगम ने आरंभ की है। इसे बढ़ावा देने के लिए समय-समय पर लोगों को जागरूक भी किया जा रहा है। परिचालकों को पहले ही कैशलेस ट्रांजेक्शन करने के आदेश हैं लेकिन ऐसे मामले सामने आए कि परिचालक ऐसा कम कर रहे हैं। अधिकारियों की यह ड्यूटी रहेगी कि वह अपने-अपने डिपो में कैशलेस ट्रांजेक्शन के लिए परिचालकों को प्रोत्साहित करें।

## कांग्रेस ने सुप्रीम कोर्ट में दायर की याचिका

# देश में सांप्रदायिक सद्भाव और धर्मनिरपेक्षता को खतरा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस ने उपासना स्थल (विशेष प्रावधान) अधिनियम 1991 के प्रावधानों की वैधता को चुनौती वाली याचिकाओं का विरोध किया। शीर्ष कोर्ट में याचिका दायर कर कहा कि कानून में किसी भी प्रकार के बदलाव से देश में सांप्रदायिक सद्भाव और धर्मनिरपेक्षता को खतरा पैदा हो सकता है। कांग्रेस ने सुप्रीम कोर्ट में अर्जी दायर की, जिसमें उसने उपासना स्थल अधिनियम की वैधता के खिलाफ दाखिल याचिकाओं का विरोध किया। यह अधिनियम धार्मिक स्थलों के स्वरूप को वैसे ही बनाए रखता है, जैसा वे 15 अगस्त 1947 को थे। कांग्रेस ने भाजपा नेता और वकील अश्विनी कुमार उपाध्याय की ओर से दायर की गई जनहित याचिका में दखल देने का आग्रह किया।

### उपासना स्थल कानून की वैधता को चुनौती का किया विरोध



#### उपासना स्थल कानून की वैधता का बचाव होना

कांग्रेस ने यह भी कहा कि वह धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांतों के प्रति प्रतिबद्ध है और इस कानून को पारित करने में उसका अहम योगदान था। पार्टी ने कहा वह निर्वाचित सदस्यों के जरिए उपासना स्थल कानून को पारित करने के लिए जिम्मेदार थी, इसलिए उसे इस मामले में दखल देने की अनुमति मिलनी चाहिए और उपासना स्थल कानून की वैधता का बचाव किया जाना चाहिए।

### कांग्रेस ने धर्मनिरपेक्षता की रक्षा करने के लिए जरूरी बताया

याचिका में कांग्रेस ने कहा कि यह कानून भारत में धर्मनिरपेक्षता की रक्षा करने के लिए जरूरी है और इस पर उठाए गए सवाल जानबूझकर और दुर्भावनापूर्ण प्रयास प्रतीत होते हैं, जो धर्मनिरपेक्षता के स्थापित सिद्धांतों को कमजोर करने के लिए गए हैं। पार्टी ने कहा कि उसे आशंका है कि अगर इस कानून में कोई बदलाव हुआ, तो इससे भारत में सांप्रदायिक सद्भावना और धर्मनिरपेक्षता को खतरा पैदा हो सकता है, जो देश की संप्रभुता और अखंडता को भी खतरे में डाल सकता है।

### उपाध्याय ने संदिग्ध और गोपनीय उद्देश्यों से अर्जी दी

कांग्रेस ने आरोप लगाया कि उपाध्याय ने संदिग्ध और गोपनीय उद्देश्यों से याचिका दायर की है। याचिका में यह गलत दावा किया गया है कि उपासना स्थल कानून केवल हिंदू, सिख, जैन और बौद्ध समुदायों पर लागू होता है। इस कानून के अनुसार सभी धर्मों के समुदायों के पूजा स्थलों पर समान रूप से लागू होता है और यह 15 अगस्त 1947 के बाद की स्थिति को सुनिश्चित करता है, न कि किसी विशेष समुदाय के प्रति पक्षपात, जैसा कि दावा किया गया है।

कार्यालय उप संचालक, बफरजोन वनमण्डल कान्हा टायगर रिजर्व, मण्डला (म.प्र.) 481661
ई-मेल: ddknpb.mdl@mp.gov.in, दूरभाष: 07642-250760, फैक्स : 07642-251266

ई-निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 181/ई-टेण्डरिंग 24. 25/ खण्ड - 1 मण्डला दिनांक 08/01/2025

ई-निविदा आमंत्रण सूचना
मध्यप्रदेश शासन
कार्यालय उप संचालक बफरजोन वनमण्डल कान्हा टाइगर रिजर्व मण्डला

उप संचालक बफरजोन वनमण्डल कान्हा टाइगर रिजर्व मण्डला द्वारा म.प्र. भण्डार क्रय एवं सेवा उपार्जन नियम 2015 ( यथा संशोधित 2022 ) के अंतर्गत निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैं।

| क्रमांक | सामग्री का नाम | विवरण | निविदा दस्तावेजों का मूल्य |
| --- | --- | --- | --- |
| 1 | निर्माण कार्य हेतु सेनेटरी एवं इलेक्ट्रिकल एवं फेब्रिकेटेशन सामग्री का प्रदाय | निविदा प्रपत्रों में दर्शित अनुसार | 500/- |

1. निविदा दस्तावेज से संबंधित सभी विवरण ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर निशुल्क देखे और डाउनलोड किये जा सकते हैं ।
2. इच्छुक निविदाकार क्रेडिट / डेबिट / केश कार्ड / इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से पोर्टल शुल्क का ऑनलाइन भुगतान करने के बाद निविदा दस्तावेज एवं ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर केवल ऑनलाइन खरीद सकते हैं ।
3. ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर महत्वपूर्ण तिथियों के रूप में उल्लेखित निविदा प्रक्रिया तिथियों लागू होंगी ।
4. ई-निविदा आमंत्रण सूचना में शुद्धिपत्र / परिशिष्ट यदि कोई हो तो केबल पोर्टल पर प्रकाशित किया जाएगा समाचार पत्रों में नही ।
5. म.प्र. के लिए ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://mptenders.gov.in/nicgep/app

उप सचांलक,
बफरजोन वनमण्डल.
कान्हा टाइगर रिजर्व मण्डला

दुर्घटना से दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।

G-21776/24

जबलपुर
शुक्रवार, 17 जनवरी 2025
- माघ मास शुक्ल पक्ष : 4
- वर्ष : 19, अंक : 253
- पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 27
न्यून. 11

haribhoomi.com

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


### मोदी कैबिनेट ने 8वें वेतन आयोग के गठन की दी मंजूरी

# देश के 48.67 लाख सरकारी कर्मचारियों को मिली बड़ी सौगात, वेतन में होगी बेतहाशा वृद्धि

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मोदी सरकार ने नए साल में केंद्रीय कर्मचारियों को बड़ा तोहफा दिया है। केंद्र ने आठवें वेतन आयोग के गठन के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है। सरकार के इस फैसले से हजारों कर्मचारियों को फायदा होगा।

बता दें कि सातवें वेतन आयोग का टर्म दिसंबर 2025 में समाप्त हो रहा है। इसे देखते हुए केंद्र सरकार ने आठवें वेतन आयोग को गठित करने का फैसला लिया है। इसके अलावा केंद्रीय कैबिनेट ने 3,985 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले तीसरे लॉन्च पैड को भी मंजूरी दे दी है। सरकार के इस फैसले से स्पेस रिसर्च की मुहिम को और रफ्तार मिलने की संभावना है। ऐसे में सरकार ने आठवें वेतन आयोग की तैयारियां अभी से ही शुरू कर दी हैं। कैबिनेट ने केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए आठवें वेतन आयोग के गठन को अपनी मंजूरी दे दी है। इसके लिए राज्य सरकारें, पीएसयू आदि से विचार-विमर्श किया जाएगा। आठवें वेतन आयोग के अध्यक्ष और दो सदस्यों के नाम का भी जल्द ही ऐलान कर दिया जाएगा।



*सूचना प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दी फैसलों की जानकारी*

### *7वें वेतन आयोग का कार्यकाल 31 दिसंबर 2025 को खत्म होगा*

- ***आयोग के अध्यक्ष और दो सदस्यों के नामों का जल्द होगा ऐलान***
- ***न्यूनतम वेतन और पेंशन में होगा बड़ा बदलाव***




### 1 जनवरी, 2026 से 8वां वेतन होगा लागू

देश में 7वां वेतन आयोग 1 जनवरी, 2016 से लागू हुआ था। इससे लगभग 1 करोड़ लोगों को लाभ पहुंचा था। चूंकि हर 10 साल में वेतन आयोग लागू किया जाता है ऐसे में अब उम्मीद जताई जा रही है कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार 1 जनवरी, 2026 से 8वां वेतन आयोग लागू कर देगी।

#### हर 10 साल में होता है नए वेतन आयोग का गठन

अंतिम वेतन आयोग का गठन हुए 10 साल से ज्यादा समय बीत चुका है। आम तौर पर हर 10 साल में अगले वेतन आयोग का गठन हो जाता है। पुराने वेतन आयोग की जगह पर नए वेतन आयोग की सिफारिशों के लागू होने के बीच भी सामान्यतः 10 साल का अंतर रहता है।

#### लंबे समय से हो रही थी मांग

केंद्रीय कर्मचारियों के संगठनों ने इसके लिए कैबिनेट सचिव से मिलकर 8वें वेतन आयोग का गठन करने की मांग की थी और लगातार ये संगठन सरकार के सामने 8वें वेतन आयोग के गठन की मांग कर रहे थे। ये मांग पूरी होने पर कई कर्मचारी संगठनों केंद्र की मोदी सरकार के फैसले का स्वागत किया है।

#### 20216 में लागू हुआ था 7वां वेतन

सातवें वेतन आयोग का गठन पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के कार्यकाल में 28 फरवरी 2014 को किया गया था। सातवें वेतन आयोग ने अपनी सिफारिशें उसके करीब डेढ़ साल बाद नवंबर 2015 में केंद्र सरकार को सौंप दी थी।

### 8 वें वेतन आयोग के आने से सैलरी पर क्या फर्क पड़ेगा

◆ 2.86 के हाई फिटमेंट फैक्टर की सिफारिश संभव

8वें वेतन आयोग की सिफारिशें लागू होती हैं तो केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों की सैलरी में बड़े बदलाव होंगे। अब तक के पैटर्न को देखें तो सरकारी कर्मचारियों का वेतन फिटमेंट फैक्टर के आधार पर अलग-अलग लेवल पर रिवाइज होगा। बता दें कि 7वें वेतन आयोग ने सैलरी रिवीजन के लिए 2.57 के फिटमेंट फैक्टर को अप्लाई किया था। वहीं, 8वें वेतन आयोग के तहत 2.86 के हाई फिटमेंट फैक्टर की सिफारिश की जा सकती है।

#### क्या है फिटमेंट फैक्टर

फिटमेंट फैक्टर, सरकारी कर्मचारियों और रिटायर कर्मचारियों के वेतन और पेंशन को बढ़ाने के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला कैल्कुलेशन है। फिटमेंट फैक्टर के आधार पर अलग-अलग लेवल पर सैलरी में बढ़ोतरी की जाती है। हालांकि, इसमें भत्ते को नहीं जोड़ा जाता है।

#### श्रीहरिकोटा में 3985 करोड़ की लागत से बनेगा तीसरा लॉन्च पैड

अश्विनी वैष्णव ने केंद्रीय कैबिनेट के फैसलों के बारे में बताते हुए श्रीहरिकोटा में तीसरे लॉन्च पैड को मंजूरी देने की जानाकारी भी दी। उन्होंने बताया कि तीसरा लॉन्च पैड नया और आधुनिक होगा। नया लॉन्च पैड नेक्स्ट जेनरेशन लॉन्च व्हीकल के लिए काफी मददगार और सहूलियत वाला होगा। इस लॉन्च पैड पर रॉकेट को हॉरिजोंटल (लिटाकर) असेंबल करके वापस सीधा खड़ा किया जा सकेगा।

#### सैलरी स्ट्रक्चर रिवाइज हो जाएगा

ऐसा अनुमान है कि आठवें वेतन आयोग की सिफारिशें लागू होने के बाद केंद्रीय कर्मचारियों की बेसिक सैलरी में बड़ा इजाफा होगा। वर्तमान में मिनिमम बेसिक सैलरी 18,000 रुपए है, जो लेवल 1 के तहत आने वाले कर्मचारियों को मिलती है। नई सिफारिशें लागू होने के बाद यह सैलरी स्ट्रक्चर रिवाइज हो जाएगा और लेवल 1 कर्मचारियों की पूरी सैलरी डबल में आ सकती है। इसी तरह, पेंशनभोगियों की पेंशन भी बड़ी बढ़ोतरी की संभावना है। हालांकि, ये सिर्फ अनुमान हैं और वास्तविक वृद्धि आयोग की सिफारिशों पर निर्भर है।

### सिम खरीदने के नियमों में बदलाव

# आधार-बायोमीट्रिक वेरिफिकेशन के बाद मिल सकेगी सिम

बिना इस प्रोसेस के नहीं बेच पाएंगे सिम कार्ड



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री कार्यालय ने सिम कार्ड खरीदने के लिए नए नियम जारी किए हैं। पीएमओ ने टेलीकॉम डिपार्टमेंट (डॉट) को निर्देश दिया है कि नए सिम कार्ड कनेक्शन के लिए आधार-बेस्ड बायोमीट्रिक वेरिफिकेशन जरूरी होगा। ये कदम इसलिए उठाया जा रहा है, ताकि फर्जी डॉक्यूमेंट के जरिए मोबाइल कनेक्शन लेने वालों को रोका जा सके। इसके अलावा, सिम के जरिए होने वाले स्कैम या अन्य आपराधिक गतिविधियों को रोका जा सके। बता दें कि पहले यूजर वोटर आईडी, पासपोर्ट या किसी अन्य सरकारी आईडी का उपयोग कर सिम कार्ड खरीद सकते थे।

#### फर्जी सिम पर सरकार हुई सख्त

हाल ही में हुई टेलीकॉम सेक्टर की रिव्यू मीटिंग के बाद यह फैसला लिया गया, जिसमें फर्जी सिम कार्ड के माध्यम से किए जाने वाले साइबर अपराधों और वित्तीय धोखाधड़ी के मामलों पर चर्चा की गई।

#### साइबर अपराध रोकने के लिए बड़े कदम

यह नया आदेश सरकार की व्यापक साइबर अपराध विरोधी रणनीति का हिस्सा है। आधार आधारित सत्यापन लागू करने से ऐसे मोबाइल नंबरों के जरिए होने वाली धोखाधड़ी के मामलों में कमी आने की उम्मीद है।

### मोबाइल पासपोर्ट सेवा वैन का हुआ शुभारंभ

# अब विद्यार्थियों के लिए स्कूल-कॉलेज में ही बनेंगे पासपोर्ट

शैक्षणिक संस्थानों में शिविर लगाकर बनाए जाएंगे पासपोर्ट



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कोटा में विद्यार्थियों के लिए एक अनूठी पहल की है। स्पीकर बिरला ने गुरुवार को श्रीनाथपुरम स्थित लॉरेंस मेयो स्कूल से स्टूडेंट कनेक्ट प्रोग्राम के तहत मोबाइल पासपोर्ट सेवा वैन का शुभारंभ किया, जिसके तहत विद्यार्थियों को स्कूल और कॉलेज में ही पासपोर्ट बनाने की सुविधा मिल सकेगी।

#### विशेष मोबाइल वैन की गई है तैयार

विद्यार्थियों की सहूलियत के लिए पासपोर्ट कार्यालय द्वारा एक विशेष मोबाइल वैन तैयार की गई है। इस वैन के माध्यम से विद्यार्थी आवेदन, बायोमीट्रिक और वेरिफिकेशन सहित अन्य सभी जरूरी प्रक्रियाओं को आसानी से पूरा कर सकेंगे। विद्यार्थियों को अब पासपोर्ट के लिए पासपोर्ट कार्यालय आने की जरूरत नहीं पड़ेगी।





INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY* *Conditions apply

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ^Finance offer is at the sole discretion of the Financier, subject to its respective T&Cs. Available at select dealerships. #USB charger is available as an accessory. *Ex showroom price of HF Deluxe Self in Bhopal.

टोल फ्री 1800 266 0018

अधिकृत डीलर: जबलपुर: सुपर हीरो (साउथ सिविल लाईन्स) 9289922350, सुदर्शन हीरो (नेपियर टॉउन 9289922353, मदन महल 9111100352, दमोह नाका 9111100344), बालाघाट: जायसवाल हीरो 9289922572, छतरपुर: आनंद हीरो (झाँसी रोड 9289922374, पन्ना रोड 7389238472), छिन्दवाड़ा: सत्कार हीरो 9289922805, मण्डला: शुभा हीरो 9289922600, नरसिंहपुर: रचना हीरो 9289922377, रीवा: बद्रिका हीरो (टी.पी. नगर 9752263333, इलाहाबाद रोड 9171705391), सतना: स्टार हीरो 9289922356, बद्रिका हीरो 9289923108, शहडोल: विभोर हीरो 9289923109, गुप्ता हीरो 9289922370, कटनी: हर्ष हीरो 9289923166, बैढ़न: कुन्दन हीरो 9289922743, सीधी: राजेन्द्र मोटर्स 9289923113, टीकमगढ़: आनंद हीरो 9289923112, सिवनी: सुदर्शन हीरो 9821745435, चौरई: श्रीजी ऑटोमोबाईल्स, 9821749342, एसोशिएट डीलर: सेमरिया: आकाश मोटर्स 9893918358, अमरवाड़ा: अर्पित ऑटोमोबाईल्स 7428595943, ब्योहारी: श्री राम ऑटोमोबाईल्स 9424683246, बुढ़ार: श्री ऑटोमोबाईल्स 9425181937, डिंडोरी: अवधिया ऑटो 8959777333, नैनपुर: स्वास्तिक मोटर्स 9893746172, गाडरवाड़ा: शेखर व्हीकल्स 9425467409, जुन्नारदेव: लक्ष्मी नारायण मोटर्स 8109164000, कोतमा: सिटी ऑटोमोबाईल्स 7987519546, मैहर: वैशाली ऑटोमोबाईल्स 9424741022, मउगंज: सेंगर मोटर्स 9425185568, लांझी: श्रीखण्ड ऑटोमोबाईल्स 7428390262, पांढुरना: जय भवानी ऑटोमोबाईल्स 7428390263, परासिया: श्री महावीर ऑटोमोबाईल्स 7354460008, रामपुर बघेलान: सॉई ऑटोमोबाईल्स 9993224296, रांझी: गुरुकृपा ऑटो 9424728007, सिहोरा: वाईक प्वांट 9826802730, उमरिया: गुप्ता ऑटो एजेन्सी 9285505630, वारासिवनी: रुसिया मोटर्स 9425822392 , जतारा: शारदा माँ ऑटोमोबाईल 9111231539, टीकमगढ़: एस.एस. इन्टरप्राइजेज 7000242371, पृथ्वीपुर: महावीर एजेंसीज 7000375943, मुलताई: शारदा श्री मोटर्स 9522870001, चितरंगी: ओम मोटर्स 9685416118, बरगवां: बजरंग मोटर्स 9926183734, बहरी : श्याम एजेंसी 9981238133, बरही: अजित ऑटोमोबाइल्स 7566217410, 9131739086, नागोद: चौरसिया ऑटोमोबाइल्स 9926365074, देवसर: श्री राम मोटर्स 9425086868 अमरपाटन : रिशु ऑटोमोबाइल्स 9893829195, स्लीमनाबाद: अनिल मोटर्स 9425466101, रामनगर: विजय ऑटोमोबाईल्स 9893252517, धनोरा: भवानी व्हीकल्स 9424950703, सालीचौका: अभिषेक इंटरप्राइजेज 8989434793, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) छिन्दवाड़ा: सत्कार हीरो 9289922805, नरसिंहपुर: रचना हीरो 8815396340, दमोह : इंडिया ऑटो सेंटर 8839230079

VML.5794.2025HIN

**खबर संक्षेप**

### महंगाई भत्ते की पहली एरियर किस्त का तत्काल हो भुगतान

**भोपाल।** महंगाई भत्ते की पहली एरियर किस्त का तत्काल भुगतान करने की मांग को लेकर मप्र कर्मचारी मंच ने आयुक्त कोष एवं लेखा को पत्र सौंपा है। पत्र सौंपकर कर्मचारी मंच ने आयुक्त से वित्त विभाग के आदेश अनुसार, महंगाई भत्ते के एरियर का भुगतान किया जाए। मंच के प्रांताध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि शासन के आदेश के अनुसार प्रदेश के साढ़े सात लाख कर्मचारियों को चार प्रतिशत महंगाई भत्ते की एरियर की किस्त दिसंबर के वेतन में भुगतान की जानी थी, लेकिन कोष एवं लेखा का एरियर सिस्टम अपडेट न होने के कारण महंगाई भत्ते के एरियर की किस्त जनवरी के 15 दिन बाद भी नहीं मिल पाई है। यदि एरियर्स का सात दिन में भुगतान नहीं किया गया तो कर्मचारी मंच आयुक्त कोष एवं लेखा के कार्यालय पर प्रदर्शन कर धरना देगा।

### 17 इंस्पेक्टर समेत 90 पुलिसकर्मी का ट्रांसफर

**रायपुर।** रायपुर में 17 इंस्पेक्टर समेत 90 पुलिसकर्मियों का ट्रांसफर हुआ है। यह आदेश एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह ने जारी किया है। इस आदेश के मुताबिक, लंबे समय से पुलिस लाइन के रिजर्व केंद्र के प्रभारी वैभव मिश्रा को यातायात में भेजा गया है। वहीं, अनीश सारथी रक्षित केंद्र के नए प्रभारी होंगे। तेलीबांधा थाना प्रभारी विनय सिंह बघेल को टिकरापारा की जिम्मेदारी दी गई है। दरअसल, टिकरापारा इलाके में बीते कई महीनों से लगातार हंगामा हो रहा था। जिससे शहर के एक बड़े इलाके में लॉ एंड ऑर्डर की समस्या हो रही थी। चर्चा है कि इस वजह से आजाद चौक थाना प्रभारी प्रमोद सिंह को राजेंद्र नगर थाने भेजा गया। वही राजेंद्र नगर टीआई जितेंद्र ताम्रकार को आजाद चौक का प्रभारी बनाया गया।

### मुख्यमंत्री ने सेना दिवस पर दी शुभकामनाएं

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 15 जनवरी को सेना दिवस पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सेना दिवस देश के वीर जवानों के शौर्य, पराक्रम, त्याग और बलिदान की याद दिलाता है। मुख्यमंत्री ने वीर सैनिकों को नमन करते हुए कहा कि देशवासियों को अपनी सेना और सैनिकों के साहस पर गर्व है।

# महंगे उपहार के लालच में इंजीनियर के 78 लाख रुपए गए, जालसाज ने कहा था आईफोन-करेंसी भेज रहा, प्रोसेसिंग-फीस बताकर ऐंठी रकम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सरगुजा

विदेश से महंगे गिफ्ट भेजने का झांसा देकर सरगुजा में इंजीनियर से 78 लाख रुपए से अधिक की ठगी की गई है। ठगों ने डॉक्टर बनकर इंस्टाग्राम के जरिए दोस्ती की। फिर अमेरिका से आईफोन और विदेशी करेंसी का पार्सल भेजने की बात कहकर प्रोसेसिंग, इंश्योरेंस और कस्टम ड्यूटी के नाम पर पैसे ले लिए। अब साइबर थाने में केस दर्ज हुआ है। जानकारी के मुताबिक, लखनपुर थाना इलाके के रहने वाले रामाज्ञा सिंह (51) मनेंद्रगढ़ वन विभाग में इंजीनियर के पद पर पदस्थ हैं। रामाज्ञा की जून 2024 में इंस्टाग्राम यूजर डॉ. मतिल्दा हैरिसन निवासी यूनाईटेड किंगडम (यूके) से दोस्ती हुई थी। दोनों के बीच सामान्य बातचीत होने लगी।

ठग ने रामाज्ञा सिंह को झांसा दिया कि वो अपने सर्विस का 6 साल पूरा कर चुका है। उसकी खुशी में यूके से गिफ्ट भेजा है। गिफ्ट में आईफोन-14, टी-शर्ट, परफ्यूम और विदेशी मुद्रा समेत कई सामान है।

**खास बातें**

- महंगे गिफ्ट भेजने का दिया झांसा
- सोशल मीडिया पर हुई थी पहचान

### जुलाई 2024 से अक्टूबर 2024 तक कई खातों में 78 लाख 37 हजार 999 रुपए जमा करा लिए



कुछ दिन बाद कथित कोरियर सर्विस मैनेजर दीपक शर्मा ने फोन कर महंगे गिफ्ट और विदेशी मुद्रा आने की जानकारी दी। उन्होंने डिलीवरी चार्ज के रूप में कई बार में डिक्लिरियेशन सर्टिफिकेट, कंफर्म सर्टिफिकेट, मॉनिटरी फंड, इनकम टैक्स सर्विस, इंश्योरेंस सर्विस चार्ज बताकर 17 जुलाई 2024 से 29 अक्टूबर 2024 तक कई खातों में 78 लाख 37 हजार 999 रुपए जमा करा लिए। पीड़ित रामाज्ञा सिंह को बताया गया कि उन्हें काफी मात्रा में विदेशी मुद्रा और महंगा गिफ्ट मिला है। शुरू में डिलीवरी चार्ज के नाम से 28 हजार रुपए 17 जुलाई 2024 को जमा कराया गया। बाद में कस्टम ड्यूटी के नाम पर 4 लाख 65 हजार रुपए, आर्म्स कंट्रोल यूनिट के लिए 6 लाख 75 हजार रुपए, जीएसटी के नाम पर 2 लाख 75 हजार रुपए और अन्य चार्जेज के नाम पर लाखों रुपए जमा कराए गए।

**ठग गिरोह के चंगुल में फंसने की आशंका**

साइबर सेल पुलिस ने मामले में धारा 66डी, 3(5), 318(4) के तहत अपराध दर्ज किया है। सरगुजा संभाग में एक व्यक्ति से ऑनलाइन ठगी की सबसे बड़ी रकम है। आशंका है कि रामाज्ञा सिंह किसी साइबर ठग गिरोह के झांसे में आ गए। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### ढाई महीने बाद दर्ज कराई रिपोर्ट

रामाज्ञा सिंह को बताया गया कि, उन्हें जो गिफ्ट मिला है, उसकी कीमत एक करोड़ 35 लाख रुपए है। इसके एवज में टैक्स और प्रोसेस के लिए पैसे जमा कराएं। महंगे गिफ्ट के लालच में वे पैसे जमा करता रहा। जब 78 लाख रुपए से अधिक पैसे दे दिए और गिफ्ट नहीं मिला, तो ठगी का एहसास हुआ।

### मुख्यमंत्री ने विदिशा में 177 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन एवं लोकार्पण

# विदिशा नगर पालिका बनेगी नगर निगम मेडिकल कॉलेज-जिला अस्पताल होंगे एक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि आगामी समय में विदिशा क्षेत्र का तेजी से विकास होगा। भोपाल, विदिशा, रायसेन और सीहोर को मिलाकर वृहद राजधानी परियोजना बनाई जा रही है। इसके लिए मास्टर प्लान शीघ्र ही तैयार किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने क्षेत्र के विकास के लिए विभिन्न घोषणाएं की। उन्होंने घोषणा की कि विदिशा नगर पालिका को नगर निगम बनाया जाएगा। विदिशा मेडिकल कॉलेज और जिला अस्पताल को एकीकृत कर सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुधवार को विदिशा में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत नवीन लक्ष्य का आवंटन कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को सांकेतिक रूप से गृह प्रवेश कराया। लखपति दीदियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। उन्होंने क्षेत्र के लिए 177 करोड़ 53 लाख रुपए के विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया। इस मौके पर केंद्रीय ग्रामीण विकास, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और विदिशा जिले के प्रभारी मंत्री लखन पटेल मौजूद थे।

### प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को कराया गृह प्रवेश

**खास बातें**

- लखपति दीदियों को किए प्रमाण-पत्र वितरित
- मप्र में हर गरीब को पक्का मकान का संकल्प होगा पूरा
- वृहद राजधानी परियोजना के लिए बनाया जाएगा मास्टर प्लान



### जो गरीब आवास लेने से छूट गए हैं, उनके लिए पुनः सर्वे होगाः चौहान

केन्द्रीय मंत्री चौहान ने कहा कि जो गरीब आवास लेने से छूट गए हैं उनके लिए पुनः सर्वे कराया जा रहा है। अब सेल्फ-सर्वे की सुविधा भी सरकार दे रही है। उन्होंने बताया कि अब पात्रता की शर्तों में छूट दी गई है, जिसके अनुसार दो पहिया वाहन वाले, 15 हजार रुपए तक वार्षिक आय वाले और ढाई एकड़ तक सिंचित तथा 5 एकड़ तक असिंचित भूमि वाले हितग्राही भी प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए पात्र होंगे। पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री पटेल ने प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पिछड़ी जनजातियों के लिए चलाई जा रही प्रधान मंत्री जनमन आवास योजना के तहत 46 हजार मकान बनाकर मप्र देश में प्रथम स्थान पर है। जनजातीय क्षेत्रों में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है।

### एक ही ध्येय है विकास, विकास और विकासः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हमारा एक ही ध्येय है विकास, विकास और विकास। हम इसकी प्राप्ति के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। आने वाले 4 वर्षों में प्रदेश के बजट को दोगुना कर दिया जाएगा। हर क्षेत्र का विकास होगा। हर गरीब को पक्का मकान सहित सारी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध होंगी। प्रदेश में गरीब, महिला, युवा और किसानों के लिए विशेष मिशन चलाए जा रहे हैं। सभी का कल्याण हमारा लक्ष्य है।

### मप्र में रिकॉर्ड समय में बने ग्रामीण आवासः चौहान

*केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को बधाई देते हुए कहा कि मप्र में प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास और प्रधानमंत्री जनमन आवास रिकॉर्ड समय में बनाए गए। प्रधानमंत्री जनमन योजना में पहली सड़क भी मप्र में बनाई गई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) में आज मप्र को 8 लाख 21 हजार 190 आवास दिए जा रहे हैं, अप्रैल मई में इतने ही आवास प्रदेश को और दिए जाएंगे। उन्होंने आवासों की स्वीकृति से संबंधित पत्र मुख्यमंत्री डॉ. यादव को सौंपा।*

**हर गरीब को पक्का मकान मिलेगा**

*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री का संकल्प है कि हर गरीब को पक्का मकान मिले। पूरे देश में अभी तक 4 करोड़ गरीबों को पक्के मकान दिलवाए जा चुके हैं। मध्यप्रदेश में पुराने सर्वे के अनुसार 16 लाख हितग्राहियों को पक्के मकान उपलब्ध कराने हैं, आज मप्र को 8.5 लाख नए आवास मिले हैं। इसके बाद पुनः सर्वे कराया जाएगा, कोई भी गरीब पक्के मकान के बिना नहीं रहेगा। मध्यप्रदेश में हर गरीब को पक्का मकान उपलब्ध कराने का संकल्प पूरा होगा। उन्होंने विदिशा नगर पालिका को नगर निगम बनाने की घोषणा की।*

### 15 और जिलाध्यक्ष निर्वाचित घोषित

## रायसेन में राकेश शर्मा, नर्मदापुरम में प्रीति शुक्ला बने भाजपा जिलाध्यक्ष

### 15 जिलों के अध्यक्षों की घोषणा शेष



प्रीति शुक्ला, नर्मदापुरम



आशुतोष अग्रवाल, उमरिया

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

भाजपा द्वारा जिलाध्यक्षों का निर्वाचन पूर्ण कर उनकी घोषणा जारी है। बुधवार को पार्टी के 15 और जिलाध्यक्षों की घोषणा कर दी गई। इनमें राजधानी से सटे रायसेन जिले में राकेश शर्मा, मंदसौर में राजेश दीक्षित और नर्मदापुरम में भाजपा की कमान प्रीति शुक्ला को सौंपी गई है।

इस तरह तीन किस्तों में भाजपा अब तक कुल 47 जिलाध्यक्षों की घोषणा कर चुकी है। अब 15 जिलों के अध्यक्षों की घोषणा शेष रह गई है। बुधवार को जिन जिलों के भाजपा अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किए गए, उनमें मंडला, झाबुआ, आगर, नर्मदापुरम, उमरिया, बैतूल, रायसेन, सिवनी, बड़वानी, भिण्ड, मुरैना, अलीराजपुर, रीवा एवं सीधी शामिल हैं। घोषित जिलाध्यक्षों में रायसेन और नर्मदापुरम के अलावा सुधाकर पवार बैतूल, मीना बिसेन सिवनी, अजय यादव बड़वानी, वीरेंद्र गुप्ता रीवा, संतोष परवल अलीरापजुर, भानु भूरिया झाबुआ, कमलेश कुशवाहा मुरैना, प्रफुल्ल मिश्रा मंडला, देवेंद्र नरवरिया भिंड, आशुतोष अग्रवाल उमरिया, देवकुमार सिंह सीधी और ओम मालवीय आगर शामिल हैं।

## आज से बढ़ेगी सर्दी, बिलासपुर में रात में ठंड कंपकंपाने लगी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में आज शुक्रवार से फिर ठंड बढ़ेगी। मौसम विभाग के मुताबिक अगले 24 घंटे न्यूनतम तापमान में कोई विशेष बदलाव नहीं होगा, उसके बाद मौसम साफ होते ही रात के तापमान में गिरावट आएगी। बुधवार को सबसे ठंडा बलरामपुर रहा, जिसका न्यूनतम तापमान 5.6 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक प्रदेश में अगले कुछ दिनों तक मौसम शुष्क (ड्राई) रहेगा।

18 जनवरी से पश्चिमी क्षेत्र में एक पश्चिमी विक्षोभ (वेस्टर्न डिस्टर्बेंस) बन रहा है। इससे उत्तर भारत से शुष्क और ठंडी हवा प्रदेश में पहुंचेगी, जिससे ठंड बढ़ेगी। अधिकतम तापमान 27 डिग्री और न्यूनतम तापमान 17 डिग्री के आसपास रहने संभावना है। बुधवार को रायपुर में रात का पारा 16.5 डिग्री रहा जो औसत से 3 डिग्री अधिक था। वहीं दिन का तापमान 29 डिग्री रहा, जो नॉर्मल से 1.2 डिग्री अधिक था। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक समुद्र से आ रही नमी के कारण बादल छाए हुए हैं। इससे रात का तापमान बढ़ गया है। बुधवार को प्रदेश के सभी स्थानों पर बादलों के कारण दिन का तापमान भी सामान्य के आसपास रहा। बस्तर संभाग के जिलों में न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक था। वहीं मध्य और उत्तरी छत्तीसगढ़ में रात का पारा नॉर्मल से थोड़ा कम रहा। मौसम वैज्ञानियों के मुताबिक प्रदेश में मौसम स्थिर रहेगा। न्यूनतम तापमान में विशेष बदलाव की संभावना नहीं है। हालांकि एक-दो दिन बाद तापमान में हल्की गिरावट आने की संभावना है। इससे राज्य के ज्यादातर इलाकों में ठंड में मामूली बढ़ोतरी होगी। बिलासपुर में रात में ठंड कंपकंपाने लगी है। बुधवार को न्यूनतम तापमान 13.8 डिग्री सेल्सियस से लुढ़ककर पारा 13.3 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। दिन में मौसम शुष्क बना हुआ है। बुधवार को नया पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से वातावरण में इसका असर दिखा। जिसके चलते आसमान में दिनभर बादल छाए रहे। इस दौरान अधिकतम तापमान स्थिर रहा।

**25 साल से नक्सली संगठन में था सक्रिय**

# कोंडागांव में पांच लाख के इनामी नक्सली-कमांडर ने किया सरेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोंडागांव

कोंडागांव में 5 लाख के इनामी नक्सली कमांडर ने सरेंडर किया है। आत्मसमर्पित नक्सली कमलदास उत्तर बस्तर डिविजन की टेक्निकल टीम एरिया कमेटी में कमांडर के पद पर कार्यरत था।

नक्सलियों की खोखली विचारधारा से तंग आकर उसने आत्मसमर्पण कर दिया। कमलदास कोंडागांव, कांकेर, नारायणपुर, बस्तर, दंतेवाड़ा और बीजापुर के सीमावर्ती क्षेत्रों में कई मुठभेड़ों में शामिल रहा है। वह भरमार बंदूक, हैंड ग्रेनेड और देशी लांचर बनाने के साथ-साथ अन्य हथियारों की मरम्मत में मास्टरमाइंड था।

कमलदास का नक्सली संगठन में 25 साल का लंबा इतिहास रहा है। वह 1998 से 2001 तक जनमिलिशिया सदस्य रहा। इसके बाद 2005 से 2007 तक किसकोडो दलम में और 2008 से 2011 तक बुधयारमारी एलओएस कमांडर के रूप में काम किया। 2011 से 2016 तक पूर्वी बस्तर डिविजन के टेक्निकल डिपार्टमेंट में रहने के बाद 2016 से 2024 तक उत्तर बस्तर डिविजन में टेक्निकल टीम एरिया कमेटी कमांडर की जिम्मेदारी संभाली। बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी. के निर्देशन में यह अभियान चलाया जा रहा है। छत्तीसगढ़ नक्सलवाद उन्मूलन नीति के तहत उसे 25 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि दी गई है।



सुरक्षाबलों की लगातार कार्रवाई से माओवादियों में भय का माहौल है, जिसके कारण कई नक्सली संगठन छोड़कर समाज की मुख्यधारा से जुड़ रहे हैं।

### उप मुख्यमंत्री ने अधिकारियों की ली बैठक

## शुक्ल ने कहा- नर्सिंग कॉलेज में प्रवेश संबंधी विसंगतियां तत्काल होगी दूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नर्सिंग कॉलेजों के प्रवेश में आ रही विसंगति पर पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह के दखल के बाद उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने बुधवार को विभाग के अधिकारियों की बैठक बुलाई और प्रवेश में आ रही विसंगित को तत्काल समाप्त करने के निर्देश दिए।

बता दें कि मंगलवार को नर्सिंग कॉलेज में प्रवेश में विसंगति को लेकर नर्सिंग छात्र-छात्राएं दिग्विजय सिंह से मुलाकात कर उन्हें अपनी समस्या से अवगत कराया था। इस संबंध में दिग्विजय सिंह ने छात्रों की मौजूदगी में प्रवेश में आ रही परेशानी को लेकर संबंधित अधिकारियों से बात की थी। बुधवार को राजेंद्र शुक्ल ने अधिकारियों को प्रवेश में आ रही विसंगति को तत्काल दूर करने के निर्देश दिए। दरअसल 12वीं क्लास में हिंदी विषय नहीं होने की वजह से सैकड़ों छात्रों को प्रवेश परीक्षा पास करने के बाद भी प्रवेश नहीं दिया जा रहा था।



### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कैबिनेट की बैठक के पहले मंत्रियों को किया संबोधित

# फरवरी में होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर समिट से पहले लागू होंगी नीतियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि लोकमाता देवी अहिल्या बाई होलकर के 300वें जयंती वर्ष में प्रवेश पर उनको समर्पित कैबिनेट की अगली बैठक 24 जनवरी को महेश्वर में होगी। ग्वालियर मेला और विक्रमोत्सव उज्जैन में मोटरयान करों में छूट के आदेश जारी कर दिए गए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ज्ञान (गरीब-युवा-अन्नदाता और नारी शक्ति) पर ध्यान के ध्येय वाक्य के क्रियान्वयन के अंतर्गत प्रदेश में आरंभ स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति मिशन की बधाई देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि शीघ्र ही गरीब कल्याण मिशन का क्रियान्वयन भी प्रदेश में आरंभ होगा।

मुख्यमंत्री बुधवार को कैबिनेट की बैठक के पहले मंत्रियों को संबोधित कर रहे थे। इसी प्रकार नवकरणीय ऊर्जा के लिए एमपी पंप हाइड्रोस्टोरेज नीति 2025, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण के अंतर्गत मध्यप्रदेश जैव ईंधन संवर्धन नीति 2025 और एमपी शहरी गैस वितरण नीति 2024 को भी ग्लोबल इन्वेस्टर समिट से पहले तैयार कर लिया जाएगा।

**खास बातें**

- लोकमाता देवी अहिल्या को समर्पित अगली कैबिनेट 24 जनवरी को महेश्वर में होगी
- युवा शक्ति मिशन के बाद प्रदेश में क्रियान्वित होगा गरीब कल्याण मिशन

### सेमीकंडक्टर, ड्रोन प्रमोशन, फिल्म पर्यटन पर नीति से त्वरित रूप से होंगे निर्णय

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अंतर्गत एमपी ग्लोबल केपेबिलिटी सेंटर नीति-2025, एमपी एवीजीएस-एक्सआर नीति-2024, मध्यप्रदेश सेमीकंडक्टर नीति-2025 और एमपी ड्रोन प्रमोशन नीति-2025, विमानन विभाग के अंतर्गत मध्यप्रदेश विमानन नीति-2025, वन विभाग के तहत सीएसआर/सीईआर और गैर सरकारी नीतियों का उपयोग करते हुए मध्यप्रदेश वृक्षारोपण नीति-2025, नगरीय आवास एवं विकास तथा लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत लैण्ड पूल नीति-2025, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के तहत संवर्धित अस्पतालों के साथ मेडिकल कॉलेजों का पीपीपी मोड पर निर्माण एवं संचालन नीति-2025, पर्यटन विभाग के अंतर्गत मध्यप्रदेश पर्यटन निवेश नीति-2025 और मध्यप्रदेश फिल्म पर्यटन नीति-2025, जल संसाधन एवं नर्मदा घाटी विकास विभाग के अंतर्गत दबावयुक्त पाइप सिंचाई प्रणाली के पीपीपी मोड पर संचालन और रख-रखाव नीति-2025 को प्राथमिकता पर तैयार किया जा रहा है। इससे ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के समय निवेश प्रस्तावों पर त्वरित रूप से निर्णय लेने में मदद मिलेगी।



### शासकीय भवनों में सोलर रूफ टॉप संयंत्रों की स्थापना को मंजूरी

मप्र कैबिनेट ने पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत प्रदेश के शासकीय भवनों में सोलर रूफ टॉप संयंत्रों की स्थापना की मंजूरी दी है। सोलर रूफ टॉप संयंत्रों की स्थापना मिशन मोड में वर्ष 2025-26 तक की जाना है। जिला स्तर पर 20 किलोवॉट और उससे अधिक क्षमता वाले शासकीय भवनों को एग्रीगेट कर निविदा के माध्यम से रेस्को पद्धति या कैपेक्स मोड में मप्र ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड की ओर से योजना का क्रियान्वयन किया जाएगा। कैबिनेट की बैठक मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रालय में हुई। इसमें केन्द्र सरकार ने पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना प्रारम्भ की है। इस योजना के विभिन्न घटकों में घरेलू क्षेत्र में सोलर रूफ टॉप की स्थापना के साथ ही प्रदेश के शासकीय भवनों में सोलर रूफ टॉप संयंत्रों की स्थापना की जाना है। सभी शासकीय भवनों में सोलर रूफ टॉप संयंत्र की स्थापना एवं संचालन की मॉनिटरिंग पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत निर्मित की गई राज्य स्तरीय समन्वय समिति एवं जिला स्तरीय समिति की ओर से की जाएगी। सभी विभाग अपने भवनों पर और सभी जिला कलेक्टर जिले के शासकीय भवनों पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने के लिए एक्शन प्लान तैयार कर राज्य स्तरीय समन्वय समिति के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। इस योजना के सफल एवं दक्षतापूर्ण क्रियान्वयन से निश्चित ही प्रदेश सौर ऊर्जा के क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों में शामिल होगा।

### यह महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए

कैबिनेट ने मुख्यमंत्री मछुआ समृद्धि योजना को आगामी 2 वर्षों (वर्ष 2024-25 एवं वर्ष 2025-26) में निरंतर रखे जाने का निर्णय लिया है। योजना में ग्रामीण तालाबों में मत्स्य बीज उत्पादन, मत्स्य पालन, ग्रामीण तालाबों में झींगा पालन, मत्स्य पालकों को प्रशिक्षण, किसान क्रेडिट कार्ड (ब्याज अनुदान), स्मार्ट फिश पार्लर की स्थापना, एकीकृत सूचना प्रणाली का विकास, राज्य मछली महाशीर का संरक्षण आदि कार्यक्रमों के क्रियान्वयन के लिए राशि 100 करोड़ रूपये राज्यांश स्वीकृत किया गया है।

कैबिनेट ने मप्र के जिलों में पुलिस बैण्ड की स्थापना के लिए कुल 932 नवीन पदों के सृजन की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसमें 10 निरीक्षक बैण्ड, 38 उप निरीक्षक बैण्ड, 72 सहायक उप निरीक्षक बैण्ड, 170 प्रधान आरक्षक बैण्ड और 642 आरक्षक बैण्ड के पद शामिल है।

# स्पा सेंटर की आड़ में शहर में चल रहा देह व्यापार

## अनैतिक कारोबार पर लगाम लगाने पुलिस चलायेगी अभियान

जबलपुर।

विजय नगर थाना अंतर्गत बुधवार की रात एक स्पा सेंटर की आड़ में देह व्यापार का खुलासा होने के बाद पुलिस चौकन्ना हो गई है। अब जबलपुर जिलें में जितने भी स्पा सेंटर चल रहे है वहां पर व्यापक पैमाने पर पुलिस ने जांच अभियान छेड़ने की तैयारी शुरु कर दी है। यहां गौरतलब है कि विजयनगर स्थित एक स्पा सेंटर में पुलिस ने छापा मारकर 5 युवतियों और 5 युवकों को आपत्तिजनक स्थिति में गिरफ्तार किया। इसके बाद से ही यह बात सामने आने लगी की स्पा सेंटर की आड़ में देह व्यापार का कारोबार शहर में चल रहा हैं। लम्बे समय से जिले में स्पा सेंटर की आड़ में वैश्यावृत्ति कराने की शिकायत मिल रही है। ऐसी शिकायत अकेले विजय नगर नहीं शहर के अलग अलग हिस्सों की है। अब जिला पुलिस बड़े पैमाने अभियान चलाने की तैयारी कर रही है. जिसके अंतर्गत जिले में चलने वाले सभी स्पा सैलून की फेहरिस्त बनाई जाएगी और संदिग्ध सैलूनों की जांच की जाएगी। जिससे स्पा की आड़ में बढ़ते गोरखधंधे पर लगाम लगाई जा सके।



गौरतलब है कि बुधवार की शाम विजय नगर थाना अंतर्गत संचालित एक स्पा सेंटर में पुलिस टीम ने छापामार कार्रवाई करते हुए 5 लड़कियों व 5 पुरूषों को संदिग्ध हालात में पकड़ा है। जिसके बाद अनैतिक देह व्यापार का प्रकरण दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी गई है। वहीं सेंटर को फिलहाल सील कर दिया गया है। बुधवार को पकड़े गये सभी आरोपियों को गुरुवार को थाने में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। वहीं पुलिस स्पा से जुड़े अन्य लोगों की भी तलाश कर रही है।

### मास्टर माइंड की तलाश

बीते कुछ समय से विजय नगर और उससे लगे क्षेत्रों में वैश्यावृत्ति, देह व्यापार से जुड़ी कई घटनाएं सामने आई हैं. वहीं यहां बड़े पैमाने पर स्पा संचालित किये जा रहे हैं। जिनमें कई स्पा सैलून देह व्यापार संचालित कर रहे हैं। जहां कालेजों से लेकर दूसरे जिलों तक से युवतियां लाई जा रही हैं। जिनकी लालच और मजबूरी का फायदा उठाकर उन्हें देह व्यापार में धकेला जा रहा है. बुधवार को पकड़े गये आरोपियों के जरिये अब पुलिस इस गोरखधंधे के मास्टर माइंड तक पहुंचने का प्रयास कर रही है।



# डीआरएम ने बरगवा से कटनी साउथ रेलखंड का किया निरीक्षण

**जबलपुर।** जबलपुर रेल मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर चल रहे पुनर्विकास कार्यों की प्रगति का जायजा लेने के लिए मंडल रेल प्रबंधक कमल कुमार तलरेजा ने को गोंदवाली साईडिंग और बरगवा से कटनी साउथ रेलखंड के बीच विशेष ट्रेन से ट्रैक, पॉइंट एंड क्रॉसिंग, समपार फाटक, कर्व और स्टेशनों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने यात्री सुविधाओं के सुधार और पुनर्विकास कार्यों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही, रेल संरक्षा और सुरक्षा में किसी भी प्रकार की ढिलाई न बरतने का आदेश दिया। निरीक्षण के दौरान तलरेजा ने गोंदवाली साईडिंग और ब्यौहारी स्टेशन पर चल रहे पुनर्विकास कार्यों की प्रगति का भी अवलोकन किया। इस दौरान पार्किंग, बिल्डिंग और रनिंग रूम जैसी सुविधाओं की स्थिति पर भी चर्चा की गई। इसके बाद, विशेष ट्रेन से ब्यौहारी से कटनी साउथ तक का विंडो निरीक्षण किया गया। इस निरीक्षण के दौरान डीआरएम के साथ अपर मंडल रेल प्रबंधक आनंद कुमार, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ. मधुर वर्मा, वरिष्ठ मंडल अभियंता (सम.) जे. पी. सिंह, वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता रामबदन मिश्रा, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (टीआरओ) अक्षय कुमरावत, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (टीआरडी) संजय सिंह, वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त मुनव्वर खान, वरिष्ठ मंडल सिग्नल और दूरसंचार इंजीनियर आलोक तिवारी और मंडल इंजीनियर (पूर्व) आकाश तिवारी सहित अन्य

# सत्यापन कार्य में राजस्व और बाजार विभाग की लापरवाही उजागर

## राजस्व निरीक्षकों और लायसेंस निरीक्षकों को नोटिस जारी

**जबलपुर।** नगर निगम के राजस्व और बाजार विभाग की लापरवाही का मामला सामने आया है। किरायेदारी और दुकानों के सत्यापन कार्य के दौरान गढ़ा, त्रिपुरी, महाराणा प्रताप और सरदार वल्लभ भाई पटैल वार्डों में 6 दुकानों और एक किरायेदारी को सही तरीके से दर्ज नहीं किया गया। इस लापरवाही को लेकर निगमायुक्त प्रीति यादव ने कर संग्रहिताओं, राजस्व निरीक्षकों और लायसेंस निरीक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

उपायुक्त पी.एन. सनखेरे ने बताया कि नगर निगम के राजस्व में वृद्धि करने और शहरी क्षेत्रों के मकानों का सही माप कर गणना करने के लिए निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के नेतृत्व में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसके तहत निगमायुक्त द्वारा राजस्व विभाग के साथ समीक्षा की जा रही है और वार्डवार किरायेदारों की जानकारी एकत्रित की जा रही है, ताकि सभी आंकड़े सही तरीके से दर्ज हो सकें।

निरीक्षण में गढ़ा वार्ड के चंदन कॉलोनी में 10 संपत्तियों में से 4 दुकानों का रिकॉर्ड सही नहीं पाया गया, जबकि प्रथम तल और लाइसेंस भी दर्ज नहीं किए गए थे। महाराणा प्रताप वार्ड में नवनिवेश कॉलोनी में 3 दुकानों में से 2 का रिकॉर्ड गायब था, वहीं त्रिपुरी वार्ड में एक फ्लैट में किरायेदार का सत्यापन किया गया, लेकिन सरदार वल्लभ भाई पटेल वार्ड में एक टावर का रिकॉर्ड भी नहीं मिला।

इस लापरवाही के चलते कर संग्रहिता अमित पाठक और महेंद्र अहिरवार को निलंबन हेतु कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। साथ ही, राजस्व निरीक्षक सौरभ बिरहा को एक वेतन वृद्धि रोकने के लिए कारण बताओ नोटिस दिया गया है। दुकानों में लाइसेंस की अनुपस्थिति पर लायसेंस निरीक्षक संदीप पाण्डे और सहायक लायसेंस निरीक्षक अमित जोशी को भी कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। दोनों निरीक्षकों को निर्देश दिए गए हैं कि वे प्रतिदिन 25 दुकानों का निरीक्षण करके अपनी रिपोर्ट उपायुक्त राजस्व को भेजें।

## राजस्व महाअभियान में अभी तक 1.49 लाख प्रकरण निपटे

**जबलपुर।** राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण के लिए प्रदेशभर में चलाये जा रहे राजस्व महाअभियान 3.0 के अंतर्गत जबलपुर जिले में अभी तक 1 लाख 49 हजार 501 राजस्व प्रकरणों का निराकरण किया जा चुका है। कलेक्टर कार्यालय की भू-अभिलेख शाखा के अनुसार 15 नवम्बर से 26 जनवरी तक चलाये जा रहे राजस्व महाअभियान के तहत जिले में बंटवारा, अभिलेख दुरूस्ती, नामांतरण, सीमांकन और परम्परागत रास्तों के चिन्हांकन के शत-प्रतिशत प्रकरणों का निराकरण किया जा चुका है। निराकृत किये गये राजस्व प्रकरणों में नामांतरण के 4 हजार 699, बंटवारा के 199, अभिलेख दुरूस्ती के 244, सीमांकन के 1 हजार 076, परंपरागत रास्तों के चिन्हांकन के 4, नक्शा बटांकन के 22 हजार 300, आधार से आरओआर खसरे की लिंकिंग के 90 हजार 220, पीएम किसान ई-केवायसी के 3 हजार 578 एवं फार्मर रजिस्ट्री के 27 हजार 181 के प्रकरण शामिल हैं।

# मजदूर पर किया चाकू से हमला, वाहनों में की तोड़फोड़

## आमनपुर रोड में बदमाशों का आतंक

जबलपुर।

गढ़ा थाना अतंर्गत मदनमहल महेशपुर रिलायंस फ्रेस के पास मेन रोड पर बैठकर आग ताप रहे थे एक मजदूर से तीन बदमाशों ने शराब पीने के लिए रुपए की मांग की, रुपए नहीं मिलने पर तीनों ने मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया और दो पहिया गाड़ियों में तोड़फोड़ कर क्षतिग्रस्त कर दी। गढ़ा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार आर्य समाज मंदिर के पास गोरखपुर निवासी 21 वर्षीय मजदूर दुर्गेश राजभर देर रात लगभग 12.10 बजे अपने दोस्तों अंशुल रैकवार, मोनू ठाकुर, सोनू मसराम के घर के पास मदनहमल महेशपुर रिलायंस फ्रेस के पास मेन रोड पर बैठकर आग ताप रहे थे तभी वहां पर अनुज केवट, आदर्श केवट एवं सूजल आये और यहां क्या कर रहे हो कहते हुए पार्टी करने और शराब पीने के लिए 2 हजार रुपए की मांग करने लगे, उसने पैसे देने से मना किया तो अनुज केवट, आदर्श केवट, सूजल तीनों गाली गलौज करने लगे, हमलोगों ने गालियां देने से मना किया तो अनुज केवट और आदर्श केवट ने चाकू से दुर्गेश पर हमला कर दिया जिससे उसके हाथ की उंगलियों में और हाथ की कलाई में चोटें आ गयी। सूजल ने मारपीट व झूमाझपटी की जिससे उसकी गर्दन के पास छिल गया है तथा पीठ में भी चोट आ गई है। तीनों आरोपियों ने जान से मारने की धमकी देते हुए दो पहिया गाड़ियों में तोड़फोड़ कर क्षतिग्रस्त कर दिए। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 119(1), 118(1), 115(2), 324(4), 351(2), 3(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

# 17 को होगी अभियंता प्रशिक्षण कार्यशाला

## लोक निर्माण मंत्री की पहल पर प्रदेश भर में आयोजित होंगी

**जबलपुर।** लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह की पहल पर, प्रदेश के सभी संभागीय मुख्यालयों में 17 जनवरी को एक साथ लोक निर्माण विभाग की राज्य स्तरीय अभियंता प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यशाला सड़क, भवन और पुल निर्माण में गुणवत्ता नियंत्रण और परियोजना प्रबंधन के विषय पर केंद्रित होगी। मंत्री श्री सिंह ने बताया कि यह कार्यशाला विभाग में किए जा रहे सकारात्मक बदलावों, आधुनिक तकनीकों, बेहतर कार्य प्रणाली, और निविदा शर्तों में प्रस्तावित सुधारों के बारे में अभियंताओं को अवगत कराने का एक अहम अवसर है।कार्यशाला में शामिल होंगे लगभग 1200 अभियंताइस प्रशिक्षण कार्यशाला में अधीक्षक यंत्री से लेकर उपयंत्री स्तर तक के लगभग 1200 इंजीनियरों की भागीदारी सुनिश्चित की गई है। मंत्री श्री सिंह ने विभागीय अभियंताओं को नियमित प्रशिक्षण की आवश्यकता पर जोर दिया है, ताकि वे नवीनतम तकनीकों से अपडेट रहें और बेहतर कार्य गुणवत्ता सुनिश्चित कर सकें।

### मंत्री सिंह का उद्देश्य

मंत्री श्री सिंह ने कहा, "लोक निर्माण से लोक कल्याण के लक्ष्य को हासिल करने के लिए गुणवत्ता और नवाचार पर फोकस करना बेहद महत्वपूर्ण है। यह कार्यशाला अभियंताओं को नवीनतम निर्माण तकनीकों, बेहतर कार्य प्रणालियों और गुणवत्ता नियंत्रण उपायों से परिचित कराएगी, जिससे प्रदेश के निर्माण कार्यों में सुधार होगा और संसाधनों का बेहतर प्रबंधन सुनिश्चित किया जाएगा।

# नशे के 3 सौदागरों को 15 साल की जेल

## जिला कोर्ट ने 2-2 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया

**जबलपुर।** जिले में नशे का कारोबार करने वाले तीन आरोपियों को जिला अदालत ने 15-15 वर्ष के सश्रम कठिन कारावास के साथ 2-2 लाख रुपये के जुर्माने का भी आदेश सुनाया। एनडीपीएस एक्ट के विशेष न्यायाधीश शशि भूषण शर्मा द्वारा अपराध की प्रकृति, जप्तशुदा मादक पदार्थ की मात्रा तथा समस्त परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुये आरोपी राजू उर्फ राकेश विश्वकर्मा, नीरज परियानी एवं शाहनवाज खान को 15-15 (पंद्रह-पंद्रह) वर्ष के कठिन कारावास तथा दो-दो लाख रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। अर्थदण्ड की राशि संदाय न किये जाने पर प्रत्येक आरोपी को 3-3 वर्ष का अतिरिक्त कठिन कारावास की अवधि बढ़ाए जाने के भी आदेश दिए गए हैं।अभियोजन के अनुसार 28 जुलाई 2023 को कोतवाली थाना एवं क्राइम ब्रांच की टीम ने मुखबिर की सूचना पर बड़ी ओमती, मनी प्लाजा स्थित एम एन फार्मा के संचालक नीरज परियानी एवं नशीले इंजेक्शन बेचने वाले राजू विश्वकर्मा को लगभग 8 लाख रुपए कीमत के 7 हजार 4 सौ नशीले इंजेक्शन सहित धरदबोचा। दोनों आरोपियों के विरूद्ध थाना कोतवाली में धारा 328, 109 भादवि तथा धारा 18 सी, 27 बी औषधि एवं प्रसाधन अधिनियम एवं 5/13 म.प्र.ड्रग्स कंट्रोल एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश करते हुये 2 दिन की पुलिस रिमांड पर लिया गया।



रिमांड के दौरान पूछताछ में आरोपी नीरज परियानी ने बताया कि उसने आनंद कालोनी में एक और मकान किराये पर लिया जिसमें वह नशीले इंजेक्शन छिपाकर रखता था और उसने 10 हजार इंजेक्शन बेचने के लिए आरोपी राजू विश्वकर्मा को दिए। नीरज की निशानदेही पर आनंद कालोनी स्थित मकान से 26 कार्टूनों में 52 हजार नशीले इंजेक्शन तथा राजू विश्वकर्मा के लालमाटी स्थित घर में दबिश देते हुये 10 हजार नशीले इंजेक्शन इस प्रकार कुल 62 हजार नशीले इंजैक्शन जब्त किए गए जिनकी कीमत करीब 38 लाख रुपए बताई गई। जब्त इंजेक्शनों में बुप्रेनोरफिन हाईड्रोक्लोराईड इंजैक्शन एन.डी.पी.एस. एक्ट की कैटिगिरी में आने की वजह से प्रकरण में धारा 8/21, 22 एन.डी.पी.एस. एक्ट का ईजाफा किया गया। विवेचना के दौरान संबंधित दवा निर्माता कंपनियों से माल डिलीवर रसीद प्राप्त करने पर पता चला कि नशीले इंजेक्शन न्यू बालाजी फार्मा को डिलीवर किए गए थे। न्यू बालाजी फार्मा के संबंध में जानकारी प्राप्त करने पर पुलिस ने पाया कि न्यू बालाजी फार्मा का प्रोपराईटर (मालिक) पनागर निवासी शाहनवाज खान है। आरोपी पठानी मौहल्ला निवासी 35 वर्षीय शाहनवाज खान पिता हैदर खान को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर आरोपी ने स्वीकार किया कि न्यू बालाजी फार्मा नाम से उसने एवं महेश साहू ने मिलकर ड्रग स्टाकिस्ट का लाइसेंस लिया था और महेश साहू नशीले इंजेक्शन मंगाकर उसकी दुकान में रखता था एवं जबलपुर में अन्य जगहों पर रखकर पूरे जबलपुर शहर में बेचते थे। प्रकरण में आरोपी राजू विश्वकर्मा उर्फ राकेश पिता कंछेदीलाल विश्वकर्मा उम्र्र 20 वर्ष निवासी दुर्गा मंदिर के पास लाल माटी घमापुर, नीरज परियानी पिता फतनदास परियानी उम्र 48 वर्ष निवासी म.नं. 2337, नरसिंह नगर काली मंदिर के पास, रांझी तथा शाहनवाज खान पिता हैदर खान उम्र 35 वर्ष निवासी पठानी मोहल्ला पनागर को जेल निरूद्ध कराया गया। एसपी जबलपुर के आदेशानुसार प्रकरण की विवेचना तत्कालीन थाना प्रभारी कोतवाली अनिल गुप्ता के निर्देशन में तत्कालीन उप निरीक्षक अभिषेक प्यासी वर्तमान थाना प्रभारी चरगवां एवं चौकी प्रभारी उखरी उप निरीक्षक संजय गुर्जर द्वारा तथा प्रकरण की पैरवी एजीपी अरविंद जैन द्वारा की गयी।



## खबर संक्षेप



### मप्र जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष बने शहीर मुमताज़

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने बताया कि आज संगठन के वरिष्ठ नेता राकेश श्रीवास की अनुशंसा पर प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने शहीर मुमताज़ को जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन का वरिष्ठ उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। संगठन के सभी पदाधिकारियों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन, ज़ियाउर्रहीम, हेमंत ठाकरे, आदि ने उपस्थित होकर बधाई दी।

### मप्र अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा ने सौंपा 51 सूत्रीय ज्ञापन



**जबलपुर।** मध्यप्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के आव्हान पर 51 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम जिला कलेक्टर जबलपुर को गुरुवार 16.01.2025 शाम 05.00 बजे पुलिस कन्ट्रोल रूम घंटाघर में दिया गया। संयुक्त मोर्चा घटक दल जबलपुर जिले के मुकेश चतुर्वेदी, रत्नेश मिश्रा, एच.पी. उरमलिया. एस.के. प्रधान, रविकांत दहायत, मूलचन्द्र चौधरी, नगीन सोनकर एवं बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित थे।

### 19 को निकलेगी सनातन धर्म पद यात्रा

**जबलपुर।** संस्कारधानी के विभिन्न हिन्दूवादी संगठन, समितियां व संस्थाओं के संयुक्त तत्वावाधान में सनातन धर्म पद यात्रा निकाले जाने का निर्णय लिया गया। यह पदयात्रा सनातन एकता मंच एवं सभी सनातनी संगठन के बैनर तले 19 जनवरी दिन रविवार को दोपहर 12 से 3 बजे तक निकाली जाएगी। सनातन धर्म पद यात्रा के संबंध में विगत दिवस बल्देवबाग में बैठक आयोजित हुई, जिसमें सभी संगठनों, समितियों, संस्थाओं व विभिन्न समाज के पदाधिकारीगण मौजूद रहे। उन्होंने इस यात्रा में शामिल होने की सभी से अपील की है।

# कांग्रेस का असली चेहरा देश विरोधी

## विदेशों में देश का अपमान करते है राहुल : मोहोल



**जबलपुर।** केंद्रीय नागरिक उड्डयन एवं सहकारिता मंत्री मुरलीधर मोहोल ने यहां कहा कि कांग्रेस का असली चेहरा देश विरोधी ही है। राहुल गांधी जब जब विदेश में जाते है तब तब वे देश का अपमान करते है। यहां महाराष्ट्र शिक्षा मंडल के शताब्दी वर्ष समारोह में शामिल होने आए श्री मोहोल, लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह के निवास पर पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। पत्रकारों से चर्चा के दौरान उन्होंने कहा के राहुल बार-बार देश का अपमान करते है। जब जब राहुल गांधी विदेशों की यात्रा करते है वहां पर वे देश के खिलाफ ही बात करते है। उनके मन में क्या चल रहा है उन पर उन्होंने कहा कि यह तो वो ही बता सकते है। जबलपुर में हवाई सेवा विस्तार के सवाल पर उन्होंने कहा कि हवाई सेवाओं में सरकार का दखल समाप्त हो चुका है। एयर इंडिया के समाप्त होने के बाद सरकार का दखल बिल्कुल खत्म हो गया है। इस अवसर पर लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि हवाई सेवाओं को लेकर नागरिक उड्डयन राज्यमंत्री से विस्तृत चर्चा हुई है और उन्हें जबलपुर के डुमना एयरपोर्ट के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई है साथ ही उन्हें यह भी बताया गया है कि पहले यहां पर बड़ी संख्या में फ्लाईटें उपलब्ध थी। वर्तमान में किन किन रुट पर हवाई सेवाओं की आवश्यकता है और किस रुट पर अधिक फ्लायर्स मिल सकते है यह भी उन्हें बताया गया है। मंत्री जी ने आश्वस्त किया है कि वे जबलपुर से उड़ानें प्रारंभ करने के लिए निजी विमानन कंपनियों को प्रोत्साहित करेंगे। जबलपुर प्रवास के दौरान केंद्रीय नागरिक उड्डयन एवं सहकारिता राज्य मंत्री मुरली मोहोल अपने जबलपुर प्रवास के दौरान लोक निमार्ण मंत्री राकेश सिंह के सिविल लाईन स्थित निवास स्थान पहुंचे जहां उनका आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर भाजपा नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, ग्रामीण भाजपा जिला अध्यक्ष राजकुमार पटेल सहित अन्य नेता व कार्यकता मौजूद रहे।

# महाराष्ट्र शिक्षण मंडळ के शताब्दी वर्ष का शुभारंभ




**जबलपुर।** विख्यात शिक्षण संस्था महाराष्ट्र शिक्षण मंडल के शताब्दी समारोह का उद्घाटन मुरलीधर मोहोळ, केन्द्रीय राज्यमंत्री, नागरिक उड्डयन एवं सहकारिता मंत्रालय भारत सरकार की उपस्थिति एवं राकेश सिंह कैबिनेट मंत्री लोक निर्माण विभाग, मप्र शासन की अध्यक्षता में एमएलबी विद्यालय के मैदान में एक भव्य समारोह के रूप में संपन्न हुआ। मुरलीधर मोहोळ का स्वागत मंडल के अध्यक्ष डॉ. जयंती तनखीवाले एवं महाराष्ट्र विद्यालय के पूर्व छात्र एवं मंडल के पूर्व सचिव अनिल राजुरकर ने किया। राकेश सिंह का स्वागत संस्था के सचिव प्रमोद पाठक ने किया। आयोजन में केन्द्रीय मंत्री मुरलीधर मोहोळ ने कहा कि एक हिन्दी भाषी क्षेत्र में मराठी समाज द्वारा एक शैक्षणिक संस्था 100 वर्षों तक सफलतापूर्व संचालित करना बड़े गौरव की बात है। जबलपुर जिसे संस्कारधानी के नाम से भी जाना जाता है, उसके शैक्षणिक, सामाजिक उन्नयन में मराठी संस्कृति का भी बहुमूल्य योगदान है। प्रारंभ में मंडल एक विद्यालय का संचालन करता था, जबकि अब तीन विद्यालय एवं एक महाविद्यालय मंडल द्वारा संचालित हो रहे हैं, इसकी उन्होंने प्रशंसा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने विद्यालय से निकले पूर्व छात्रों के बारे में बताते हुए 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन में कमानिया गेट में झंडा फहराने की घटना का जिक्र करते हुए शाला के दसवीं कक्षा के छात्र हुतात्मा गुलाब सिंह के बलिदान का उल्लेख कर उनकी प्रखर देशभक्ति को नमन कर शिक्षण मंडल की उपलब्धियों की सराहना की एवं मंडल को शुभकामनाएं प्रेषित की। कार्यक्रम में संस्था के पूर्व शिक्षकों का सम्मान किया गया, जिनके अथक परिश्रम से संस्था आज इस ऊंचाई पर पहुंची है। प्रारंभ में स्वागत भाषण में शताब्दी आयोजन समिति के कार्याध्यक्ष प्रशांत पोळ ने शिक्षण मंडल का इतिहास बताते हुए मंडल की वर्तमान स्थिति एवं शताब्दी वर्ष में आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी। कार्यक्रम में भाजपा अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज, नगर निगम पार्षद अमरीश मिश्रा, भाजपा ग्रामीण अध्यक्ष राजकुमार पटेल, पार्षद प्रतिभा भापकर एवं पूर्व न्यायाधीश प्रकाश नावलेकर उपस्थित थे। आभार प्रदर्शन मंडल अध्यक्ष डॉ. जयंत तनखीवाले ने किया।

# सूर्य का मकर राशि में प्रवेश ही मकर संक्रांतिः ब्रह्मचारी श्री चैतन्यानन्दजी



**जबलपुर।** श्री नर्मदेश्वर महादेव मंदिर शंकराचार्य आश्रम, रमनगरा तिलवारा जबलपुर में मकर संक्रांति महापर्व के विशेष अवसर पर परम पूज्य ब्रह्मचारी श्री चैतन्यानंद जी महाराज श्री ने मकर संक्रांति महापर्व स्नान किया। तत्पश्चात भगवान महामृत्युंजय श्री नर्मदेश्वर महादेव का महारूद्राभिषेक किया।भगवान सूर्य का 51,00 गुलाबों के पुष्पों से सहस्त्रार्चन पूज्य महाराज श्री के सानिध्य में एवं वैदिक ब्राह्मणों द्वारा किया गया। इस अवसर पर भक्तों को मकर संक्रांति महापर्व के विषय मे जानकारी देते हुए पूज्य महाराज श्री ने बताया कि ऐसी मान्यता है कि इस दिन भगवान भास्कर अपने पुत्र शनि से मिलने स्वयं उसके घर जाते हैं। चूँकि शनिदेव मकर राशि के स्वामी हैं, अतः इस दिन को मकर संक्रान्ति के नाम से जाना जाता है।। मकर संक्रान्ति के दिन ही गंगाजी भगीरथ के पीछे-पीछे चलकर कपिल मुनि के आश्रम से होती हुई सागर में जाकर मिली थीं।मकर संक्रान्ति के अवसर पर गंगास्नान एवं गंगातट पर दान को अत्यन्त शुभ माना गया है। इस पर्व पर तीर्थराज प्रयाग एवं गंगासागर में स्नान को महास्नान की संज्ञा दी गयी है। सामान्यतः सूर्य सभी राशियों को प्रभावित करते हैं, किन्तु कर्क व मकर राशियों में सूर्य का प्रवेश धार्मिक दृष्टि से अत्यन्त फलदायक है। यह प्रवेश अथवा संक्रमण क्रिया छः-छः माह के अन्तराल पर होती है। पूजन में उपस्थित ब्रह्मचारी शाश्वतानन्द जी, गौरीशंकर तिवारी, अजय दुबे, सुधांशु गुप्ता,मनीष पाण्डेय, शशिकांत तिवारी, वसुंधरा पाण्डेय,ऋचा मिश्रा , हेमंत मिश्रा, मनोज सेन आदि उपस्थित रहे।

### विद्युत चैलेन्जर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ

**जबलपुर।** पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के जबलपुर स्थित विभिन्न संभागों के बीच खेली जा रही विद्युत चैलेन्जर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि कंपनी के मुख्य अभियंता के.एल. वर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर संजय भागवतकर मुख्य महाप्रबंधक (कार्य) तथा संजय अरोरा अधीक्षण अभियंता (शहर) एवं नीरज कुचिया अधीक्षक अभियंता (ग्रामीण) सहित बड़ी संख्या में कंपनी के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए अतिथियों ने दीप प्रज्जवलन किया तथा सभी खिलाड़ियों को विद्युत चैलेन्जर लीग के दौरान बेहतर प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं दी।

# ऐनुअल स्पोर्ट्स डे में बच्चों ने अपना-अपना कैलिबर दिखाया



**जबलपुर।** कोई स्पंज से बॉटल भर रहा था, तो कोई पोटेटो कलेक्ट कर रहा था, किसी ने किया मैथ्स सॉल्व, तो किसी ने पहचाने रंग, इसी प्रकार की रोचक और आनंददायक, अतरंगी और मनमोहक रेस का आयोजन यश नर्सरी हायर सेकेंडरी स्कूल अधारताल के स्पोर्ट्स स्पेक्ट्रा कार्यक्रम में किया गया।

कार्यक्रम में छात्रों को शारीरिक रूप से स्वस्थ रखने और खेल के प्रति जागरूक करने हेतु स्पोर्ट्स स्पेक्ट्रा (वार्षिक खेल दिवस) का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न प्रकार की मनमोहक रेस रखी गई जैसे फ्रूट रेस, बनी रेस, मेकअप रेस, बस्टिंग द बलून, मैथ्स सॉल्विंग, बलून बैलेंस, चेयर ऑप्टिकल, सिंगल लेग, बैलेंसिंग द बुक, कलेक्ट पोटेटो, स्किपिंग रेस, जैसी विभिन्न रेस रखी गई एवं आकर्षक एरोबिक्स, पीटी का प्रदर्शन भी छात्रों द्वारा किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय पार्षद विमल राय, अब्दुल हामिद वार्ड, शरद श्रीवास्तव (बाबा) दीवान आधार सिंह वार्ड, डॉ. विजयकांत तिवारी जिला मुख्य आयुक्त स्काउट जबलपुर, देवेंद्र जायसवाल समाजसेवी, रिटायर पुलिस अधिकारी रविशंकर तिवारी अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के शुभारंभ में स्कूल फ्लैग फहराकर अतिथियों द्वारा बलून और कबूतर उड़ाकर कार्यकम की शुरुआत की गई। सम्पूर्ण कार्यक्रम विद्यालय प्राचार्य सोनल तिवारी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

# 15000 बच्चों को पिलाई स्वर्ण प्राशन दवाई



**मझौली।** आचार्य श्री विद्या सागर जी महाराज के प्रथम समाधि दिवस पर जैन समाज द्वारा 15000 बच्चों को पिलाई गई स्वर्ण प्राशन दवाई। यह कार्यक्रम शासकीय कन्या शाला स्कूल मझौली से कार्यक्रम की शुरुआत की गई और मझौली विकासखंड के विभिन्न शासकीय अशासकीय स्कूलों में दवाई पिलाई गई। मुख्य अतिथि आयु से आए हुए डॉक्टर और मझौली के ज प्रतिनिधि निधि शामिल हुए इस कार्यक्रम को सफल बनाने में गुड्डू जैन मंजिल जैन मोनू जैन राहुल जैन श्रीकांत जैन समाज के सभी वरिष्ठ लोक कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

# ग्रामीण भारत महोत्सव में भेड़ाघाट स्टोन क्राफ्ट कंपनी उत्कृष्ट स्टॉल के लिए सम्मानित



**जबलपुर।** शहपुरा ब्लाक के खुलरी ग्राम में नाबार्ड के वित्तीय सहयोग लोक कल्याण भूमिका समिति के माध्यम से संचालित जीआई टैग- भेड़ाघाट स्टोन क्राफ्ट प्रोड्यूसर कंपनी को दिल्ली में राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) के माध्यम से ग्रामीण भारत महोत्सव कार्यक्रम में उत्कृष्ट स्टॉल के लिए सम्मानित किया गया। यह सम्मान भारत सरकार के **DFS** के मुख्य सचिव और अध्यक्ष द्वारा कंपनी के डायरेक्टर मुकेश तिवारी को दिया गया। इस ग्रामीण भारत महोत्सव का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किया गया। इस ग्रामीण भारत महोत्सव में देश भर के जीआई टैग उत्पादों का प्रदर्शन एवं विक्रय हेतु किया गया था, जबलपुर का स्टोन क्राफ्ट जो जीआई टैग है, इस ग्रामीण भारत महोत्सव में उत्कृष्ट स्टॉल के लिए चुना गया, जिसमें मार्बल स्टोन क्राफ्ट के सभी प्रकार के उत्पादों का प्रदर्शन किया गया था, यह स्टोन क्राफ्ट कंपनी शहपुरा ब्लाक के खुलरी में संचालित है, लोक कल्याण भूमिका समिति की अध्यक्ष सुश्री रेखा कुशवाहा द्वारा बताया गया कि यह कंपनी संस्था के माध्यम से विगत 3 वर्ष पूर्व नाबार्ड के सहयोग से बनाई गई थी, जिसमें 200 हस्त शिल्प खुलरी एवं आसपास के ग्रामों के कार्य कर रहे हैं।



# ब्राह्मणों का सम्मान कर टारगेट टीम ने मनाई वर्षगांठ

**मझौली।** नशा मुक्ति और युवा जागृति एवं अयोध्या में बनने वाले प्रभु श्री राम जी के मंदिर को लेकर आयोजित श्री राम यात्रा के 108 कार्यक्रम संपन्न होने के बाद श्री राम संदेश यात्रा के माध्यम से जन जागरण का काम करने वाली नगर मझौली की समाजसेवी संस्था टारगेट युवा शक्ति वेलफेयर सोसाइटी मझौली के द्वारा श्री राम संदेश यात्रा के सातवें कार्यक्रम में क्षेत्र के प्रसिद्ध ब्राह्मणों का सम्मान कर नशा मुक्ति का संदेश जन्म-जन तक पहुंचाने का आग्रह किया कार्यक्रम का आयोजन टारगेट टीम के अध्यक्ष आशीष तिवारी के घर में पूजन अर्चन के साथ मनाया गया और प्रसाद के रूप में सभी को महा संक्रांति पर्व पर खिचड़ी वितरित की गई इस कार्यक्रम में ब्राह्मण केशव प्रसाद शास्त्री अरुण तिवारी गगन परोहा आशुतोष पौराणिक ऋषि प्यासी प्रभु दत्त दुबे दीपक तिवारी रविशंकर मिश्रा गुड्डू पंडित नीलेश पंडित आयुष पाठक श्रीकांत तिवारी गोलू उपाध्यक्ष ब्रजेश दुबे अंकित मिश्रा महेश शुक्ला विनोद तिवारी अनुराग दुबे का सम्मान किया।

### अखिल भारतीय अंतर्राज्यीय लेदर बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता

# दिल्ली की दबंग जीत



**मझौली।** अखिल भारतीय अंतर्राज्यीय लेदर बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता 2025 के सातवें लीग मुकाबले में दिल्ली ने चंडीगढ़ को 7 विकेट से हराकर चौथे क्वार्टर फाइनल मुकाबले में जगह बनाई। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए चंडीगढ़ की पूरी टीम 18.2 ओवर में 137 रनों के योग पर ऑल आउट हो गई। चंडीगढ़ की ओर से रिजवान अली ने 37 गेंद पर 67 रन 4 चौकों और पांच छक्कों की मदद से बनाए। इसके अलावा कोई भी बल्लेबाज क्रीज पर टिकने का नाम ही नहीं ले रहा था। वही दिल्ली की ओर से तेज गेंदबाज देव कश्यप ने 3 सुबोध भाटी सुमित भाटी और हर्ष ने 2-2 विकेट हासिल किए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली की टीम ने अभिनव की शानदार नाबाद 96 रन 35 गेंदों पर 11 चौकों और आठ छक्कों की मदद से इस लक्ष्य को आसानी के साथ 140 रन 3 विकेट खोकर 11.2 ओवर में प्राप्त कर लिया।

# बच्चों के लिए अमृत तुल्य सुवर्ण प्रासन दवा : संतोष बरकडे

### सीएम राइज विद्यालय में आयोजन



**सिहोरा।** राष्ट्र हित चिंतक जगत पूज्य आचार्य प्रवर संत शिरोमणि 108 श्री विद्यासागर महामुनिराज के प्रथम समाधि दिवस पर पूर्णायु आयुर्वेद चिकित्सालय एवं अनुसंधान विद्यापीठ के तत्वाधान में 108 श्री समय सागर महाराज की प्रेरणा से पुष्य नक्षत्र के अवसर पर स्वर्ण प्राशन दवा अनेक स्कुलो में पिलाईं गई। विधायक बरकडे ने कहा यह दवा बच्चों के लिए अमृत तुल्य है।नगर के सीएम राइज पंडित विष्णु दत्त उच्चतर विद्यालय में विधायक संतोष बरकडे,नगर पालिका अध्यक्ष संध्या दिलीप दुबे,प्राचार्य अशोक उपाध्याय की उपस्थिति में किया गया। जिसमें अतिथियों ने छात्राओं को दो बूंद दवा पिलाकर मिसरी खिलाई। इस अवसर पर गौरव जैन,सौरभ जैन,अरुण जैन,संजय जैन,सन्मति जैन,सुधीर जैन,डाक्टर आर के जैन,बिनोद खत्री,मंडल अध्यक्ष सतीश पटेल,राजेश दाहिया,अंकित तिवारी आदि उपस्थित थे।

**CHANGE OF NAME**

I, **REKHA YADAV** (existing name of spouse as per NOK) is legally wedded spouse of No **JC 388252L** Rank **NB SUB** Name **SUNIL KUMAR** presently, residing at **VILL- JHUNDSARAI, PO- PATLI STATION, TEH- FARRUKHNAGAR, DIST- GURUGRAM, (HARYANA)-122506** I, have changed of my name from **REKHA YADAV** (name as per my Husband army service records) to **REKHA DEVI** (name as per my **AADHAR CARD, PAN CARD AND OTHER DOCUMENTS** vide Affidavit dated (Date of the Affidavit **16/01/2025**) before RAMDAS SHARMA Public notary JABALPUR MP HIGH COURT, (MP)
**CORRECT NAME-REKHA DEVI**
**INCORRECT NAME-REKHA YADAV**

**CHANGE OF NAME**

I, **MANDAKINE SINGH** (existing name of spouse as per NOK) is legally wedded spouse of No **JC 390730H** Rank **SUB** Name **ANIL KUMAR SINGH** presently, residing at **VILL- AMILIHA KHERA, PO- MAWAI, TEH- PURWA, DIST- UNNAO, (UP)-209821** I have changed of my name from **MANDAKINE SINGH** (name as per my Husband army service records) to **MANDAKINI SINGH** (name as per my **AADHAR CARD, PAN CARD AND OTHER DOCUMENTS** vide Affidavit dated (Date of the Affidavit **16/01/2025**) before RAMDAS SHARMA Public notary JABALPUR MP HIGH COURT, (MP)
**CORRECT NAME**
**MANDAKINI SINGH**
**INCORRECT NAME**
**MANDAKINE SINGH**

**श्री नितेश सेठी-** वैशाली परिसर नर्मदा नगर निवासी श्री लखबीर सेठी के पुत्र श्री नितेश सेठी (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रूप लाल चौधरी-** राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री रूप लाल चौधरी (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती चंदा दत्ता-** गोरखपुर बस डिपो के पास निवासी श्री पीबी दत्ता की धर्मपत्नी श्रीमती चंदा दत्ता (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राहुल पटेल-** चांदमारी तलैया लालमाटी निवासी श्री मोती लाल पटेल के पुत्र श्री राहुल पटेल (20) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री रामचंद्र खेर-** झिरिया सदर निवासी श्री रामचंद्र खेर (88) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती हेमा चौधरी-** लाल कुआं पोलीपाथर निवासी श्री चंदन चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती हेमा चौधरी (33) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती रतन बाई पाण्डेय-** दीवान बाड़ा मानेगांव रांझी निवासी श्री कौशल प्रसाद पाण्डेय की धर्मपत्नी श्रीमती रतन बाई पाण्डेय (95) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राम प्रसाद-** बजरंग नगर रांझी व्हीकल रोड निवासी श्री राम प्रसाद (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।




**श्री भुरमी-** शास्त्री ब्रिज नरसिंह मंदिर टपरिया बस्ती निवासी श्री भुरमी (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती राखी-** गाडरवारा निवासी श्री अरविंद नरवाने की धर्मपत्नी श्रीमती राखी (30) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती देवीप्रभा नायर-** महानद्दा रोड मदमनहल निवासी श्री एस. प्रभाकरण नायर की धर्मपत्नी श्रीमती देवीप्रभा नायर (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती खिलौना बाई शर्मा-** बधैया मोहल्ला मिलौनीगंज दमोहनाका निवासी श्री जमना प्रसाद शर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती खिलौना बाई शर्मा (96) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री रामबली श्रीवास-** कांचघर पोस्ट आफिस के पास निवासी श्री रामबली श्रीवास का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सुनील मीरचंदानी-** साउथ सिविल लाइन स्थित साईं मंदिर के निकट निवासी श्री सुनील मीरचंदानी (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 10x8 से.मी. रंगीन 1000/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175

**आम सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार द्वारा श्री मुखविन्दर सिंह पिता सरदार धरम सिंह, निवासी-745, मदन महल, गुप्तेश्वर वार्ड, जबलपुर के स्वामित्व एवं कब्जे का मकान मौजा महेशपुर, नं. बं. 662, ह. नं. 32, तहसील व जिला जबलपुर में स्थित मकान नं. 967, डायवर्टेड़ खसरा नं. 152 / 32 / 1 का हिस्सा जिसका कुल एरिया 40'101 त्र 4040 वर्गफुट है जिसमें 1000 वर्गफुट पर पक्का आर. बी. सी. ओपन फाउन्डेशन का मकान बना है। जिसकी चौहद्दी उत्तर में जोगिन्दर सिंह की संपत्ति, दक्षिण में काका सिंह की संपत्ति, पूर्व में साईड रोड, पश्चिम में रविकांत की संपत्ति है, को क्रय हेतु विक्रय अनुबंध किया जाना है। अतः उक्त संपत्ति के संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, वित्तीय संस्थान आदि को कोई आपत्ति हो तो उस संबंध में लिखित आपत्ति दस्तावेजों सहित प्रकाशन तारीख से सात दिन के भीतर मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा सात दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात मेरा पक्षकार उक्त संपत्ति का विक्रय अनुबंध अपने पक्ष में निष्पादित करा लेगा तत्पश्चात कोई भी आपत्ति या दावा किसी भी रूप में मान्य नही होगा।

जबलपुर, दिनांक :-16.01.2025

भवदीय
पुष्पेंदर सिंह एडवोकेट
आफिस- 2/II-F निकिता काम्प्लेक्स, नागरथ चौक, नेपियर टाउन जबलपुर (म.प्र.)
मों नं. 9425158240

**नाम सुधार सूचना**

मैं नमनदीप सिंग पिता हरजीत सिंग, जाति सिक्ख-पंजाबी, उम्र लगभग 27 वर्ष, निवासी-404/3, चंदिका आंचल अपार्टमेंट, शहीद गुलाब सिंह वार्ड, कृपाल चौक, जबलपुर म.प्र. कथन करता हूं कि मेरे जन्म प्रमाण पत्र में मेरा नाम नमनदीप सिंग अहलूवालिया पिता हरजीत सिंग माता रजनी दर्ज है। शैक्षणिक दस्तावेज एवं अंकसूची में मेरा नाम नमनदीप आहलूवालिया, पिता हरजीत सिंग एवं माता का नाम ममता सिंग, रजनी, रजनी आहलूवालिया दर्ज है तथा मेरे चुनाव परिचय पत्र में आधार कार्ड एवं पेन कार्ड, रेलवे विभाग द्वारा जारी पी.सी.एच. कार्ड मे मेरा नाम नमनदीप सिंग पिता हरजीत सिंग दर्ज है। उपरोक्त सभी नाम एक ही व्यक्ति अर्थात मेरे है उपरोक्त सभी नामों का धारक मैं ही हूँ।

मेरे पिता का रेलवे के सर्विस रिकार्ड में नाम हरजीत सिंग दर्ज है एवं अन्य दस्तावेजो में मेरे पिता का नाम हरजीत सिंह दर्ज है तथा मेरी अंकसूची में मेरे पिता का हरजीत सिंग (HARJEET SINGH) दर्ज है। उपरोक्त दोनो ही नाम मेरे पिता हरजीत सिंग (HARJEET SINGH) के ही है जो कि एक ही व्यक्ति है।

मेरी माता का नाम ममता सिंग, रजनी, रजनी आहलूवालिया दर्ज है जो कि एक ही व्यक्ति अर्थात मेरी माता ममता के ही नाम है।

अतः मेरे पिता के रेलवे सर्विस रिकार्ड में एवं मेरे शैक्षणिक दस्तावेजो में मेरी माता का नाम ममता पति हरजीत सिंग दर्ज किया जावें तथा भविष्य में मेरी माता को ममता पति हरजीत सिंग के नाम से पढ़ा, लिखा, माना, समझा एवं पहचाना जावें तथा मेरे पिता का नाम हरजीत सिंग पढ़ा, लिखा, माना, समझा व पहचाना जावें।

पुराने नाम-नमनदीप, नमनदीप सिंग, नमनदीप सिंग आहलूवालिया
सही नाम-नमनदीप सिंग पिता हरजीत सिंग (HARJEET SINGH) माता-ममता
जबलपुर, दिनांक-15/01/2025

**नाम सुधार सूचना**

मैं ममता पति हरजीत सिंग, जाति सिक्ख-पंजाबी, उम्र लगभग 54 वर्ष, निवासी-404/3, चंदिका आंचल अपार्टमेंट, शहीद गुलाब सिंह वार्ड, कृपाल चौक, जबलपुर म.प्र., कथन करती हूं कि, मेरे शैक्षणिक दस्तावेज एवं अंकसूची में मेरा नाम ममता कुमारी, ममता कांडा दर्ज है तथा मेरे अन्य दस्तावेज यथा आधार कार्ड, पेन कार्ड, मेरे पति का मृत्यु प्रमाण पत्र तथा रेलवे विभागो के दस्तावेजो यथा चिकित्सा कार्ड, पी.सी.एच. कार्ड, तथा समग्र पोर्टल में मेरा नाम ममता पति हरजीत सिंग (HARJEET SINGH) दर्ज है, मेरे रेलवे विभाग के पारिवारिक विवरण में मेरा नाम ममता (रजनी) दर्ज है। मेरे विवाह के उपरांत मेरा घरेलू नाम रजनी है एवं मेरा नाम रजनी एवं ममता आहलूवालिया प्रचलित नाम है। मेरे पुत्र की अंकसूची में मेरा नाम ममता सिंग (MAMTA SINGH) दर्ज है। उपरोक्त सभी नाम एक ही व्यक्ति अर्थात मेरे है उपरोक्त सभी नामों की धारक मैं ही हूँ।

मेरे पति का रेलवे सर्विस रिकार्ड में मेरे पति का नाम हरजीत सिंग (HARJEET SINGH) दर्ज है एवं अन्य दस्तावेजो में मेरे पति का नाम हरजीत सिंह दर्ज है तथा मेरे पुत्र के अंकसूची में मेरे पति का नाम हरजीत सिंग (HARJEET SINGH) दर्ज है। उपरोक्त दोनो ही नाम मेरे पति हरजीत सिंग (HARJEET SINGH) के ही है जो कि एक ही व्यक्ति है।

अतः मेरे पति के रेलवे रिकार्ड में एवं मेरे पुत्र के शैक्षणिक दस्तावेजो में मेरा नाम ममता (MAMTA) पति हरजीत सिंग (HARJEET SINGH) दर्ज किया जावें तथा भविष्य में मुझे ममता पति हरजीत सिंग (HARJEET SINGH) के नाम से पढ़ा लिखा, माना, समझा एवं पहचाना जावें तथा मेरे पति का नाम हरजीत सिंग पढ़ा, लिखा, माना, समझा व पहचाना जावें।

पुराने नाम-ममता कुमारी, ममता कांडा, ममता आहलूवालिया, रजनी आहलूवालिया ममता
सही नाम-ममता पति हरजीत सिंग (HARJEET SINGH)
जबलपुर, दिनांक-15/01/2025

## खबर संक्षेप

### रिलांयस का शुद्ध लाभ 7.4 फीसदी बढ़ा



**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज लि. (आरआईएल) का दिसंबर में समाप्त चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 7.4 प्रतिशत बढ़कर 18,540 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी के खुदरा कारोबार में तेजी आने तथा दूरसंचार क्षेत्र में कमाई बढ़ने से लाभ बढ़ा है।

### भारत डायनेमिक्स को मिला मिसाइल आपूर्ति का ठेका




**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने भारतीय नौसेना के लिए 2,960 करोड़ रुपये की लागत से मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलों (एमआरएसएएम) की खरीद के लिए सरकारी कंपनी भारत डायनेमिक्स लिमिटेड के साथ समझौता किया है। रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की उपस्थिति में समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।

### चीनी उत्पादन में 130 लाख टन की गिरावट



**नई दिल्ली।** चीनी सहकारी संस्था एनएफसीएसएफएल ने कहा कि चालू विपणन सत्र 2024-25 में 15 जनवरी तक भारत का चीनी उत्पादन 13.62 प्रतिशत घटकर 130.55 लाख टन रह गया है। पिछले साल चीनी का उत्पादन 151.20 लाख टन रहा था। चीनी विपणन सत्र अक्टूबर से सितंबर तक चलता है।

### सिएट का शुद्ध लाभ दिसंबर तिमाही में 46.48% घटा




**नई दिल्ली।** टायर बनाने वाली कंपनी सिएट लिमिटेड का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 46.48 प्रतिशत घटकर 97.03 करोड़ रुपये रह गया है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसका मुनाफा कच्चे माल की ऊंची लागत के कारण प्रभावित हुआ। कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ 181.28 करोड़ रुपये रहा था।

### त्वरित वाणिज्य बाजार में उतरी स्पेंसर्स रिटेल




**कोलकाता।** स्पेंसर्स रिटेल ने बृहस्पतिवार को पश्चिम बंगाल से परिचालन शुरू करते हुए त्वरित-वाणिज्य (क्विक कॉमर्स) क्षेत्र में उतरने की घोषणा की। खुदरा श्रृंखला का लक्ष्य तेज डिलिवरी की मांग को पूरा करने के लिए अपने मौजूदा स्टोर का उपयोग करके 20-30 मिनट के भीतर सामान पहुंचाने का है।

### स्कोडा के 'काइलैक' को सुरक्षा रेटिंग में मिले '5-स्टार'




**मुंबई।** स्कोडा ऑटो इंडिया का पहला कॉम्पैक्ट एसयूवी मॉडल 'काइलैक' वाहन सुरक्षा मानक 'भारत एनसीएपी' से 5-स्टार रेटिंग हासिल करने में सफल रहा है। बयान के मुताबिक, नई कारों की सुरक्षा के आकलन के लिए भारत के आधिकारिक कार्यक्रम 'भारत एनसीएपी' का हिस्सा बनने वाला काइलैक 5-स्टार रेटिंग पाने वाला स्कोडा का तीसरा मॉडल है। कुशाक और स्लाविया को भी वयस्क और बच्चे दोनों श्रेणियों में 'ग्लोबल एनसीएपी' के दुर्घटना परीक्षण में 5-स्टार सुरक्षा रेटिंग मिल चुकी है।

# भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो का आज शुभारंभ, किआ की कार में मिलेगी मसाज सीट

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को वाहनों की वैश्विक प्रदर्शनी के दूसरे संस्करण का उद्घाटन करेंगे। प्रदर्शनी में इलेक्ट्रिक वाहनों पर जोर के साथ नई गाड़ियों, कलपुर्जों और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में 100 से अधिक नई पेशकश किए जाने की उम्मीद है। वाहनों की यह प्रदर्शनी 17 से 22 जनवरी तक चलेगी। इसमें एक ही छत के नीचे विभिन्न प्रकार के वाहनों को देखने मिलेगा।

किआ इंडिया अपनी न्यू कार्निवल पर बेस्ड कार्निवल हाई लिमोसिन भारत मोबिलिटी ग्लोबल ऑटो एक्सपो 2025 में पेश करने वाली है। कार्निवल हाई लिमोसिन में शानदार सीटिंग लेआउट है, जिसमें हाई-रूफ सेटअप देखने को मिलेगा। किआ कार्निवल हाई लिमोसिन 4-सीटर को कम्फर्ट लेवल को देखते हुए डिजाइन किया गया है। यह दक्षिण कोरिया और सिंगापुर जैसे बाजारों में बिक्री के लिए उपलब्ध है, जहां यह टोयोटा वेलफायर जैसी कारों को टक्कर देती है।

**वाहनों की प्रदर्शनी 17 से 22 जनवरी 2025 तक**

### कार्निवल हाई लिमोसिन के फीचर्स और स्पेसिफिकेशंस

कार्निवल हाई लिमोसिन में भी शानदार, पैसेंजर-फोकस्ड इंटीरियर दिया है। वेलफायर की तरह डेक-आउट कार्निवल में सेकेंड रो में दो बड़ी प्रीमियम कैप्टन चेयर दी हैं, जिनमें से प्रत्येक में 3डी रजाईदार डिजाइन के साथ हाई क्वालिटी वाली नप्पा लेदर सतह मिलती है। अधिकांश लिमोसिन सीटों की तरह इनमें एक्सटेंडेड लेग सपोर्ट भी है।




- सौ से अधिक नई वाहनों के पेशकश किए जाने की उम्मीद

*21.5 इंच का बड़ा टीवी : इन सीटों पर अलग-अलग पिकनिक टेबल और इलेक्ट्रिक एडजस्टमेंट की एक सीरीज है, जिसे टचस्क्रीन रिमोट डिस्प्ले द्वारा कंट्रोल किया जा सकता है। यह डिस्प्ले एसी, केबिन लाइट और पर्दों को भी एडजस्ट कर सकता है। फ्रंट की रो के ठीक पीछे छत पर लगे बड़े 21.5-इंच के एलईडी टीवी के लिए रिमोट का काम करता है।*

### पैसेंजर के लिए फुट मसाजर

इसमें दोनों सीटों के लिए आर्मरेस्ट भी हैं, कंसोल में वायरलेस चार्जिंग पैड और हीटेड/कूल्ड कप होल्डर हैं। इसके अलावा, सेकेंड रो के पैसेंजर को अपने लिए एक फुट मसाजर भी मिलता है। किआ का कहना है कि उसने पैसेंजर को कम्फर्ट का एक्सपीरियंस देने के लिए विशेष रूप से एक हेल्थकेयर कंपनी हू-टेक के सहयोग से इस फुट मसाजर को तैयार किया है।

### कार्निवल हाई लिमोसिन का इंजन

कार्निवल हाई लिमोसिन 4-सीटर 3.5-लीटर स्मार्टस्ट्रीम वी6 पेट्रोल इंजन के साथ आता है, जो 290एचपी और 355एनएम का टॉर्क देता है, जिसे 8-स्पीड ऑटोमैटिक से जोड़ा गया है। इसके अलावा, किआ ने स्टैंडर्ड कार्निवल की तुलना में बेहतर सवारी क्वालिटी सुनिश्चित करने के लिए हाई लिमोसिन वैरिएंट के लिए सस्पेंशन को फिर से ट्यून किया है।

### जूतों के लिए विशेष स्टोरेज

इस लग्जरी एमपीवी में जूतों के लिए विशेष स्टोरेज और दोनों पैसेंजर के लिए ठंडे या गर्म पानी के लिए अलग-अलग कप होल्डर के साथ एक हीटेड या कूल्ड कैबिनेट भी है। कार्गो होल्ड में छत पर लगे हैंगर और फर्श के नीचे स्टोरेज बॉक्स के साथ जगह को अनुकूलित किया गया है। बाहर की तरफ, कार्निवल हाई लिमोसिन में एक्स्ट्रा क्रोम बिट्स, एक अलग एलॉय व्हील डिजाइन दिया है।

## पहले 7% की दर से बढ़ने का अनुमान लगाया था

# फिक्की ने चालू वित्त वर्ष के लिए भारत की वृद्धि दर का अनुमान घटाकर किया 6.4 प्रतिशत

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

उद्योग मंडल फिक्की ने बृहस्पतिवार को चालू वित्त वर्ष (2024-25) के लिए भारत के वृद्धि दर के अनुमान को घटाकर 6.4 प्रतिशत कर दिया। पहले उद्योग मंडल ने भारतीय अर्थव्यवस्था के सात प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान लगाया था।

फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (फिक्की) के आर्थिक परिदृश्य सर्वेक्षण के अनुसार, संशोधित अनुमान व्यापक अपेक्षाओं के अनुरूप है। फिक्की का ताजा अनुमान 2023-24 में दर्ज वृद्धि दर की तुलना में काफी कम है। बीते वित्त वर्ष में भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 8.2 प्रतिशत रही थी।

### वृद्धि दर रहेगी कम

उद्योग मंडल ने कहा, "...फिक्की के आर्थिक परिदृश्य सर्वेक्षण में 2024-25 के लिए 6.4 प्रतिशत की वार्षिक औसत जीडीपी वृद्धि का अनुमान लगाया गया है। मौजूदा सर्वेक्षण में लगाया गया अनुमान पिछले साल सितंबर में लगाए गए सात प्रतिशत की वृद्धि दर के अनुमान से कम है।




- ताजा अनुमान 2023-24 में दर्ज वृद्धि दर की तुलना में काफी कम
- बीते वित्त वर्ष में भारत की जीडीपी की वृद्धि दर 8.2 प्रतिशत रही थी
- ट्रंप की नीतियों की भारतीय अर्थव्यवस्था पर प्रभाव पड़ने की संभावना

### सरकार बजट में नीति को देगी आकार

हालांकि, अर्थशास्त्रियों का मानना है कि अमेरिका, भारत के प्रति एक संतुलित दृष्टिकोण अपनाएगा। एक फरवरी को पेश होने वाला 2025-26 का केंद्रीय बजट वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं और धीमी होती घरेलू वृद्धि के बीच आ रहा है। इसे देखते हुए अर्थशास्त्रियों ने अपनी उम्मीदें साझा कीं हैं, जो आगामी बजट में सरकार की नीति को आकार दे सकती हैं।

### कर कटौती से अमेरिका का राजकोषीय घाटा बढ़ेगा

अर्थशास्त्रियों ने कहा कि कर कटौती (व्यक्तिगत और कारोबारी) की संभावना से अमेरिका का राजकोषीय घाटा बढ़ सकता है, जबकि उच्च शुल्क और सख्त आव्रजन मानदंड श्रम लागत और मुद्रास्फीति को बढ़ा सकते हैं। इसके जवाब में फेडरल रिजर्व नीतिगत दरों में अनुमान से कम कटौती कर सकता है। *बाजार में पूंजी प्रवाह हो सकता है कम : इससे भारत समेत उभरते बाजारों में पूंजी प्रवाह कम हो सकता है, जिससे रुपये में उतार-चढ़ाव हो सकता है। संभावित अमेरिकी-चीन व्यापार संघर्ष सहित व्यापार तनाव, अल्पावधि में आपूर्ति श्रृंखलाओं को बाधित कर सकते हैं और उत्पादन की लागत बढ़ा सकते हैं।*

### वैश्विक अर्थव्यवस्था में रहेगी तेजी

यह सर्वेक्षण दिसंबर, 2024 में आयोजित किया गया था और इसमें उद्योग, बैंकिंग और वित्तीय सेवा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले प्रमुख अर्थशास्त्रियों से बातचीत की गई थी। भाग लेने वाले अर्थशास्त्रियों ने 2025 में वैश्विक अर्थव्यवस्था में उचित वृद्धि के संकेत के साथ-साथ सावधानी बरतने की बात भी कही।

### अल्पकालिक व्यवधानों की संभावना

अमेरिका के निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नीतियों के भारतीय अर्थव्यवस्था पर अपेक्षित प्रभाव पर अपने दृष्टिकोण को साझा करते हुए अर्थशास्त्रियों ने भारत सहित अमेरिकी व्यापारिक साझेदारों के लिए निर्यात, विदेशी पूंजी प्रवाह और उत्पादन लागत के मोर्चे पर अल्पकालिक व्यवधानों की संभावना का संकेत दिया।

# भारत ईवी उत्पादन का केंद्र बनेगा : तोशीहिरो सुजुकी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



- छोटी इलेक्ट्रिक कारों के क्षेत्र में उतरेंगे सुजुकी
- कंपनी ने पहली एसयूवी ई विटारा पेश की थी

जापान की सुजुकी मोटर कॉरपोरेशन (एसएमसी) के प्रतिनिधि निदेशक एवं अध्यक्ष तोशीहिरो सुजुकी ने बृहस्पतिवार को कहा कि कंपनी की अपनी पहली बिजलीचालित (इलेक्ट्रिक) एसयूवी ई विटारा की पेशकश के बाद उससे हासिल अनुभव के आधार पर भविष्य में छोटी कारों के इलेक्ट्रिक खंड में प्रवेश करने की योजना है।

कंपनी की अनुषंगी मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) भारत मंडपम में आयोजित 'भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो' (भारत वाहन वैश्विक प्रदर्शनी)-2025 में शुक्रवार को ई विटारा पेश करेगी। तोशीहिरो सुजुकी ने बृहस्पतिवार को कहा कि जापान की कार विनिर्माता का मानना है कि बिक्री में गिरावट के बावजूद भारत में छोटी कारों का अस्तित्व खत्म नहीं होगा, जहां इसकी अनुषंगी कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया बाजार में अग्रणी है...क्योंकि ''एक अरब लोग'' जिनके भविष्य में दोपहिया वाहनों से चारपहिया वाहनों की ओर रुख करने की संभावना हैं, उन्हें सस्ती कारों की दरकार होगी। ईवी की विनिर्माण तकनीक को ठीक से सीखना है। हम अन्य की तरह छोटी कारों के लिए भी ईवी का रुख करना चाहेंगे।

### भारत बीईवी वाहनों का उत्पादन केंद्र होगा

सुजुकी ने कहा, '' ये बीईवी (बैटरी इलेक्ट्रिक वाहन) वैश्विक मॉडल का प्रतिनिधित्व करते हैं और भारत इन वाहनों का उत्पादन केंद्र होगा। एसएमसी के लिए चारपहिया और दोपहिया वाहनों के निर्यात केंद्र के रूप में भारत का महत्व पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण होता जा रहा है।''

# शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन तेजी, सेंसेक्स 319 अंक चढ़ा

एजेंसी ⏭ मुंबई




- फेड के ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद से बाजार में तेजी
- विदेशी पूंजी प्रवाह में निरंतर कमी बनी हुई

अमेरिका में उपभोक्ता मुद्रास्फीति के अपेक्षा से कम रहने के बाद फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में और कटौती की उम्मीद बढ़ने के बाद वैश्विक बाजारों में आई तेजी से बृहस्पतिवार को स्थानीय शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में लगातार तीसरे सत्र में तेजी रही।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 318.74 अंक की बढ़त के साथ 77,042.82 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 595.42 अंक तक चढ़कर 77,319.50 अंक पर पहुंच गया था। निफ्टी भी 98.60 अंक यानी 0.42 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,311.80 अंक पर बंद हुआ। कारोबारियों ने कहा कि विदेशी पूंजी प्रवाह में निरंतर कमी, रुपये में कमजोरी और वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी से घरेलू शेयर बाजारों पर दबाव बना हुआ है। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, "स्थानीय बाजार में सकारात्मक कारोबार जारी रहा। सेंसेक्स की कंपनियों में अदाणी पोर्ट्स, भारतीय स्टेट बैंक, बजाज फिनसर्व, भारती एयरटेल, टाटा मोटर्स, इंडसइंड बैंक, एनटीपीसी, मारुति, रिलायंस इंडस्ट्रीज और एक्सिस बैंक के शेयर लाभ में रहे।

### अदाणी की कंपनियों के शेयरों में उछाल

अदाणी समूह के खिलाफ अभियान चलाकर अंतरराष्ट्रीय हलचल मचाने वाली शोध-निवेश कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च के बंद होने की सूचना के बाद समूह की कंपनियों के शेयरों में बृहस्पतिवार को तेजी आई। बीएसई पर एनडीटीवी के शेयर में 9.15 प्रतिशत, अंबुजा सीमेंट्स में 3.88 प्रतिशत, अदाणी ग्रीन एनर्जी में 3.35 प्रतिशत, सांघी इंडस्ट्रीज में 3.34 प्रतिशत तथा अदाणी पावर में 2.45 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई।

## इंफोसिस के शुद्ध लाभ में 11 फीसदी का इजाफा

**नयी दिल्ली।** सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) सेवा क्षेत्र की प्रमुख कंपनी इन्फोसिस का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में सालाना आधार पर 11.46 प्रतिशत बढ़कर 6,806 करोड़ रुपये रहा है। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी ने 6,106 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था।इन्फोसिस ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि उसकी परिचालन आय समीक्षाधीन तिमाही में 7.58 प्रतिशत बढ़कर 41,764 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 38,821 करोड़ रुपये थी। वित्तीय सेवाओं और विनिर्माण ने राजस्व में क्रमशः 27.8 प्रतिशत और 15.5 प्रतिशत का योगदान दिया। इसके बाद खुदरा और ऊर्जा का स्थान रहा।भौगोलिक दृष्टि से, इन्फोसिस ने भारत और यूरोप में सालाना आधार पर दहाई अंक में वृद्धि दर्ज की। उत्तरी अमेरिका में लगभग पांच प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर्ज की गई। इन्फोसिस के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक (एमडी) सलिल पारेख ने कहा, इस तिमाही में और पिछली कुछ तिमाहियों में अमेरिका में वित्तीय सेवाओं में मजबूत वृद्धि जारी है।

# बाजार के दायरे में ज्यादा लोगों को लाने की इच्छा : सेबी प्रमुख

- अधिक से अधिक भारतीय धन सृजन का लाभ उठा सके
- एआई उन उपायों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा

एजेंसी ⏭ मुंबई




भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच ने बृहस्पतिवार को कहा कि बाजार नियामक अधिक-से-अधिक भारतीयों को बाजार दायरे में लाना को इच्छुक है, ताकि वे धन सृजन के अवसर का लाभ उठा सकें।

बुच ने कहा कि सेबी अधिक-से-अधिक लोगों को सेवा देने पर ध्यान देने के साथ कई कदम उठा रहा है। कृत्रिम मेधा (एआई) उन उपायों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने सेबी के एक कार्यक्रम को डिजिटल रूप से संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था में एक 'बहुत बड़ा अवसर' है। सभी लोगों के लिए लाभ के मकसद से आवश्यक तकनीकी उत्पादों को एक बड़े परिवेश के हिस्से के रूप में रखा गया है। बुच ने कहा, ''... कोई प्रणाली भले ही कुशल है, लेकिन अगर विशिष्ट है, तो वह राष्ट्र की सेवा नहीं करती है। हम चाहते हैं कि हमारा बाजार परिवेश समावेशी हो।

*एआई जादू की छड़ी*
*सेबी प्रमुख ने प्रौद्योगिकी को जादू की छड़ी बताया। उसी कार्यक्रम में इन्फोसिस चेयरमैन नंदन नीलेकणि ने कहा कि सेबी तीन महीने की लक्षित समयसीमा के भीतर प्रारंभिक सार्वजनिक पेशकश दस्तावेजों को मंजूरी देने की अपनी प्रतिबद्धता का पालन करने के लिए एआई का उपयोग कर रहा है।*

## आभूषण उद्योग का राजस्व 2025-26 में 17% बढ़ेगा ...



**मुंबई।** भारत के संगठित आभूषण उद्योग के राजस्व में वित्त वर्ष 2025-26 में 17 प्रतिशत की वृद्धि होने का अनुमान है। इंडिया रेटिंग्स की जारी एक रिपोर्ट मे यह बात कही गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि शादी-विवाह के सीजन और निवेश की मांग के कारण आभूषण उद्योग के राजस्व में बढ़ोतरी होगी। रिपोर्ट कहती है, 'शादियों में सोने की मांग रहती है। यही वजह है कि सोने के आभूषणों की मांग बनी रहेगी। इसके अलावा, मौजूदा वैश्विक भू-राजनीतिक एवं व्यापक आर्थिक अनिश्चितता और परिसंपत्ति वर्ग की तुलना में सराफा के बेहतर प्रदर्शन को देखते हुए निवेश की मांग को बढ़ावा मिलने की संभावना है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इसके अलावा कामकाज के संचालन के उच्च मानकों वाले कंपनियों को बेहतर वित्त की उपलब्धता से लाभ पहुंचेगा।

# चांदी में 2300 रुपए का बड़ा उछाल, सोना हुआ मजबूत

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



- सोना 500 रुपए बढ़कर 81,300 रुपए प्रति 10 ग्राम
- चांदी बढ़कर 94,000 रुपए प्रति किलोग्राम

आभूषण एवं खुदरा विक्रेताओं की ताजा लिवाली तथा रुपये में गिरावट के बीच बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 500 रुपये की तेजी के साथ 81,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई, जो दो महीने का उच्चस्तर है। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी है।

बुधवार को सोने की कीमत 80,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 500 रुपये बढ़कर 80,900 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। पिछले कारोबारी सत्र में यह 80,400 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 2,300 रुपये बढ़कर 94,000 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई, जो बुधवार को 91,700 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। बृहस्पतिवार को रुपया, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 16 पैसे कमजोर होकर 86.56 (अस्थायी) पर बंद हुआ। विदेशों में डॉलर के मजबूत होने, कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और विदेशी पूंजी की निकासी के कारण रुपये में गिरावट आई।

### फेड की कटौती से सोने को मिली गति

त्रिवेदी ने कहा कि हालांकि, उम्मीद से कम मुख्य उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) ने सोने की कीमतों को अतिरिक्त समर्थन प्रदान किया। मुद्रास्फीति के नरम आंकड़े ने फेडरल रिजर्व द्वारा दरों में कटौती जारी रखने की उम्मीदों को मजबूत किया है, जिससे सोने की तेजी को गति मिली है।

## केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री गडकरी ने सीसीआई के सम्मेलन में कहा

# खराब सड़क के निर्माण को गैर-जमानती अपराध बनाए

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

- सड़क ठेकेदारों और इंजीनियरों को दुर्घटनाओं के लिए जिम्मेदार ठहराए

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बृहस्पतिवार को कहा कि खराब सड़क निर्माण को गैर-जमानती अपराध बनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सड़क ठेकेदारों और इंजीनियरों को दुर्घटनाओं के लिए जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए और उन्हें जेल भेजा जाना चाहिए। उद्योग निकाय भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गडकरी ने कहा कि भारत दुनिया में सड़क दुर्घटनाओं में पहले स्थान पर है। उन्होंने कहा, 'दोषपूर्ण सड़क निर्माण को गैर-जमानती अपराध बनाया जाना चाहिए और सड़क ठेकेदारों, रियायतियों और इंजीनियरों को दुर्घटनाओं के लिए जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए और जेल भेजा जाना चाहिए।'

### ब्लैक स्पॉट ठीक करने 40,000 करोड़ रुपए का बजट

गडकरी ने यह भी कहा कि राजमार्ग मंत्रालय, राजमार्गों पर ब्लैक स्पॉट (दुर्घटना के लिहाज से संवेदनशील स्थान) को ठीक करने के लिए 40,000 करोड़ रुपये खर्च कर रहा है। गडकरी ने उद्योग और अन्य संबंधित इकाइयों से आग्रह किया कि वे देश में ड्राइवरों (वाहन चालकों) की भारी कमी को दूर करने के लिए प्रशिक्षण और फिटनेस केंद्र स्थापित करने के लिए सरकार के साथ साझेदारी करें।





### हर दुर्घटना स्थल की अपनी कहानी

कार्यक्रम में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग सचिव वी उमाशंकर ने कहा कि सड़क सुरक्षा पहल को एक जन आंदोलन में बदला जाना चाहिए। उन्होंने कहा, "हर दुर्घटना स्थल की अपनी कहानी है, हर ब्लैक स्पॉट की अपनी कहानी है। हमें जिला स्तर पर लोगों को जागरूक करने की जरूरत है

### 2023 में पांच लाख सड़क दुर्घटनाएं हुईं

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय का लक्ष्य 2030 तक सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों को घटाकर आधा करने का है। मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, 2023 में देश में पांच लाख सड़क दुर्घटनाएं हुईं, जिसमें 1,72,000 लोगों की मौत हुई। *55 हजार की मौत हेलमेट न पहनने के कारण गडकरी ने कहा, "इनमें से 66.4 प्रतिशत यानी 1,14,000 लोग 18-45 वर्ष आयु वर्ग के थे, जबकि 10,000 बच्चे थे।" 55,000 लोगों की मौत हेलमेट न पहनने के कारण और 30,000 लोगों की मौत सीट बेल्ट न लगाने के कारण हुई।*

## पहला ई-कॉमर्स निर्यात केंद्र मार्च में होगा शुरू

**नई दिल्ली।** देश का पहला ई-कॉमर्स निर्यात केंद्र इस साल मार्च में शुरू हो सकता है। विदेश व्यापार महानिदेशक संतोष कुमार सारंगी ने कहा कि इन केंद्रों की प्रायोगिक शुरुआत को पांच कंपनियों - दिल्ली में लॉजिस्टिक्स एग्रीगेटर शिपरॉकेट और हवाई माल ढुलाई कंपनी कार्गो सर्विस सेंटर; बेंगलुरु में डीएचएल और लेक्सशिप; और मुंबई में गोग्लोकल के लिए मंजूरी दी गई है। उन्होंने कहा कि वाणिज्य और राजस्व विभाग, नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) के साथ मिलकर इन केंद्रों को चालू करने के लिए एक मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार करने पर काम कर रहे हैं।



रक्षा मंत्रालय के अनुसार आत्मनिर्भर भारत पर जोर देते हुए इन मिसाइलों में ज्यादातर स्वदेशी सामग्री होगी। इस अनुबंध से विभिन्न एमएसएमई सहित रक्षा उद्योग में लगभग 3.5 लाख मानव दिवसों का रोजगार सृजित होगा

# रक्षा मंत्रालय ने बीडीएल के साथ किया 2,960 करोड़ का करार, नौसेना के लिए खरीदी जाएंगी मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश की सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए केंद्र सरकार ने नौसेना के लिए मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलों की खरीद के लिए मंजूरी दे दी है। इसी के तहत गुरुवार को खरीद करार फाइनल हो गया। रक्षा मंत्रालय ने मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल (एमआरएसएएम) की आपूर्ति के लिए भारत डायनेमिक्स लिमिटेड (बीडीएल) के साथ लगभग 2,960 करोड़ रुपए का करार किया। नई दिल्ली में रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की मौजूदगी में रक्षा मंत्रालय और बीडीएल अधिकारियों ने इस अनुबंध पर हस्ताक्षर किए।

**देश की सुरक्षा व्यवस्था होगी और मजबूत**

**70 किमी के दायरे में आने वाले किसी भी हमले को नाकाम करेगी**

**नौसेना के कई जहाजों पर लगाई जाती है एमआरएसएएम प्रणाली**

**मिसाइल 2469.6 किमी प्रति घंटा की गति से हमला करने में सक्षम**



### हर मिसाइल पर 60 किलो के हथियार

एमआरएसएएम का वजन करीब 275 किलोग्राम, लंबाई 4.5 मीटर और व्यास 0.45 मीटर है। इस मिसाइल पर 60 किलोग्राम तक हथियार लोड किए जा सकते हैं। डीआरडीओ के अनुसार यह मिसाइल दो स्टेज की है, जो लॉन्च होने के बाद कम धुआं छोड़ती है। एमआरएसएएम एक बार लॉन्च होने के बाद 70 किलोमीटर के दायरे में आने वाली किसी भी मिसाइल, लड़ाकू विमान, हेलिकॉप्टर, ड्रोन और निगरानी विमानों को मार गिराने में पूरी तरह से सक्षम है। यह 2469.6 किलोमीटर प्रति घंटा की गति से दुश्मनों पर प्रहार और हमला कर सकती है।

### आईएनएस 'सूरत' पर लगेंगी मिसाइलें

मुंबई के नेवल डाकयार्ड में 15 जनवरी को पीएम नरेंद्र मोदी के हाथों नौसेना के बेड़े में शामिल किए गए आईएनएस 'सूरत' को मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलों से लैस किया जाना है। यह प्रोजेक्ट 15बी स्टील्थ गाइडेड मिसाइल विध्वंसक का चौथा और अंतिम जहाज है।

### हर मौसम में काम करेंगी

एमआरएसएएम प्रणाली को डीआरडीओ और इजराइली एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज (आईएआई) ने संयुक्त रूप से विकसित किया है। इसमें एमएसएमई सहित भारतीय सार्वजनिक और निजी रक्षा उद्योग की भी सक्रिय भागीदारी है। भारत डायनेमिक्स लिमिटेड में निर्मित एमआरएसएएम से नौसेना की 'आत्मनिर्भर भारत' के प्रति प्रतिबद्धता प्रदर्शित हुई है। हवाई रक्षा के लिए एमआरएसएएम हर मौसम में 360 डिग्री पर काम करने वाली हवाई रक्षा प्रणाली है, जो किसी भी संघर्ष क्षेत्र में विविध तरह के खतरों के खिलाफ संवेदनशील क्षेत्रों की हवाई सुरक्षा करेगी।

## खबर संक्षेप



### मारबर्ग वायरस से तंजानिया में 8 की मौत

**डोडोमा।** एचएमपीवी के बढ़ते जोखिमों के बीच विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने बताया कि तंजानिया में मारबर्ग वायरस का प्रकोप देखा जा रहा है। यहां इस संक्रामक रोग के कारण अब तक आठ लोगों की मौत हो गई है। ये संक्रामक रोग उच्च मृत्यु दर वाला माना जाता है, जिसने विशेषज्ञों की चिंता बढ़ा दी है। 11 जनवरी को तंजानिया के दो जिलों में करीब नौ लोगों को संक्रमण का शिकार पाया गया है। डब्ल्यूएचओ ने एक बयान में यह जानकारी दी है।

### मेलोनी के लिए घुटनों पर बैठे अल्बेनिया पीएम



**नई दिल्ली।** इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी ने 16 जनवरी को 48वां जन्मदिन मनाया। अल्बेनिया के पीएम एडी रामा ने घुटने पर बैठकर उन्हें जन्मदिन की बधाई दी। उन्होंने मेलोनी के लिए तांती औगुरी (हैप्पी बर्थडे) गाना भी गाया। इसके बाद उन्हें स्कार्फ गिफ्ट दिया। उन्होंने अपने हाथों से मेलोनी को स्कार्फ पहनाया। उन्होंने मेलोनी को आगे बताया कि यह स्कार्फ इटली के डिजाइनर ने ही तैयार किया है। वहां मौजूद लोगों ने तालियां बजाई।

### सिंगापुर के राष्ट्रपति शनमुगरत्नम का राष्ट्रपति मुर्मू और पीएम मोदी ने किया स्वागत

# भारत के साथ साझेदारी व संबंधों को और बढ़ाएंगे, नए तरीके ढूंढेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सिंगापुर के राष्ट्रपति थर्मन शनमुगरत्नम का गुरुवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और पीएम नरेंद्र मोदी ने औपचारिक स्वागत किया। उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। राष्ट्रपति के रूप में उनकी यह पहली यात्रा है जो दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों की 60वीं वर्षगांठ के अवसर पर हो रही है। पत्रकारों से चर्चा में सिंगापुर के राष्ट्रपति ने कहा कि हम कभी नहीं भूलेंगे कि भारत 1965 में सिंगापुर की स्वतंत्रता को मान्यता देने वाले पहले कुछ देशों में से एक था और तब से हमारे संबंध तेजी से बढ़े हैं। छोटे देश सिंगापुर और बड़े देश भारत के बीच यह स्वाभाविक साझेदारी है, लेकिन हम अपने आपसी हितों में सहयोग करने के तरीके खोजते हैं।

> सिंगापुर के राष्ट्रपति ने कहा कि हम कभी नहीं भूलेंगे कि भारत 1965 में सिंगापुर की स्वतंत्रता को मान्यता देने वाले पहले कुछ देशों में से एक था और तब से हमारे संबंध तेजी से बढ़े हैं। छोटे देश सिंगापुर और बड़े देश भारत के बीच यह स्वाभाविक साझेदारी है, लेकिन हम अपने आपसी हितों में सहयोग करने के तरीके खोजते हैं

**खास बातें**

- उन्नत विनिर्माण और सेमीकंडक्टर, नेट जीरो औद्योगिक पार्कों पर सहयोग
- गिफ्ट सिटी और सिंगापुर के बीच एक डेटा कॉरिडोर की संभावना पर चर्चा



### व्यापार विकास में सहयोग पर हुई चर्चा

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने एक्स पर कहा कि सिंगापुर के राष्ट्रपति थर्मन शनमुगरत्नम से मुलाकात करके बहुत खुशी हुई। सेमीकंडक्टर, औद्योगिक पार्क, कौशल विकास, डिजिटलीकरण और व्यापार विकास में हमारे सहयोग पर चर्चा की। मुझे विश्वास है कि उनकी राजकीय यात्रा हमारी व्यापक रणनीतिक साझेदारी को नई गति प्रदान करेगी। विदेश मंत्रालय ने दोनों देशों के बीच मजबूत संबंधों पर प्रकाश डाला और इस बात पर जोर देते हुए कहा कि यह दोस्ती, विश्वास और आपसी सम्मान पर आधारित है।



### कई मंत्रियों से की मुलाकात

गुरुवार को राष्ट्रपति शनमुगरत्नम ने सुबह राजघाट पर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि बापू के आदर्श और शिक्षाएं हम सभी को प्रेरित करती हैं। उन्होंने केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल, केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा रसायन एवं उर्वरक मंत्री जगत प्रकाश नड्डा, केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी, केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट कार्य मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण तथा कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी से भी मुलाकात की। नई दिल्ली के बाद वह 17-18 जनवरी को ओडिशा का दौरा भी करेंगे।

### दोनों देश डिजिटलीकरण में मिलकर कर रहे काम

*राष्ट्रपति शनमुगरत्नम ने कहा कि भारतीय और सिंगापुर के नेता एक-दूसरे की बात समझते हैं। दोनों देश डिजिटलीकरण और स्थिरता के क्षेत्र में मिलकर काम कर रहे हैं। सिंगापुर भारत की विकसित देश बनने की महत्वाकांक्षा – विकसित भारत 2047 में निवेश कर रहा है। उन्होंने कहा कि हम गिफ्ट सिटी और सिंगापुर के बीच एक डेटा कॉरिडोर की संभावना तलाश रहे हैं।*

### भारत में सबसे बड़ा निवेशक सिंगापुर

शनमुगरत्नम ने कहा कि सिंगापुर भारत में सबसे बड़ा निवेशक है और दोनों देशों के बीच रक्षा संबंध भी मजबूत हैं, जो आगे भी बढ़ते रहेंगे। हम अब भारत के साथ अपने संबंधों को व्यापक रणनीतिक साझेदारी में उन्नत करने के साथ एक नए पथ पर हैं।

### इजराइल और हमास के बीच समझौता

# संघर्ष विराम को मंजूरी देने से नेतन्याहू ने किया इनकार

एजेंसी ▶▶ तेल अवीव



इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने गुरुवार को कहा कि जब तक हमास 'अंतिम क्षण के संकट' से पीछे नहीं हटता, तब तक उनका मंत्रिमंडल गाजा संघर्ष विराम समझौते को मंजूरी देने के लिए बैठक नहीं करेगा। पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने हमास पर 'अंतिम क्षण में रियायतें लेने' के प्रयास में समझौते के कुछ हिस्सों से पीछे हटने का आरोप लगाया। बता दें कि, इजराइली मंत्रिमंडल गुरुवार को समझौते की पुष्टि करने वाला था। इससे पहले नेतन्याहू ने बुधवार की देर रात कहा कि हमास के साथ संघर्ष विराम समझौता अभी पूरा नहीं हुआ है और इसे अंतिम रूप देने पर काम किया जा रहा है। गुरुवार को कहा कि अभी यह कहना ठीक नहीं है कि सीजफायर हो गया है।

### गाजा का आरोपः सीजफायर के बाद 72 लोग मारे

इस बीच गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय का दावा है कि इजराइल ने सीजफायर के ऐलान के बाद भी 72 लोगों का कत्ल कर दिया है। यह हमले आज ही हुए हैं। इसके अलावा बीते 24 घंटों में इजराइल पर 81 लोगों के कत्ल का आरोप लगाया है। ये लोग इजराइल के हमलों में मारे गए हैं, जिनमें से ज्यादातर एयर स्ट्राइक्स हैं। ऐसे में इस बात के सवाल उठने लगे हैं कि क्या इजराइल और हमास के बीच युद्ध विराम वास्तव में हो जाएगा या फिर लड़ाई अब भी बाकी है। फिलहाल इन आरोपों के जवाब में बेंजामिन नेतन्याहू ने कुछ कहा नहीं है। नेतन्याहू का कहना है कि हमास ने अब तक सीजफायर को स्वीकार नहीं किया। सीजफायर के तहत तय कई चीजों पर अब तक हमास ने अमल शुरू नहीं किया है।

### अब तक 46788 लोगों की मौत

हमास ने 7 अक्तूबर, 2023 को इजराइल की सीमा में घुसकर हमला किया था। जिसमें 1200 से ज्यादा लोग मारे गए थे और 250 से अधिक लोगों को बंधक बना लिया गया था। इसके बाद इजराइल ने जवाबी हमले किए। हमास और इजराइल के बीच जारी जंग में अब तक 46,788 लोगों की मौत हो चुकी है। इसके अलावा 1 लाख 10 हजार से ज्यादा लोग जख्मी हुए हैं। यह जंग इतनी भीषण रही है कि लगभग 50 लाख लोगों को घर छोड़कर पलायन करना पड़ा है।

### निवर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडेन का फैसला



# भारत की तीन संस्थाओं को परमाणु प्रतिबंध सूची से हटाया

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका के 46वें राष्ट्रपति के तौर पर जो बाइडेन (82) का चार साल का कार्यकाल 20 जनवरी को समाप्त होगा, जब डोनाल्ड ट्रंप (78) देश के 47वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ग्रहण करेंगे। इससे पहले उनके निर्देश पर 'व्हाइट हाउस' प्रशासन ने इंदिरा गांधी परमाणु अनुसंधान केंद्र, भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र और इंडियन रेयर अर्थ्स को 'एंटीटी लिस्ट' से हटा दिया है। ये अमेरिकी कंपनियों के विशिष्ट सामानों के लिए निर्यात प्रतिबंध सूची के अधीन थीं।

### अमेरिका-भारत के मध्य घनिष्ठ सहयोग होगा

निर्यात प्रशासन के लिए वाणिज्य के प्रधान उप सहायक सचिव मैथ्यू बोरमैन ने कहा कि तीन भारतीय संस्थाओं को हटाने से अमेरिका और भारत के बीच अधिक महत्वपूर्ण खनिजों और स्वच्छ ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखलाओं को सुरक्षित करने के लिए घनिष्ठ सहयोग संभव होगा। यह कार्रवाई अमेरिका-भारत साझेदारी की समग्र महत्वाकांक्षा और रणनीतिक दिशा के साथ जुड़ी है और उसका समर्थन करती है। अमेरिका ने मई 1998 के परमाणु परीक्षणों के बाद इन और अन्य भारतीय संगठनों को इकाई सूची में शामिल किया था। उनमें से 9 को राष्ट्रपति बराक ओबामा के प्रशासन के दौरान 2015 में इकाई सूची से हटा दिया गया था।

### दोनों शांतिपूर्ण परमाणु सहयोग के लिए प्रतिबद्ध

अमेरिकी उद्योग एवं सुरक्षा ब्यूरो (बीआईएस) ने बुधवार को कहा कि इन निष्कासनों से इन संस्थाओं को हटाने से उन्नत ऊर्जा सहयोग, संयुक्त अनुसंधान और विकास, और विज्ञान और प्रौद्योगिकी सहयोग में बाधाएं कम होंगी। यह अमेरिका और भारत की साझा ऊर्जा सुरक्षा जरूरतों और लक्ष्यों को बढ़ावा देगा। अमेरिका और भारत शांतिपूर्ण परमाणु सहयोग और संबंधित अनुसंधान एवं विकास गतिविधियों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं, साथ ही पिछले कई वर्षों में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी सहयोग को मजबूत किया गया है, जिससे दोनों देशों और दुनिया भर के उनके साझेदार देशों को लाभ हुआ है।

### ... अब ईरान की नई राजधानी होगा मकरान

**नई दिल्ली।** ईरान तेहरान शहर से राजधानी का दर्जा हटाकर मकरान को नई राजधानी बना रहा है। ईरान सरकार की प्रवक्ता फातेमेह मोहजेरानी ने इसकी पुष्टि भी की है। ईरानी प्रवक्ता फातेमेह मोहजेरानी ने कहा कि ईरान की नई राजधानी देश के दक्षिण हिस्से में होगी। 90 लाख से ज्यादा आबादी वाले शहर तेहरान पर अच्छा खासा दबाव हो गया है। तेहरान की गिनती दुनिया के सबसे अधिक प्रदूषित शहरों में होती है। तेहरान में रहने वाले लोगों को पानी, बिजली और रसोई गैस जैसी मूलभूत चीजों की कमी से जूझना पड़ रहा है।

### दो दिवसीय राजकीय दौरे पर आएंगे भारत

# इंडोनेशिया के राष्ट्रपति होंगे 76वें गणतंत्र दिवस के मुख्य अतिथि

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इस बार 76वें गणतंत्र दिवस के मौके पर इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबिआंतो मुख्य अतिथि के रूप में भारत आएंगे। दरअसल, पीएम मोदी के निमंत्रण पर इंडोनेशिया के राष्ट्रपति 25-26 जनवरी के दौरान भारत की राजकीय यात्रा पर आएंगे। राष्ट्रपति प्रबोवो भारत के 76वें गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि होंगे।



### राष्ट्रपति के रूप में पहली भारत यात्रा

अक्टूबर 2024 में पदभार ग्रहण करने के बाद राष्ट्रपति के रूप में प्रबोवो सुबिआंतो की यह पहली भारत यात्रा होगी। साथ ही 75 वर्षों बाद एक बार फिर इंडोनेशिया के राष्ट्रपति गणतंत्र दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि होंगे। भारत और इंडोनेशिया सहस्राब्दियों से चले आ रहे मधुर और मैत्रीपूर्ण संबंध साझा करते हैं। एक रणनीतिक भागीदार के रूप में इंडोनेशिया भारत की एक्ट ईस्ट नीति और भारत-प्रशांत के दृष्टिकोण में महत्वपूर्ण स्तंभ है।

### सबसे ऊंची चोटी पर फतेह



*ब्यूनस आयर्स। भारतीय सेना और अर्जेंटीना सेना के अभियान दल सेना दिवस 2025 के अवसर पर पश्चिमी गोलार्ध की सबसे ऊंची चोटी माउंट एकॉनकागुआ पर सफलतापूर्वक चढ़ाई की और तिरंगा लहराया। माउंट एकॉनकागुआ अर्जेंटीना के मेंडोजा क्षेत्र में स्थित है। इसकी ऊंचाई 6995 मीटर है। पश्चिमी गोलार्ध, पृथ्वी का वह भाग है जिसमें उत्तरी और दक्षिणी अमेरिका तथा आसपास का जल क्षेत्र शामिल है।*

### आईएएमएआई और कंतार की रिपोर्ट में हुआ खुलासा

# 2025 में देश में इंटरनेट यूजर्स की संख्या पहुंचेगी 90 करोड़ के पार, 8% की वृद्धि दर्ज

**आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एक महत्वपूर्ण गेम चेंजर के रूप में उभरा**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

डिजिटल कंटेंट के लिए इंडिक भाषाओं के बढ़ते इस्तेमाल की वजह से भारत में इंटरनेट यूजर बेस 2025 तक 90 करोड़ को पार कर जाएगा। गुरुवार को आई एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। भारत में एक्टिव इंटरनेट यूजर्स की संख्या 2024 में 88.6 करोड़ तक पहुंच गई, जो सालाना आधार पर 8 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि को दर्शाता है। इंटरनेट एंड मोबाइल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (आईएएमएआई) और कंतार की रिपोर्ट के अनुसार, ग्रामीण भारत इस मामले में पीछे नहीं है। 48.8 करोड़ यूजर्स के साथ वह काफी आगे है।

**98 प्रतिशत यूजर्स ने इंडिक भाषाओं में कंटेंट का इस्तेमाल**



### 57% लोग क्षेत्रीय भाषा पसंद कर रहे

लगभग सभी इंटरनेट यूजर्स (98 प्रतिशत) ने इंडिक भाषाओं में कंटेंट का इस्तेमाल किया, जिसमें तमिल, तेलुगु और मलयालम अपनी व्यापक उपलब्धता के कारण सबसे लोकप्रिय बनकर उभरे। 57 प्रतिशत लोग क्षेत्रीय भाषाओं में कंटेंट का उपभोग करना पसंद करते हैं, जो विभिन्न प्लेटफार्मों पर स्थानीय भाषा के कंटेंट की बढ़ती मांग को दर्शाता है।

### ग्रामीण भारत में ऑनलाइन इंगेजमेंट हावी

ग्रामीण भारत टॉप एक्टिविटी के लिए ऑनलाइन इंगेजमेंट पर हावी है, जिसमें ओटीटी वीडियो और म्यूजिक स्ट्रीमिंग, ऑनलाइन कम्युनिकेशन और सोशल मीडिया का इस्तेमाल शामिल है। इन कैटेगरी में ग्रामीण, शहरी यूजर्स से आगे हैं। शहरी भारत स्मार्ट टीवी और स्मार्ट स्पीकर जैसे नॉन-ट्रेडिशनल डिवाइस को अपनाने में सबसे आगे है, जो 2023 और 2024 के बीच 54 प्रतिशत बढ़ गया है।

### 10 में से 9 यूजर्स एआई एप का प्रयोग कर रहे

पिछले एक साल में 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' (एआई) एक महत्वपूर्ण गेम चेंजर के रूप में उभरा है। 10 में से 9 इंटरनेट यूजर्स ने एम्बेडेड एआई क्षमताओं वाले एप का प्रयोग किया है। कंतार इनसाइट्स-दक्षिण एशिया के निदेशक बिस्वप्रिया भट्टाचार्य ने कहा कि एआई को लेकर व्यापक स्वीकृति और उत्साह को देखते हुए डिजिटल कंपनियों को एआई फीचर पेश करना चाहिए।

### 15 भारतीय मछुआरों को किया रिहा

# श्रीलंका से आपातकालीन पासपोर्ट से पहुंचे भारत



**चेन्नई।** गलती से श्रीलंकाई सीमा में पहुंचे भारतीय मछुआरों को श्रीलंका की सरकार ने रिहा कर दिया है। सभी 15 मछुआरे भारतीय राजनयिक अधिकारियों को सौंप दिए गए। अधिकारियों ने मेडिकल जांच की और मछुआरों के लिए आपातकालीन पासपोर्ट की व्यवस्था की, जिन्हें फिर कोलंबो से चेन्नई हवाई अड्डे के लिए रवाना किया गया। मत्स्य विभाग के अधिकारियों ने मछुआरों का स्वागत किया और अलग-अलग वाहनों से उनके गृहनगर ले जाया गया। रामेश्वरम के तीन और नागपट्टिनम के बारह मछुआरों को घर वापस आकर राहत मिली है।



# 27 साल बाद फिर रिलीज होगी 'सत्या'

**मुंबई।** फिल्म निर्माता राम गोपाल वर्मा की कल्ट गैंगस्टर फिल्म 'सत्या' के री-रिलीज से पहले स्क्रीनिंग हुई। इस स्क्रीनिंग में फिल्म की पूरी स्टार ने शिरकत की। साल 1998 में पहली बार सिनेमाघरों में आई इस फिल्म ने अपनी कहानी और यादगार किरदारों के चलते लोगों का दिल जीत लिया। 27 साल बाद गैंगस्टर फिल्म 'सत्या'17 जनवरी को सिनेमाघरों में फिर से रिलीज होगी। फिल्म की स्क्रीनिंग में मकरंद देशपांडे, आदित्य श्रीवास्तव, राम गोपाल वर्मा, उर्मिला मातोंडकर, अनुराग कश्यप, विशाल भारद्वाज और मनोज बाजपेयी सहित अन्य ने शिरकत की।

लाइफ Style



# करिश्मा

## यह हम सभी के लिए वेकअप कॉल है

सैफ अली खान के साथ उनके मुंबई के बांद्रा स्थित आवास पर हुए हादसे पर अभिनेत्री करिश्मा तन्ना ने प्रतिक्रिया देते हुए चिंता जाहिर की है। चर्चित अदाकारा का कहना है कि यह घटना सभी के लिए एक वेकअप कॉल है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

करिश्मा अपने घर की सुरक्षा सुनिश्चित करने की भी बात की। साथ ही सैफ अली खान के जल्द स्वस्थ होने की कामना की। करिश्मा तन्ना, सैफ और करीना की पड़ोसी हैं। करिश्मा तन्ना रोजाना की तरह आज भी जिम गईं। इस दौरान उन्हें पैपराजी ने स्पॉट किया। अभिनेत्री से पैप्स ने सैफ के साथ घटी घटना का जिक्र किया। इस पर करिश्मा तन्ना ने कहा, 'हां, मुझे पता है। बहुत बुरा लग रहा है। यह सभी के लिए वेकअप कॉल है। यह सच में बहुत खराब बात है। दुख हो रहा है। मैं भी अपनी सिक्योरिटी से बात करती हूं। मेरी कामना है कि सैफ अली खान जल्दी स्वस्थ हों'। यह वीडियो विरल भियानी ने अपने इंस्टा अकाउंट से शेयर किया है। करिश्मा तन्ना के अलावा कई और सितारों ने भी इस घटना पर चिंता जाहिर की है। अभिनेता चिरंजीवी ने सैफ अली खान पर हुए हमले की निंदा की। उन्होंने एक्स पर लिखा, 'सैफ अली खान पर एक घुसपैठिये द्वारा किए गए हमले की खबर से बेहद व्यथित हूं। उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना और प्रार्थना करता हूं।' इसके अलावा रवि किशन ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा, 'यह दुखद है। वह मेरे दोस्त और साथी कलाकार हैं। मुंबई पुलिस जांच कर रही है और चोर पकड़ा जाएगा।

हॉलीवुड मसाला



# 'डेयरडेविल...' का ट्रेलर रिलीज

**नई दिल्ली।** मार्वल के फैंस के लिए एक बड़ी खबर सामने आई है। बहुप्रतीक्षित डिज्नी+ सीरीज डेयरडेविल: बॉर्न अगेन का पहला ट्रेलर रिलीज हो चुका है। फैंस के बीच यह ट्रेलर खूब सुर्खियां बटोर रहा है। इस ट्रेलर में चार्ली कॉक्स एक बार फिर मैट मर्डॉक उर्फ डेयरडेविल के रूप में नजर आए हैं। यह सीरीज नेटफ्लिक्स पर उनकी पिछली सीरीज से आगे बढ़ती नजर आएगी। यह 4 मार्च को रिलीज होगी। इसमें कई पुराने किरदारों की वापसी देखने को मिलेगी। शो में विन्सेंट डी'ऑनफ्रियो एक बार फिर अपने किरदार किंगपिन के रूप में लौट रहे हैं।



# 'ऑल वी इमेजिन ...' को 'बाफ्टा' में मिला नामांकन

**नई दिल्ली।** निर्देशक पायल कपाड़िया की फिल्म 'ऑल वी इमेजिन एज लाइट' को साल 2025 के बाफ्टा फिल्म अवार्ड्स में 'बेस्ट फिल्म नॉट इन इंग्लिश लैंग्वेज' की श्रेणी में नामांकन मिला है। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार समारोह 16 फरवरी को ब्रिटिश अकादमी की ओर से आयोजित किया जाएगा। इसमें विभिन्न श्रेणियों में बेहतरीन फिल्मों और कलाकारों को सम्मानित किया जाएगा। यह फिल्म पिछले साल कान फिल्म महोत्सव में भारत की ओर से ग्रैंड प्रिक्स ट्रॉफी जीतने में सफल रही थी। उसके बाद से यह अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कारों में लगातार सफलता प्राप्त कर रही है। हाल ही में इसे गॉथम अवार्ड्स में 'बेस्ट इंटरनेशनल फिल्म' का पुरस्कार भी मिला था। साथ ही, यह फिल्म साइट एंड साउंड मैगजीन की ओर से जारी की गई 50 बेहतरीन फिल्मों की सालाना सूची में भी पहले स्थान पर रही।



# फातिमा ने किए कई दिलचस्प खुलासे

**नई दिल्ली।** फातिमा सना शेख हिंदी सिनेमा की प्रतिभाशाली अभिनेत्रियों में से एक हैं। अपने अभिनय के दम पर उन्होंने कम समय में दर्शकों के दिलों में खास पहचान बनाई है। हाल ही में उन्होंने अपने जीवन के कई पहलुओं को लेकर फिल्मफेयर से खुलकर बात की। मिर्गी के बारे में बात करते हुए उन्होंने साझा किया कि उन्हें 'दंगल' फिल्म की शूटिंग के दौरान इस बीमारी का पता चला था। फातिमा के मुताबिक एक न्यूरोलॉजिकल डिसऑर्डर होने के बावजूद उन्होंने खुद को मानसिक रूप से मजबूत बना रखा है। वह अब इसे अपने काम के बीच कभी आड़े नहीं आने देतीं। फातिमा ने कहा कि उन्होंने इसे स्वीकार कर लिया है और इससे निपटने के लिए मदद भी ली है।उन्होंने कहा कि मैं अब इसे स्वीकार कर चुकी हूं, क्योंकि ये मेरे नियंत्रण के बाहर की चीज है।



# झांसी में 'बॉर्डर-2' की शूटिंग शुरू की

**मुंबई।** वरुण धवन ने आखिरकार अपनी आगामी देशभक्ति एक्शन फिल्म बॉर्डर 2 के पहले शेड्यूल की शूटिंग शुरू कर दी है। अनुराग सिंह द्वारा निर्देशित इस फिल्म की शूटिंग का पहला चरण उत्तर प्रदेश के झांसी में हो रहा है। फिल्म में सनी देओल, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। फिलहाल वे लोग शूटिंग में शामिल नहीं हुए हैं। झांसी के सैन्य छावनी क्षेत्र में स्थापित बॉर्डर 2 का उद्देश्य अपनी मनोरंजक कहानी, एक्शन सीन्स के साथ सच्ची घटनाओं को पर्दे पर दिखाना है। इंस्टाग्राम पर निर्माताओं ने बॉर्डर 2 के सेट से एक तस्वीर शेयर की है, जिसमें वरुण निर्माता भूषण कुमार और निधि दत्ता, सह-निर्माता शिव चानना और निर्देशक अनुराग सिंह के साथ पोज देते नजर आ रहे हैं।

टीवी मसाला



# किसी को 'लड़कीबाज' कहने का हक नहीं

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 18 के खत्म होने में अब सिर्फ दो दिन ही बचे हैं। बिग बॉस का ग्रैंड फिनाले रविवार 19 जनवरी को है। फिनाले वीक में अब कंटेस्टेंट के एक-एक करके जर्नी वीडियो सामने आ रहे हैं। वहीं, बीते दिनों शिल्पा शिरोडकर घर से बेघर हुई हैं। शिल्पा के जाते ही इस सीजन को उसके टॉप 6 मिल चुके हैं। फिलहाल अब देखना ये है कि अब बेघर होने का नंबर किसका है। 'बिग बॉस 18' में सभी कंटेस्टेंट्स का सफर उतार-चढ़ाव से भरा रहा। लेकिन सबसे ज्यादा सुर्खियों में अविनाश मिश्रा रहे। वो तब ज्यादा चर्चा में आए जब कशिश कपूर ने उन्हें 'लड़कीबाज' कहा था। इस मामले ने काफी तूल पकड़ा था। ऐसे में अब अविनाश के सपोर्ट में उनकी खास दोस्त और 'गुम है किसी के प्यार में' की एक्ट्रेस अंकिता खरे आई है। अंकिता ने कहा, 'मुझे लगता है कि किसी को भी बेबुनियाद चीजों पर किसी को 'लड़कीबाज' कहने का हक नहीं है। खासकर नेशनल टीवी पर, जो कि किसी की जिंदगी को दागदार कर सकता है। हम उसके दोस्त, परिवार सब जानते हैं कि वो कैसा इंसान है। हमें किसी और से कैरेक्टर सर्टिफिकेट लेने की जरूरत नहीं।' उन्होंने कहा, 'अविनाश ने अपना खेल शानदार तरीके से खेला है, और मुझे लगता है कि उनके पास ट्रॉफी उठाने का अच्छा मौका है।' आपको बता दें कि शो में अब अविनाश मिश्रा के अलावा, विवियन डीसेना, करण वीर मेहरा, चुम दरांग, ईशा सिंह, रजत दलाल फिनाले की रेस में आगे बढ़ रहे हैं।

## अर्शी को हुई झनक की चिंता

**नई दिल्ली।** स्टार प्लस के सीरियल झनक में अबतक आपने देखा कि अनिरुद्ध अपने दोस्त विहान से मिलने पहुंच गया है। जल्द ही अनिरुद्ध का सामना झनक से होगा। इस बीच बोस हाउस में अर्शी का बदला हुआ रूप देखकर हर कोई हैरान रह जाएगा। अबतक जो अर्शी तनूजा और बिपाशा के साथ सुर में सुर मिलाकर अपनी बड़ी मां को परेशान करती थी, वो उनका जन्मदिन मनाने पहुंचेगी। वो उनके लिए तोहफा भी लेकर जाएगी। अर्शी का ये बदला हुआ रूप देखकर हर कोई हैरान रह जाएगा। बोस हाउस में लल्लॉन और अप्पू बड़ी मां का जन्मदिन धूमधाम से मनाएंगे। उनके जन्मदिन में घर के सभी सदस्य शामिल होंगे। जन्मदिन में हिस्सा लेने के लिए अर्शी भी आएगी। वो अपनी बड़ी मां का जन्मदिन अच्छे से मनाना चाहती है। अनिरुद्ध की मां जब गिफ्ट को लेकर सवाल करेंगी तो अर्शी उन्हें कहेगी अब वो अपनी लाइफ के निर्णय खुद ले रही है और वो तोहफा घर से सबसे ज्यादा डिजर्विंग सदस्य को दे रही है। साथ ही वो सबके सामने झनक को लेकर भी चिंता व्यक्त करती है।



# 'इशारों-इशारों में दिल लेने वाले' ओपी नय्यर जिनके संगीत से सजे नगमें आज भी हैं सदाबहार

***नई दिल्ली।*** *बाबू जी धीरे चलना, आओ हुजूर तुमको सितारों में ले चलू, जैसे शानदार गानों को कंपोज करने वाले ओपी नय्यर को अपने शानदार गानों के लिए सर्वश्रेष्ठ संगीत निर्देशक का फिल्मफेयर और नेशनल पुरस्कार मिल चुका है। ओपी नय्यर ने संगीत निर्देशक के रूप में पहली बार आसमान फिल्म के गानों को तैयार किया था, ये सदाबहार नगमें श्रोताओं को आज भी लुभाते हैं।*

***लेके पहला पहला प्यार :*** सीआईडी फिल्म के गाने 'लेके पहला पहला प्यार'गाने को फैंस सुनना पसंद करते हैं। इस गाने को ओपी नैय्यर ने लिखा और शमशाद बेगम, आशा भोंसले, मोहम्मद रफी की जोड़ी ने गाया था।

***इक परदेसी मेरा दिल ले गया :*** 'इक परदेसी मेरा दिल ले गया' गाने को ओपी नय्यर ने ही संगीत दिया है। फागुन फिल्म के इस गाने को मधुबाला पर फिल्माया गया है। गाने को आवाज आशा भोसले और मोहम्मद रफी की जोड़ी ने दी है।

***जानें कहां मेरा जिगर गया जी :*** साल 1955 में आई फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेस 55' फिल्म के गाने 'जानें कहां मेरा जिगर गया जी' का निर्देशन ओ पी नय्यर ने किया। इस गाने को श्रोता आज भी सुनना पसंद करते हैं।



***ये चांद सा रोशन चेहरा :*** ओपी नय्यर के दिए संगीत का जादू 'ये चांद सा रोशन चेहरा' गाने में देखने को मिलता है। इस गाने को शर्मिला टैगोर और शम्मी कपूर पर फिल्माया गया। साल 1964 में आई फिल्म कश्मीर की कली के गाने को फैंस आज भी बड़े शौक से सुनते हैं।

***इशारों इशारों में दिल लेने वाले :*** साल 1964 में आई फिल्म 'करिश्मा की कली' के गाने 'इशारों-इशारों में दिल लेने वाले' गाने को मोहम्मद रफी और आशा भोंसले ने गाया है। इस गाने को ओपी नय्यर ने संगीत दिया है।

***कजरा मोहब्बत वाला :*** किस्मत फिल्म के गाने 'कजरा मोहब्बत वाला' आज भी लोग शादी में अपने डांस के लिए जरूर चुनते हैं। इस गाने को ओ पी नय्यर ने कंपोज किया है। गाने को आशा भोसले और शम्शाद बेगम ने गाया है।

# सैफ अली से पहले इन सितारों के खून के प्यासे हुए बदमाश...

**मुंबई।** सैफ अली खान पर चाकू से हमला हुआ है, जिसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया। सैफ अली खान से पहले ये स्टार्स भी हमले का दर्द सह चुके हैं। सलमान खान से लेकर शक्ति कपूर तक इन सितारों पर जानलेवा हमला हुआ था।



**सलमान खान :** सलमान खान को कई बार जान से मारने की धमकी मिल चुकी है। एक्टर के घर के बाहर फ़ाइरिंग हुई थी। रात के समय यह मामला घटित हुआ था, जिसके बाद उनकी सुरक्षा बढ़ाई गई। सलमान खान पर कई बार हमले की कोशिश हो चुकी है।



**राकेश रोशन :** राकेश रोशन पर अंडरवर्ल्ड ने दिन-दिहाड़े गोली बरसा दी थी। दो गोलियां उनको लगी थी। इस घटना ने बॉलीवुड को हैरान कर दिया था। हालांकि बाद में राकेश रोशन ठीक हो गए थे।



**एपी ढिल्लों :** कुछ महीने पहले एपी ढिल्लों के घर के बाहर गोलीबारी हुई थी। बताया गया था कि लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने उनपर हमला किया है। इस हमले में सिंगर को चोट भी आई थी और लंबे समय तक उनकी सुरक्षा बढ़ाई गई थी।



**सोनू निगम :** लाइव कॉन्सर्ट के दौरान सोनू निगम पर कुछ लोगों ने हमला कर दिया था। जिस वजह से उन्हें गहरी चोट भी आई थी। सोनू निगम के साथ उनके भाई भी घायल हो गए थे।



**आदित्य नारायण :** उदित नारायण के बेटे आदित्य नारायण पर लाखों लोगों से भरे कॉन्सर्ट में हमला हुआ था। एक व्यक्ति बार-बार उनके पैरों पर मार रहा था। बाद में आदित्य ने उसपर फोन फेंककर मारा था।

## खुशी और जुनैद की लव स्टोरी फिल्म 'लवयापा' जल्द होगी रिलीज

# ये लव स्टोरी वाली फिल्में रहीं लीक से हटकर, दर्शकों ने भी खूब सराहा

***नई दिल्ली।*** *बॉलीवुड में अधिकतर फिल्मों में प्रेम कहानियां ही होती हैं, जिनकी स्टोरी लगभग एक जैसी नजर आती है। लेकिन समय के साथ बॉलीवुड में ऐसी लव स्टोरी बेस्ड फिल्में भी बनीं, जो नए जमाने के हिसाब से रहीं। साथ ही इन फिल्मों की कहानियां भी काफी हटकर रहीं। जल्द ही श्रीदेवी की बेटी खुशी कपूर और आमिर खान के बेटे जुनैद खान की फिल्म 'लवयापा' रिलीज होगी। इस फिल्म के ट्रेलर से पता चलता है कि यह फिल्म एक न्यू एज लव स्टोरी है। इसमें जेन जी जनरेशन के एक लड़का-लड़की के बीच प्यार होता है लेकिन शादी से पहले लड़की के पापा शर्त रखते हैं कि दोनों अपना फोन अदल-बदल लेंगे। क्या इसके बाद भी इनका प्यार बना रहेगा, यही फिल्म की कहानी होने वाली है। इस तरह की लीक से हटकर लव स्टोरी पहले भी बॉलीवुड में बनी हैं, जिन्हें दर्शकों ने काफी पसंद भी किया।*



### जाने तू या जाने ना

रोमांटिक कॉमेडी फिल्म 'जाने तू या जाने ना' (2008) जब रिलीज हुई थी तो दर्शकों को यह काफी अलग किस्म की लव स्टोरी लगी। इसमें लड़का-लड़की दोस्त होते हैं, वह हमेशा दोस्त रहना चाहते हैं। लेकिन जब दोनों किसी और रिलेशनशिप में जाते हैं तो उन्हें अहसास होता है कि वे एक-दूसरे से प्यार करते हैं। फिल्म में इसी कहानी को कभी कॉमेडी तो कभी सीरियस अंदाज में दिखाया। फिल्म में लीड रोल में जेनेलिया और इमरान खान नजर आए थे।

### ये जवानी है दीवानी



रणबीर कपूर और दीपिका पादुकोण स्टारर फिल्म 'ये जवानी है दीवानी (2013)' में भी हीरो अपनी शर्तों पर जिंदगी जीना चाहता है, वह कहीं बंधकर नहीं रहना चाहता है। बनी यानी रणबीर कपूर का किरदार जिंदगी को भरपूर जीना चाहता है। हीरो की यही सोच, उसे उसके प्यार यानी नैना से दूर कर देती है। इस लव स्टोरी फिल्म को भी ऑडियंस ने पसंद किया था क्योंकि कहानी को बड़े ही अलग ढंग से कहा गया।

### जब वी मेट



करीना कपूर और शाहिद कपूर की फिल्म 'जब वी मेट (2007)' भी एक अलग तरह की लव स्टोरी रही। इसमें गीत यानी करीना कपूर का किरदार, शाहिद कपूर के किरदार आदित्य को जिंदगी से फिर से प्यार करना सीखा देती है। फिल्म रोमांटिक कॉमेडी थी, इसे इम्तियाज अली ने निर्देशित किया था।

### वेक अप सिड

रणबीर कपूर की ही एक फिल्म 'वेक अप सिड (2009)' भी थी, इसमें रणबीर का किरदार एक जिम्मेदारी ना लेने वाले लड़के का रहा। वहीं,



कोंकणा सेन शर्मा का किरदार फिल्म में एक महत्वकांक्षी राइटर का है। वह रणबीर के किरदार को जिंदगी जीना सीखाती है, फोकस रहने के लिए मोटिवेट करती है। साथ ही इनके बीच एक लव स्टोरी भी चलती है।

# वोक्हार्ट हॉस्पिटल के न्यूरोसर्जन ने पहली बार दुर्लभ स्पाइन विकार को ठीक किया

नागपुर।

क्षेत्र में जटिल पेडियाट्रिक स्पाइन विकृति के लिए पहली बार मल्टीमोडैलिटी इंट्राऑपरेटिव न्यूरोमॉनिटरिंग गाइडेड सर्जरी सफलतापूर्वक की गई, जो उन्नत न्यूरोलॉजिकल उपचार में महत्वपूर्ण साबित हुई। इस ऐतिहासिक उपलब्धि ने वोक्हार्ट सुपरस्पेशियलिटी हॉस्पिटल्स, नागपुर को मध्य भारत में अत्याधुनिक चिकित्सा उपचार का प्रमुख केंद्र बना दिया है।



एक 3 साल के बच्चे को चलने में कठिनाई और मल/मूत्र पर नियंत्रण खोने की शिकायत के साथ वोक्हार्ट हॉस्पिटल लाया गया। उसके रीढ़ की हड्डी में असामान्य झुकाव (जिसे स्कोलियोसिस कहा जाता है) और दोनों पैरों में ऑर्थोपेडिक विकृति (बायलैटरल क्लब फीट) भी थी। उसकी एमआरआई और सीटी स्कैन से एक जटिल असामान्यता का पता चला, जिसमें रीढ़ की हड्डी दो भागों में विभाजित थी और इसके बीच एक हड्डी की नोक थी और निचले हिस्से में फैटी ट्यूमर था और रीढ़ की हड्डी का निचला सिरा सामान्य से नीचे स्थित था। इस विकृति को "डायस्टेमेटोमाइलिया विद हेमिकॉर्ड एंडिंग इनटू कंटिग्यूस डोर्सल लिपोमा एंड टेथर्ड फिलम टर्मिनाले विद फैटी इन्फिल्ट्रेशन" कहा जाता है, (यानी डायस्टेमेटोमाइलिया जिसमें हेमीकॉर्ड का अंत सन्निहित पृष्ठीय लिपोमा और फैटी इन्फिल्ट्रेशन के साथ टेथर्ड फिलम टर्मिनल में होता है) जो एक बहुत ही दुर्लभ विकार है।

डॉ. कार्तिक मनोज मुल्तानी मस्तिष्क और रीढ़ की सर्जरी के विशेषज्ञ डॉक्टर हैं, जिन्हें एंडोस्कोपिक सर्जरी और उन्नत ब्रेन ट्यूमर सर्जरी में विशेष प्रशिक्षण प्राप्त है, जिसमें नेविगेशन, डाई-गाइडेड ट्यूमर सर्जरी, आईओएनएम, एमआरआई और सोनोग्राफी के साथ इंट्राओपरेटिव इमेजिंग जैसे उन्नत तकनीकों का उपयोग शामिल है, जो जटिल बीमारियों के लिए सर्जरी की सुरक्षा और प्रभावशीलता को बढ़ाता है।

# तंबाकू का सेवन और कैंसर के बीच घातक संबंधः डॉ. अमोल डोंगरे

**नागपुर।** कैंसर के खिलाफ चल रहे संघर्ष में, एक सबसे बड़ा दुश्मन है 'तंबाकू' जो सबसे ज्यादा खतरनाक है। दशकों के शोध से पता चला है कि तंबाकू के सेवन और विभिन्न प्रकार के कैंसर के बीच जटिल और विनाशकारी संबंध है। फेफड़ों के कैंसर से लेकर अग्नाशय के कैंसर और अन्य प्रकार के कैंसर तक, तंबाकू का सेवन और कैंसर की घटनाओं और मृत्यु दर के बीच का संबंध स्पष्ट है। डॉ. अमोल डोंगरे, मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट, मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, नागपुर ने इसके बारे में जानकारी साझा की।



## फेफड़ों के कैंसर की महामारीः

इस घातक संबंध में सबसे आगे फेफड़ों का कैंसर है, जो दुनिया भर में कैंसर के सबसे प्रचलित और जानलेवा प्रकारों में से एक है। इसका मुख्य कारण तंबाकू का धुआं है, जिसमें कम से कम 70 ज्ञात कार्सिनोजेन (कैंसर पैदा करने वाले तत्व) सहित 7,000 से अधिक रसायन होते हैं। इन जहरीले धुएं का साँस के जरिए शरीर में प्रवेश, फेफड़ों के नाजुक ऊतकों को गंभीर नुकसान पहुंचाता है, जिससे कोशिकाओं में उत्परिवर्तन और कोशिकाओं की अनियंत्रित वृद्धि होती है।विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, फेफड़ों के कैंसर के लगभग 90% मामलों के लिए तंबाकू का सेवन जिम्मेदार है। इसके अलावा, जर्नल ऑफ द नेशनल कैंसर इंस्टीट्यूट में प्रकाशित शोध के अनुसार, धूम्रपान करने वालों में फेफड़ों के कैंसर का खतरा धूम्रपान न करने वालों की तुलना में 15 से 30 गुना अधिक होता है।

## फेफड़ों के कैंसर अलावाः

तंबाकू से संबंधित कैंसर की चर्चा में फेफड़ों के कैंसर पर सबसे अधिक ध्यान दिया जाता है, लेकिन तंबाकू के हानिकारक प्रभाव केवल श्वसन तंत्र तक सीमित नहीं हैं। अध्ययनों से पता चला है कि मुंह, गला, अन्नप्रणाली, अग्न्याशय, मूत्राशय, किडनी, गर्भाशय ग्रीवा और अन्य अंगों को प्रभावित करने वाले कैंसर के विकास में तंबाकू का सेवन शामिल है।उदाहरण के लिए, जर्नल ऑफ द अमेरिकन मेडिकल एसोसिएशन में प्रकाशित एक मेटा-विश्लेषण में पाया गया कि धूम्रपान अग्न्याशय के कैंसर के जोखिम को दो गुना बढ़ा देता है। इसी तरह, इंटरनेशनल एजेंसी फॉर रिसर्च ऑन कैंसर (IARC) ने तंबाकू के धुएं को मूत्राशय के कैंसर का एक ज्ञात कारण बताया है।

## सेकेंड हैंड स्मोक का प्रभावः

तंबाकू का खतरा केवल धूम्रपान करने वालों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि उनके आसपास के लोगों को भी अपनी चपेट में ले लेता है। सेकेंड हैंड स्मोक, जिसमें प्रत्यक्ष धुएं के समान कई कार्सिनोजेन (कैंसरकारी तत्व) होते हैं, धूम्रपान न करने वालों के लिए भी गंभीर खतरा पैदा करता है। अमेरिकन कैंसर सोसाइटी की रिपोर्ट के अनुसार, सेकेंड हैंड स्मोक के संपर्क में आने से धूम्रपान न करने वाले वयस्कों में फेफड़ों के कैंसर का खतरा 20-30% तक बढ़ जाता है और यह नवजात शिशुओं में सडन इंफेंट डेथ सिंड्रोम (SIDS) का एक ज्ञात कारण है।

**दाल-दलहन उद्योग से जुड़े लोगों की मांग**

### व्यापारी बोले- एग्री कमोडिटी का भारत बन गया है डंपिंग प्वाइंट

# कनाडा जैसे देशों से आ रही पीली मटर के आयात पर लगाए प्रतिबंध

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल



**व्यापारियों आयातकों और किसानों को भारी वित्तीय नुकसान**

पीली मटर पर आयात शुल्क (इंपोर्ट ड्यूटी) लगाने की तत्काल आवश्यकता है। क्योंकि पूर्व में भारत सरकार द्वारा पीली मटर के आयात पर 200 फीसदी का आयात शुल्क लगाया था, लेकिन वर्तमान में पीली मीटर पर शून्य आयात शुल्क की पॉलिसी बनाई गई।

जिससे पीली मटर के निर्यातक देश जैसे कनाडा से भारी मात्रा में मटर भारत में आयात होने लगा और भारत पीली मटर का डंपिंग ग्राउंड बनता जा रहा है। यह कहना है दाल-दलहन उद्योग से जुड़े कारोबारियों का। कारोबारियों ने कहा कि पीले मटर का अत्यधिक आयात हो जाने के कारण व्यापारियों, आयातकों और किसानों को भारी वित्तीय नुकसान हुआ है और यह किसानों की बढ़ती आय को को प्रभावित कर रहा है।

### विदेशी आयात किसानों की बढ़ती आय को भी प्रभावित कर रहा



दलाल लोकेश कुमार एंड कंपनी के रोहित जैन के अनुसार गत वर्ष कुल 30 लाख टन पीली मटर का आयात हुआ है, जिनमें से केवल 15 लाख टन का उपयोग हुआ है और बाकी 15 लाख टन गोदामों में संग्रहित है। यह अधिशेष अगले 1.5 से 2 वर्षों तक की मांग को पूरा करने के लिए पर्याप्त है। जबकि दुनिया भर में पीली मटर का उपयोग मुख्य रूप से पशु आहार के रूप में होता है। भारत में इसका मानव उपभोग के लिए उपयोग किया जाता है, जिससे बाजार पर और दबाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि इससे व्यापारियों, निर्माताओं और आयातकों को भारी वित्तीय नुकसान हुआ है और यह किसानों की बढ़ती आय को भी प्रभावित कर रहा है।

### दाल उद्योग की स्थिरता के लिए एक गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया



वहीं भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष तेजकुलपाल सिंह पाली ने कहा कि भारत की दाल उद्योग की स्थिरता के लिए एक गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है। तुअर की खेती का क्षेत्रफल लगभग 10 फीसदी चढ़ा है और अनुकूल मौसम की स्थिति के चलते 42 लाख टन की औसत से अधिक उत्पादन होने की संभावना है जो पिछले वर्ष से लगभग 20 फीसदी अधिक है। अफ्रीका और म्यांमार से लगभग 8 लाख टन आयात पहले ही किया जा चुका है, जिसमें से 5 लाख टन गोदामों में है और मार्च 2025 तक अतिरिक्त 5 लाख टन की उम्मीद है। इस स्थिति में तुअर की कीमतें 7500 प्रति क्विंटल की न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से नीचे गिरने की संभावना है।

### तुअर की कीमतें अपने उच्चतम स्तर से कम हो चुकी



अनाज, दाल-दलहन एवं तिलहन व्यापारी संघ सिरोंज के अध्यक्ष समीर भार्गव ने कहा कि तुअर की कीमतें पहले ही अपने उच्चतम स्तर से कम हो चुकी हैं। ऑस्ट्रेलिया में बंपर फसल के कारण आयात में काफी वृद्धि हुई है ,जो पिछले वर्ष के उत्पादन से पांच गुना अधिक है। अनुमानित 17 लाख टन चना मार्च 2025 तक भारत में आने की उम्मीद है, जो घरेलू कमी की स्थिति में पर्याप्त आपूर्ति प्रदान करेगा। भारत चना उत्पादन में आत्मनिर्भर है और यदि चना की कीमतों गिरती है तो किसान आगे चना बोने के लिए प्रेरित नहीं होंगे।

### किसान और दाल उद्योग पर मंडराते खतरे की रक्षा हो



भोपाल ग्रेनमर्चेंट एंड ऑयल सीड्स एसोसिएशन के अध्यक्ष हरीश ज्ञानचंदानी ने कहकि केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मांग की है कि पीली मटर के आयात पर तुरंत प्रतिबंध लगाया जाए, ताकि किसान और दाल उद्योग पर मंडराते खतरे की रक्षा हो सकें। इसके साथ ही इस उद्योग पर निर्भर लाखों लोगों की आजीविका की सुरक्षा की जा सके। उन्होंने कहा कि दालों की कीमतें वर्तमान में स्थिर है और समग्र उद्योग पर गंभीर दबाव है। यह निर्णायक कदम इस क्षेत्र को पुनर्जीवित करने और संबंधित पक्षों के बीच आगे के संकट को रोकने में मदद करेगा।

### 'स्टार्टअप इंडिया एक्शन प्लान' पीएम मोदी की है दूरदृष्टि और दृष्टिकोण का प्रमाण : संजीव

# पिछले नौ साल में पीएम मोदी की 'स्टॉर्टअप इंडिया' की योजना ने युवाओं को सशक्त बनाया

**सरकार ने एफएफएस के लिए 10,000 करोड़ रु. की पूंजी उपलब्ध कराई**




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पिछले दस सालों में हममें से कई लोगों को यह समझ आया है कि एक जीवंत ज्ञान और नवाचार से प्रेरित स्टार्टअप ईकोसिस्टम हमारी विकसित भारत 2047 की यात्रा के लिए कितना जरूरी है। यह बात संजीव, आईआरएस, सचिव, उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार ने कही।



उन्होंने कहाकि यह सब जानते हैं कि अमेरिका और चीन के बाद भारत का स्टार्टअप ईकोसिस्टम दुनिया में नंबर तीन पर है। हालांकि सिर्फ 9 साल पहले, देश में स्टार्टअप इकोसिस्टम लगभग न के बराबर था। सबसे अच्छा कहें तो यह अपनी शुरुआती अवस्था में था। यह हमारे प्रधानमंत्री की दूरदृष्टि और दृष्टिकोण का प्रमाण है कि स्टार्टअप इंडिया एक्शन प्लान जनवरी 2016 में इस उद्देश्य के साथ लांच किया गया था कि देश के स्टार्टअप इकोसिस्टम को निर्माण और विस्तार किया जा सके। डीपीआईआईटी सचिव संजीव ने कहाकि इस एक्शन प्लान का प्रारंभिक क्रियान्वयन उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) ने किया। यह विभाग वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय का हिस्सा है। इसके तहत कारोबार में आसानी, मदद, वित्त और फंडिंग तक पहुंच को आसान बनाना और इंक्यूबेशन, इंडस्ट्रीज-एकेडेमिक पार्टनरशिप शामिल हैं। आज जब हम 10 वें साल में प्रवेश कर रहे हैं तो सरकार के प्रयासों पर जिस तरह देश की सामुहिक उद्यमशीलता की भावना निकलकर सामने आई वह सोचकर आज हम हैरान ही रह सकते हैं। इसी भावना ने देश के स्टार्टअप ईकोसिस्टम में अभूतपूर्व बदलाव लाकर उसे वहां पहुंचाया जहां आज वह है। 2016 में स्टार्टअप की फंडिंग को लेकर कई तरह की चुनौतियां थी। इसके कई तरह के ज्ञात कारण थे। नई पीढ़ी के उद्यमी, बिजनेस मॉडल अपरीक्षित थे। उनकी बिजनेस कर पाने की दक्षता का भी आकलन बाकी था। इन स्टार्टअप के लिए पूंजी एकत्र करना, फंडिंग जुटाना और कर्ज तक उपलब्धता एक प्रमुख जरूरत थी। इसलिए स्टार्टअप इंडिया एक्शन प्लान के तहत भारत सरकार ने 2016 में फंड ऑफ फंड्स फॉर स्टार्टअप (एफएफएस) लांच किया। यह देश के स्टार्टटप ईकोसिस्टम के लिए उठाया गया, अभूतपूर्व कदम था। सरकार ने एफएफएस के लिए 10,000 करोड़ रुपए की पूंजी उपलब्ध कराई। इसके बाद एफएफएस ने सीधे स्टार्टअप में निवेश करने के बजाय फंड ऑफ फंड का विकल्प चुना। इसके तहत फंड वैकल्पिक इंवेस्टमेंट फंड (एआईएफ) में डाला गया।

## राशिफल

**मेष** किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है। सन्तान के स्वास्थ्य में सुधार होगा। मानसिक शान्ति रहेगी। शिक्षा में व्यवधान आ सकते हैं।

**वृष** अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। कुटुम्ब की किसी महिला से धन की प्राप्ति हो सकती है। मन में नकारात्मक विचारों का प्रभाव हो सकता है।

**मिथुन** चिकित्सीय खर्च और भवन के मरम्मत पर खर्च बढ़ सकते हैं। वाणी में कठोरता रहेगी। वाणी का प्रभाव भी बढ़ेगा। समाज में मान-सम्मान मिलेगा।

**कर्क** मन में निराशा एवं असन्तोष रहेगा। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी।

**सिंह** न परेशान रहेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव बढ़ सकता है। आत्मविश्वास रहेगा। भवन सुख में वृद्धि हो सकती है। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते

**कन्या** शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा, परन्तु स्वास्थ्य का ध्यान भी रखें। आत्मविश्वास बढ़ेगा। मन में शान्ति का प्रभाव रहेगा। धैर्यशीलता में कमी रहेगी।

**तुला** बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। आय के स्रोत भी विकसित होंगे। कला एवं संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। भवन सुख में वृद्धि हो सकती है।

**वृश्चिक** शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। किसी मित्र के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते हैं। कारोबार की स्थिति मजबूत होगी।

**धनु** वाणी में सौम्यता रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता रहेगी। नौकरी में बदलाव की स्थिति बन रही है। भाई-बहनों का सानिध्य एवं सहयोग मिलेगा।

**मकर** शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। कारोबार में किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। किसी मित्र के सहयोग से किसी सम्पत्ति में निवेश कर सकते हैं।

**कुंभ** नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा। क पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। क्रोध एवं आवेश की अधिकता रहेगी।

**मीन** परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। जीवनसाथी को स्वास्थ्य विकार रहेंगे। चिकित्सीय खर्च बढ़ेंगे।

# हल्दी उत्पादन बढ़ाने और किसानों को सशक्त बनाने के लिए भारत को हस्तक्षेप की जरूरत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड के शुभारंभ के एक दिन बाद आईसीआरआईईआर और एमवे इंडिया एंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड ने मेकिंग इंडिया द ग्लोबल हब फॉर टरमरिक" शीर्षक से एक संयुक्त रिपोर्ट का अनावरण किया, जिसमें हल्दी किसानों के सामने आने वाली चुनौतियों को लेकर उल्लेख किया गया।

साथ ही वैश्विक हल्दी बाजार में भारत की स्थिति को और मजबूत करने के लिए एक रोडमैप पेश किया गया। इससे पहले केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने देश के प्रमुख हल्दी केंद्रों में से एक उत्तरी तेलंगाना के निजामाबाद में बोर्ड के कार्यालय का औपचारिक उद्घाटन किया। नए बोर्ड का लक्ष्य 2030 तक हल्दी के निर्यात को 1 बिलियन अमरीकी डॉलर तक बढ़ाना है। आईसीआरआईईआर -एमवे रिपोर्ट में बताया गया है कि 2020 में 58.2 मिलियन अमरीकी डॉलर मूल्य का वैश्विक हल्दी बाजार 2028 तक 16.1 प्रतिशत की सीएजीआर से बढ़ने की उम्मीद है। रिपोर्ट के अनुसार हल्दी से जुड़े भारतीय किसानों को उतार-चढ़ाव की कीमतों, सीमित बाजार पहुंच और कटाई के बाद के बुनियादी ढांचे की कमी जैसी बाधाओं का सामना करना पड़ रहा है। भारत में 2023-24 में 1,041,730 मीट्रिक टन उत्पादन के साथ 297,460 हैक्टेयर में हल्दी की खेती करने के बावजूद उत्पादन को मजबूत करने और किसानों को सशक्त बनाने के लिए लक्षित हस्तक्षेप की तत्काल आवश्यकता है। रिपोर्ट में किसानों की समस्याओं और चुनौतियों को रेखांकित करते हुए आगे का रास्ता भी सुझाया गया है।

# बैंक ऑफ इंडिया का तीन दिवसीय एकमुश्त समझौता 20 से

**भोपाल।** बैंक ऑफ इंडिया ने देशभर में अपनी सभी शाखाओं में एकमुश्त समझौता के तहत उधारकर्ताओं के एनपीए ऋण खातों को निपटान करने के लिए 20 से 22 जनवरी 2025 तक समझौता न्यू ईयर ऑनसेट का आयोजन कर रहा है। समझौता दिवस विशेष रूप से एनपीए उधारकर्ताओं के लिए बनाया गया है जो उधारकर्ता की व्यावसायिक, स्वास्थ्य संकट के कारण या किसी अन्य वास्तविक कारण के कारण समय पर अपना ऋण नहीं चुका सके। बैंक के पास छोटे मूल्य के खातों और मध्यम आकार के खातों को निपटाने के लिए विशेष ओटीएस योजनाएं है। जिनके माध्यम से उन उधारकर्ताओं जिनके खाते एनपीए हैं और ओटीएस के माध्यम से हल करने के लिए तैयार हैं उनको विशेष छूट दी जाती है। ओटीएस राशि के शीघ्र भुगतान पर अतिरिक्त छूट भी उपलब्ध है।

हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें
मों. 9340637789

**आवश्यकता**

आवश्यकता है- आकर्षक ऑफर, पैन पेंसिल कंपनी में घर बैठे काम करके शिक्षित, बेरोजगार, लड़के - लड़कियां, महिलाऐं - पुरुष पैकिंग (24500 से 64500) महीना कमाऐ, फन्ड + बोनस- 9899306231 (रायपुर /18 /जनवरी 25)

**टॉवर**

टावर - सरकारी मान्य कंपनी द्वारा जमीन खेत प्लॉट पर 5g टावर लगवा कमाएं 30 से 60 लाख एडवांस 45000 किराया +नौकरी जमीनी कागज नक्शा ऑफिस लाएं या घर बैठे ऑनलाइन सर्वे पास कराएं 9407780635, 8319401203\ (भोपाल/ 16 /जनवरी

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।

18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844

## शब्द पहेली - 5750



**बाएँ से दाएँ**
1.सहयोग की भावना-5
4.अकस्मात,एकाएक-4
7.पराजय-2
8.नाव चलाने वाला-3
9.भीगा हुआ-2
10.अनुवाद-4
11.बेल-2
13.योग्य,सही-3
14.घोड़ा गाड़ी-2
15.काव्य,गजल-3
17.अद्वैतभाव,कुर्बान-2
19.नामकरण-2,3
22.राजा का महल-5
25.प्रेम,ममता-2
26.कपड़े की दीवार-3
28.रास्ता,मार्ग-2
29.सिर,खोपड़ी-3
30.माप-2
32.गुस्सा करना-4
34.व्यंग,चुटीली बात-2
36.नायक,नेता-3
37.एक आंख वाला-2
38.रचनाकार-4
39.कृष्ण का एक नाम-3,2

**ऊपर से नीचे**
1.महोदय (अंग्रेजी-2)
2.डरपोक,भीरू-3
3.व्यंग कसना -5
4.बुद्धि-3
5.झुका हुआ-2
6.कर देने वाला-4
7.चोरी करना,छीनना (मु.-2,3)
10.तहखाना-4
12.एकटक देखना-2
16.वियोग,जुदाई-3
17.आमिर,काजोल की नई फिल्म-2
18.खुजली-2
20.घोटना,मंथन करना-3
21.पत्र,चिट्ठी-2
22.रास्ता-2
23.सुगंधित होना-4
24.बिजली का कौंधना-5
25.कुलीन स्त्री,देवी (उर्दू-5)
26.भगवान,ईश्वर-4
27.पेड़ का मध्य भाग-2
31.पटाखे की बाती,-3
33.अभिव्यक्ति-3
35.नृत्य,डांस-2
37.छोटी सवारी गाड़ी-2

**शब्द पहेली- 5749 का हल**



## सूडोकु नवताल - 5761

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | | | | 9 | 6 | | |
| | | | | | | 1 | 4 | |
| | | | 2 | 8 | | | | |
| | | | 8 | | | | 5 | 2 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| 1 | 4 | | | | 3 | | | |
| | | | | 4 | 1 | | | |
| | 2 | 5 | | | | | | |
| | | 3 | 7 | | | | | 4 |

MANGAL SENACHA BANGALORE

**सूडोकु नवताल - 5760 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 2 | 3 | 5 | 8 | 9 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 3 | 5 | 9 | 1 | 7 | 4 | 8 | 2 | 6 |
| 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 7 | 2 | 8 | 9 |
| 2 | 7 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 4 | 8 |
| 5 | 9 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

# विजय हजारे ट्रॉफी : नायर ने लगाया रनों का अंबार, 7 मैचों में 5 शतक से बनाए 752 रन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय टीम में वापसी का आस लिए करुण नायर का बल्ला विजय हजारे ट्रॉफी में रुकने का नाम नहीं ले रहा है। एक के बाद एक पांच शतक जड़ने वाले विदर्भ के कप्तान करुण नायर ने दूसरे सेमीफाइनल में एक और उम्दा पारी खेली। नायर ने महाराष्ट्र के खिलाफ 200 की स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी करते हुए 44 गेंद में नाबाद 88 रन की तूफानी पारी खेली।

विजय हजारे ट्रॉफी में नायर ने 8 मैच की 7 पारियों में 752 रन बनाए हैं। इस दौरान नायर का स्ट्राइक रेट 125.96 रहा। खास बात यह है कि उन्होंने इस टूर्नामेंट में कुल 5 शतक लगाए हैं।

वहीं पिछली 7 पारियों में उन्होंने 7 बार फिफ्टी प्लस स्कोर बनाया है। वो पिछली 7 पारियों में एक बार ही आउट हुए हैं। सेमीफाइनल में अगर वह शतक लगा पाते तो यह लगातार छठा शतक होता।




**लगातार छठे शतक से चूके**

बनाए 44 गेंद में नाबाद 88 रन

**नायर की 7 पारियां**

| रन | गेंद | खिलाफ |
|---|---|---|
| 44* | 52 | छत्तीसगढ़ |
| 122* | 108 | जम्मू एंड कश्मिर |
| 163* | 107 | चंडीगढ़ |
| 111* | 103 | तमिलनाडु |
| 112 | 101 | उत्तर प्रदेश |
| 122* | 82 | राजस्थान |
| 88* | 44 | महाराष्ट्र |

## टीम का विशाल स्कोर

करुण नायर जिस तरह से बल्लेबाजी कर रहे थे उसे देखकर यही लग रहा था कि वो छठवां शतक जड़ देंगे, लेकिन ऐसा हो नहीं पाया। दरअसल, विदर्भ के ओपनर यश राठौड़ और ध्रुव शौरी, दोनों 34.4 तक बल्लेबाजी की और दोनों ने शतक लगाया। इसलिए करुण नायर को ज्यादा गेंद खेलने का मौका नहीं मिला। कम गेंद मिलने के बावजूद उन्होंने तूफानी अर्धशतक लगाकर अपनी टीम को 380 रनों के विशाल स्कोर तक पहुंचा दिया।





## सेमीफाइनल का हाल

सेमीफाइनल की बात करें तो महाराष्ट्र के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। विदर्भ के सलामी बल्लेबाजों ने पहले विकेट के लिए 224 रन की साझेदारी कर विशाल स्कोर की नींव रखी। ध्रुव शौरी और यश राठौड़ ने शतकीय पारी खेली। विकेटकीपर बल्लेबाज जितेश शर्मा ने 33 गेंद पर 51 रन की तेज पारी खेली। दूसरे छोर पर पैर जमा चुके करुण नायर ने 44 गेंद पर नाबाद 88 रन की पारी खेली। इसकी मदद से टीम ने तीन विकेट के नुकसान पर 380 रन का स्कोर बनाया।

## खबर संक्षेप



### करमन अब खेल की चुनौती के लिए तैयार

**नई दिल्ली।** भारतीय टेनिस खिलाड़ी करमन कौर थांडी का यह डर अब खत्म हो गया है कि वह चोट के कारण रैकेट उठा पाएंगी या नहीं क्योंकि अगर वह वापसी नहीं कर पाती तो उनका टेनिस करियर खत्म हो जाता। करमन ने आईटीएफ डब्लू50 टूर्नामेंट से वापसी की और बुधवार को हंगरी की खिलाड़ी पन्ना उडवर्दी से 4-6, 1-6 हारने से पहले कड़ी चुनौती पेश की। दिल्ली की इस खिलाड़ी ने अपने मजबूत स्ट्रोक्स से प्रभावित किया। करमन 16 महीनों के लंबे अंतराल के बाद कोर्ट पर उतरी थीं और पूरा मैच खेलना भी एक तरह की जीत थी।

### आयरलैंड पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना

**राजकोट।** आयरलैंड की महिला क्रिकेट टीम पर भारत के खिलाफ तीसरे और अंतिम वनडे में धीमी ओवर गति के लिए बृहस्पतिवार को मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। भारत ने इस मैच को 304 रन से जीतकर श्रृंखला क्लीन स्वीप की। आयरलैंड की टीम निर्धारित समय से दो ओवर पीछे रही जिससे मैच रेफरियों के आईसीसी अंतरराष्ट्रीय पैनल की मैच रेफरी जी एस लक्ष्मी ने आयरलैंड पर जुर्माना लगाया। मैदानी अंपायर किम कॉटन और अक्षय टोट्रे, तीसरे अंपायर वीरेंद्र शर्मा और चौथी अंपायर वृंदा राठी यह जुर्माना तय किया।

### महिला क्रिकेट टीम को वनडे में सर्वश्रेष्ठ बनाना होगा

**राजकोट।** स्मृति मंधाना का मानना है कि वेस्टइंडीज और आयरलैंड के खिलाफ श्रृंखलाओं में 3-0 से मिली जीत इस साल होने वाले 50 ओवरों के विश्व कप की तैयारी के लिए शानदार है और उनकी टीम को इस साल को वनडे क्रिकेट में अपना सर्वश्रेष्ठ साल बनाना होगा। महिला वनडे विश्व कप इस साल भारत में होना है।

आस्ट्रेलियाई ओपन : पांच बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन की आसान जीत

# स्वियाटेक से होगा राडूकानू का सामना

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

पांच बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन इगा स्वियाटेक ने आस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में रेबेका स्रामकोवा को 6-0, 6-2 से हरा दिया। अब उनका सामना 2021 अमेरिकी ओपन चैंपियन एम्मा राडूकानू से होगा जिन्होंने अमांडा एनिसिमोवा को 6-3, 7-5 से मात दी। वहीं अमेरिकी ओपन 2024 सेमीफाइनल खेलने वाली एम्मा नावारो ने चीन की वांग शियू को 6-3, 3-6, 6-4 से हराया। अब नवारो का सामना तीन बार ग्रैंडस्लैम उपविजेता रही ओंस जबाउर से होगा जिन्होंने दमे की परेशानी के बावजूद कैमिला ओसोरियो को 7-5, 6-3 से हराया। नौवीं रैंकिंग वाली डारिया कसात्किना ने वांग याफान को 6-2, 6-0 से हराया जबकि 24वीं रैंकिंग वाली यूलिया पुतिनत्सेवा ने झांग शुआइ को 6-2, 6-1 से हराया। छठी वरीयता प्राप्त एलेना रिबाकिना ने अमेरिकी क्वालीफायर इवा जोविच को 6-0, 6-3 से हराया।



### बालाजी की जोड़ी की आसान जीत



भारत के एन श्रीराम बालाजी और मैक्सिको के मिगुल रेयेस वारेला की जोड़ी रॉबिन हासे और अलेक्जेंडर नेदोवयेसोव पर सीधे सेटों में जीत दर्ज करके आस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में पहुंच गई। बालाजी और मिगुल ने डच खिलाड़ी हासे और कजाखस्तान के अलेक्जेंडर को 6-4, 6-3 से हराया। इस बीच रित्विक बोल्लीपल्ली आस्ट्रेलियाई ओपन पुरुष युगल से बाहर होने वाले तीसरे भारतीय बने। इससे पहले रोहन बोपन्ना और युकी भांबरी भी बाहर हो चुके हैं। बोल्लीपल्ली और अमेरिका के रियान सैगरमैन को छठी वरीयता प्राप्त फिनलैंड के हैरी हेलियोवारा और ब्रिटेन के हेनरी पाटेन ने 7-6, 6-1 से मात दी।

### तीन सेट में जीते फ्रिट्ज

पुरुष वर्ग में अमेरिकी ओपन 2024 उपविजेता टेलर फ्रिट्ज ने क्रिस्टियन गारिन को 6-2, 6-1, 6-0 से हराकर तीसरे दौर में जगह बनाई। अब उनका सामना 38 वर्ष के फ्रांस के गाएल मोंफिल्स से होगा। आस्ट्रेलिया के आठवीं वरीयता प्राप्त एलेक्स डि मिनौर, 16वीं रैंकिंग वाले इटली के लोरेंजो मुसेट्टी, 19वीं रैंकिंग वाले कारेन खाचानोव और 21वीं रैंकिंग वाले बेन शेल्टन भी तीसरे दौर में पहुंच गए।



### न्यायमूर्ति अरुण बने बीसीसीआई लोकपाल

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति अरुण मिश्रा को भारतीय क्रिकेट बोर्ड का लोकपाल नियुक्त किया गया है। मिश्रा बीसीसीआई के आचार अधिकारी के रूप में भी काम करेंगे। उन्होंने सात जुलाई 2014 से दो सितंबर 2020 तक उच्चतम न्यायालय में न्यायाधीश की भूमिका निभाई जिसके बाद उन्हें दो जून 2021 को राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। वह एक जून 2024 तक इस पद पर रहे।

क्रिकेट

# कोटक बने भारत के बल्लेबाजी कोच, अभिषेक नायर पर दबाव

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सौराष्ट्र के पूर्व बल्लेबाज सितांशु कोटक को इंग्लैंड के खिलाफ सीमित ओवरों की श्रृंखला और चैंपियंस ट्रॉफी से पहले गुरुवार को भारत का बल्लेबाजी कोच बनाया गया चूंकि आस्ट्रेलिया दौरे पर सहायक कोच अभिषेक नायर का प्रदर्शन आशातीत नहीं रहा। 52 वर्ष के कोटक लंबे समय से राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में बल्लेबाजी कोच हैं। वह सीनियर और ए टीमों के साथ दौरों पर जा चुके हैं। बीसीसीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, 'यह स्पष्ट है कि अभिषेक नायर से खिलाड़ियों को मदद नहीं मिल पा रही है। कोटक लंबे समय से बल्लेबाजी कोच हैं और खिलाड़ी उन पर भरोसा करते हैं।' आस्ट्रेलिया में भारतीय बल्लेबाजों की तकनीकी कमियां उजागर हुई और विराट कोहली आफ स्टम्प से बाहर जाती गेंदों पर विकेट गंवाते रहे। सूत्र ने कहा, 'भारत ए टीम का दौरा होने वाला है और कोटक आम तौर पर ए टीमों के साथ रहते हैं।

**कार्यालय, नगर पंचायत खोंगापानी, जिला- मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (छ.ग.)**
दूरभाष क्र.- 07771-268968, ईमेल आई.डी- cmoKhongapani@rediffmail.com

क्रमांक/1270/न.पं. / 2024-25 खोंगापानी, दिनांक 15/01/2025

// ई-निविदा आमंत्रण सूचना //

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | सिस्टम टेण्डर नं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रू.लाख में) | अमानत राशि (रू.लाख में) | निविदा प्रपत्र शुल्क | समय सीमा | फिजिकल लिफाफा जमा करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 164360 | Design, Construction, Testing, Commissioning of all the Components of Interception and Diversion Based Sewage Treatment Plant (STP) work including 05 Years of Operation and Maintenance of the Entire System in Nagar Panchayat Khongapani under SBM 2.0 | Rs 463.04 | Rs 2.32 | Rs. 10000/- (Rupees Ten Thousand only) in the form of DD in favour of Chief Municipal Officer, Nagar Panchayat Khongapani | Construction Period-15 months (including rainy season) + 03 month of trial run from the date of issuing of Work Order | 10/02/2025 |

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http//eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट www.uad.cg.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है एवं कार्यालयीन अवधि में कार्यालय में आकर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगर पंचायत खोंगापानी
जिला- मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर, जबलपुर (म.प्र.)**

N.I.T. No./PWD/08/PRO No.506 **निविदा सूचना** Dated 16/01/2025

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाइन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनाक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई. एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2025_UAD_395949_1 Date-20/01/2025 | खेरमाई वार्ड क्र. 55 अंतर्गत विभिन्न 05 स्थानों पर नाली निर्माण एवं रोड मरम्मत कार्य। (पार्षद अनुशंसा) | 03 माह 4.18 लाख | 2000/- 4187/- | 03/02/2025 |
| 2 | 2025_UAD_395949_2 Date-20/01/2025 | खेरमाई वार्ड क्र. 55 अंतर्गत विभिन्न 06 स्थानों पर नाली निर्माण कार्य। (पार्षद अनुशंसा) | 03 माह 4.23 लाख | 2000/- 4235/- | |

नोट - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री (लोककर्म)
नगर निगम जबलपुर

**कार्यालय अपर संचालक/प्राचार्य, शासकीय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र जबलपुर म.प्र.**
Office No. 0761-2663471 Fax No. 0761- E.Mail - petcjabalpur@gmail.com

क्रमांक/28/प्राचार्य/पीईटीसी./प्रशिक्षण/2025 जबलपुर, दिनांक 14/01/2025

पी.एस.सी/ रेलवे, बैंकिंग, एस. एस. सी एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षा की कोचिंग हेतु अंशकालीन अतिथि व्याख्याताओं के चयन हेतु निःशुल्क विज्ञापन

मध्यप्रदेश शासन अनुसूचित जाति कल्याण विभाग द्वारा संचालित शासकीय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र रामपुर (कौशल विकास संचालनालय के पास) जबलपुर पिन कोड न. 482008 में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिये कोचिंग म. प्र. सिविल सेवा परीक्षा, रेलवे, बेंकिंग, एस. एस. सी. ई. एस. बी. एवं नर्सिंग प्रवेश परीक्षा के पाठ्यक्रम अनुसार कोचिंग प्रदान किया जाना है। अतः प्रतिष्ठित कोचिंग संस्था में हिन्दी माध्यम से अध्यापन कराने वाले अनुभवी प्रशिक्षकों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। अतिथि व्याख्याताओं के लिये निर्धारित योग्यता एवं अनुभव प्रमाण-पत्र संलग्न करना अनिवार्य है। आवेदन हेतु योग्यता एवं शर्ते निम्नानुसार है :-

1- प्रथम श्रेणी में स्नातकोत्तर उपाधि होना चहिये अथवा ऐसे प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थान जहाँ से प्रशिणार्थियों का चयन प्रतियोगी परीक्षाओं में होता रहा हो, में संकाय सदस्य रहा हो।
2 - प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थान में अध्यापन के अनुभव को प्राथमिकता दी जायेगी, प्राप्त आवेदन पत्रों में से योग्य उम्मीदवारों का चयन शासन के निदेर्शानुसार केन्द्र में गठित समिति द्वारा किया जायेगा जिसका निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।
3 - चयनित अतिथि व्याख्याताओं को आवश्यकता अनुसार विभिन्न पाठ्यक्रमों के अध्यापन हेतु आमंत्रित किया जावेगा। कालखण्ड 90 मिनट का होगा एवं मानदेय प्रति कालखण्ड 800/- रुपए देय होगा।
4- आवेदन पत्र में अध्यापन किये जाने वाले विषय एवं संबंधित प्रतियोगी परीक्षा का उल्लेख किया जाना अनिवार्य है। इच्छुक आवेदक निर्धारित प्रारूप में अपना आवेदन पत्र शैक्षणिक अभिलेखों एवं अनुभव प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रतियों के साथ दिनांक 14.02.2025 तक इस संस्था प्राचार्य शासकीय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र ( रामपुर पुलिस चौकी के पास, कौशल विकास संचालनालय के बाजू में ग्वारीघाट रोड) जबलपुर पिन कोड- 482008 के पते पर रजिस्टर्ड डाक द्वारा अथवा व्यक्तिगत रूप से कार्यालयीन समय एवं दिवसों में जमा कर सकते है। जमा किये गये स्वप्रमाणित दस्तावेजों का समिति के द्वारा मूल अभिलेखों से सत्यापन किया जावेगा। अंतिम तिथि पश्चात प्राप्त आवेदन पत्र मान्य नही किये जावेगें। आवेदन पत्र के प्रारूप एवं अन्य जानकारी हेतु कार्यालयीन दूरभाष 0761-2663471 एवं वाट्सएप्प नं. 8889609588 पर मैसेज कर कार्यालयीन समय एवं दिवसों में संपर्क कर सकते है।

प्राचार्य,
शासकीय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र, जबलपुर म.प्र.

G-21717/24

**पूर्व रेलवे**

**निविदा संख्या: डब्ल्यू7_बैलास्ट_पीकेआर_2025, दिनांक: 14.01.2025।** महाप्रबंधक/अभियांत्रिकी, पूर्व रेलवे, 17, नेताजी सुभाष रोड, फेयरली प्लेस, कोलकाता-700001 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए दो लिफाफा प्रणाली में खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम:** पूर्व रेलवे के हावड़ा, सियालदह, मालदा एवं आसनसोल मंडलों के लिए 3,86,750 घन मीटर मशीन चूर्ण कड़े स्टोन ट्रैक बैलास्ट की पाकुड़ क्वैरी से आपूर्ति, लीडिंग तथा सड़क पर माल ढुलाई के लिए उसकी बीओबीवाईएन टाइप वैगनों में लदायी। **विज्ञापित मूल्य:** ₹ 73,23,22,727.50। **बयाना राशि:** ₹ 38,11,600। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** ₹ 0। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 12.02.2025 को अपराह्न 3.30 बजे। **बोली शुरू होने की तारीख:** 29.01.2025। **निविदा अपलोड करने की तारीख एवं समय:** 14.01.2025 को सुबह 10.48 बजे। **पूर्व बोली सम्मेलन की तारीख एवं समय:** 22.01.2025 को अपराह्न 3.30 बजे। **प्रस्ताव की वैधता :** 90 दिन। **पूरा करने की अवधि :** 24 महीना। वेबसाइट का विवरण जहाँ से निविदा प्रपत्र डाउनलोड किये जा सकते हैं: **www.ireps.gov.in**। बोलीदाता सिर्फ निविदा बंद होने की तारीख एवं समय तक अपनी मूल/संशोधित बोलियां जमा कर सकते हैं। इस निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है तथा इस तरह का मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर उसे नज़रअंदाज़ कर दिया जायेगा।

(MISC-310/2024-25)

निविदा सूचना वेबसाइट:www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री (भवन) लोक निर्माण विभाग, जिला - छिन्दवाड़ा (म. प्र.)**
PHONE No. 07162-243214 E-mail:-pwdpiu12cwa@gmail.com

एनआईटी नं.- 01/2025 / केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण / भवन / व.ले. लि. छिन्दवाड़ा दिनांक 07.01.2025

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है :-

| स. क्र. | पोर्टल टेंडर क्र. | कार्य का नाम | जिला | ठेके की अनुमानित राशि (पीएसी) (रू. लाख में) | अमानत राशि (ईएमडी) (रु. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में) | कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षा काल सहित) | कार्यालय का नाम जहां ईएमडी एवं तकनीकी बिड भौतिक रूप से प्राप्त की जावेगी। | 90 प्रतिशत अविवादित एम.ओ.यू. निष्पादित एवं भूमि प्राप्त एवं एमओयू निष्पादित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | 2025_PWPIU_395707_1 | जिला छिंदवाड़ा में 100 सीटर नवीन श्रमिक विश्राम गृह का निर्माण कार्य। (प्रथम आमंत्रण) | छिन्दवाड़ा | 463.34 | 463340.00 | 15000.00 | 14 माह वर्षा ऋतु सहित | मुख्य अभियंता (भवन) लोक निर्माण विभाग जबलपुर | एम.ओ.यू. निष्पादित एवं भूमि प्राप्त |
| | | योग | | 463.34 | | | | | |

1-निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट बेवसाईट http://www.mptenders.gov.in पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
2- निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑन-लाईन पोर्टल पर क्रेडिट / डेबिट / कैशकार्ड / इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3- निविदा प्रपत्र केवल ऑन-लाईन दिनांक 13.01.2025 समय 09:00 से दिनांक 25.01.2025 समय 18.00 तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी बेबसाईट पर देखी जा सकती है।
4- निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त बेवसाईट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री (भवन)
लोक निर्माण विभाग
जिला-छिन्दवाड़ा (म.प्र.)

G-21767/24 दुर्घटना से दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री (भवन) लोक निर्माण विभाग, सिवनी (म. प्र.)**
निर्माण भवन, प्रथम तल, कलेक्टर कैम्पस, जिला- सिवनी (मध्यप्रदेश)
दूरभाष क्र. 07692-225559 E-mail:-dpepiu.seoni@mp.gov.in, dpepiuseoni@gmail'.com

एनआईटी नं.- 01/2025 / केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण / जी / मु. अ. (भ) जबलपुर दिनांक 07.01.2025

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है:-

| स. क्र. | पोर्टल टेंडर क्र. | कार्य का नाम | जिला | ठेके की अनुमानित राशि (पीएसी) (रू. लाख में) | अमानत राशि (ईएमडी) (रू. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में) | कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 2025_PWPIU_395698_1 | शासकीय हाई स्कूल भवन झील पिपरिया, वि.ख. सिवनी एवं शासकीय माध्यमिक शाला भवन पिपरिया, वि.ख. केवलारी का निर्माण कार्य (प्रथम आमंत्रण) | सिवनी (म.प्र.) | 153.46 | 153460 | 12500 | 12 माह वर्षा-काल सहित |
| 2 | 2025_PWPIU_395702_1 | गोरखपुर वि.ख छपारा जिला सिवनी में 100 सीटर केजीबीव्ही टाईप -III छात्रावास भवन निर्माण (प्रथम आमंत्रण) | सिवनी (म.प्र.) | 143.21 | 143210 | 12500 | 12 माह वर्षा-काल सहित |
| 3 | 2025_PWPIU_395704_1 | शासकीय माध्यमिक शाला भवन पिंडरई बुट्टे वि.ख. कुरई, शासकीय प्राथमिक शाला पिंडरई कला वि.ख. बरघाट एवं शासकीय माध्यमिक शाला भवन चीचबंद, वि.ख. सिवनी का निर्माण कार्य (प्रथम आमंत्रण) | सिवनी (म.प्र.) | 117.15 | 117150 | 12500 | 10 माह वर्षा-काल सहित |
| 4 | 2025_PWPIU_395708_1 | शासकीय माध्यमिक शाला घुरवाड़ा, वि.ख. लखनादौन, शासकीय प्राथमिक शाला पनारझिर वि.ख. घंसौर एवं शासकीय माध्यमिक शाला पल्हेरा बि.ख. घंसौर का निर्माण कार्य (प्रथम आमंत्रण) | सिवनी (म.प्र.) | 117.15 | 117150 | 12500 | 10 माह वर्षा-काल सहित |
| 5 | 2025_PWPIU_395416_1 | शासकीय माध्यमिक शाला घुरवाड़ा, वि.ख. लखनादौन, शासकीय प्राथमिक शाला पनारझिर वि.ख. घंसौर एवं शासकीय माध्यमिक शाला पल्हेरा बि.ख. घंसौर का निर्माण कार्य (प्रथम आमंत्रण) | सिवनी (म.प्र.) | 23.28 | 10000.00 | 1000.00 | 24 माह वर्षा-काल सहित |

1- निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट बेबसाईट http://mptenders.gov.in पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
2- निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑन-लाईन पोर्टल पर क्रेडिट / डेबिट / कैशकार्ड / इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3- निविदा प्रपत्र केवल ऑनलाईन दिनांक 13.01.2025 से दिनांक 25.01.2025 तक खरीदा जा सकेगा। अन्य जानकारी बेबसाईट पर देखी जा सकती है।
4- निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त बेवसाईट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री (भवन)
लोक निर्माण विभाग सिवनी (म.प्र.)

G-21766/24 दुर्घटना से दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।

**कार्यालय नगरपालिका परिषद बालाघाट, जिला बालाघाट(म.प्र.) 481001**

क्र. एफ/उद्यरल शाखा/50-2/2024/11095 बालाघाट, दिनांक 15/01/2025

//निविदा सूचना//

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत वेबसाईट http://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता हैं-

| क्रं. | टेंडर आईडी नं. | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD_396012_1 | उद्यानकी सामग्री प्रदाय किये जाने | 15 दिवस 6,00,000=00 | 2000=00 एवं 12000=00 | 31/01/2025 |
| 2 | 2025_UAD_395994_1 | उद्यानकी झूले, जीम उपकरण, सजावटी पौधे एवं खाद आदि प्रदान करने हेतु | 30 दिवस 16,00,000=00 | 2000=00 एवं 12000=00 | 17/02/2025 |

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन ऑनलाईन http://www.mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद, बालाघाट




# विजय नगर एक्सीडेंट के आरोपित डॉ. संजय पटेल की जमानत अर्जी निरस्त

## लापरवाहीपूर्वक तेज गति से वाहन चलाकर छह लोगों को मारी थी टक्कर, दो की हो गई थी मृत्यु

जबलपुर।

जबलपुर के बहुचर्चित विजय नगर एक्सीडेंट कांड के आरोपित डा. संजय पटेल को ज़मानत नही मिली। अपर सत्र न्यायाधीश संजोग सिंह वाघेला की अदालत ने आरोपी की जमानत अर्जी निरस्त कर दी। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि केस डायरी व प्रतिवेदन का अवलोकन किया गया। इससे प्रकट होता है कि आरोपित ने लापरवाही पूर्वक तेजगति से वाहन चलाकर छह लोगों को टक्कर मारी थी। इससे रविशंकर दुबे व मुन्नी बाई सेन की मृत्यु हो गई थी। जबकि वैशाली नामदेव, दीपा शुक्ला और मोहित शर्मा बुरी तरह घायल हो गए थे, जिनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। अनेंद्र सिंह नामक घायल इलाज कराकर अस्पताल से डिस्चार्ज हो चुका है।

सुनवाई के दौरान राज्य शासन की ओर से अतिरिक्त लोक अभियोजक अरविंद जैन व आपत्तिकर्ता की ओर से अधिवक्ता पंकज



कुमार दुबे ने लिखित आपत्ति प्रस्तुत की। अभियोजन की ओर से दलील दी गई कि आरोपित ने तीन जनवरी, 2025 को काले रंग की कार से कोहराम मचा दिया था। चूंकि मामला बेहद गंभीर प्रकृति का है अतः जमानत न दी जाए। वहीं आवेदक की ओर से दलील दी गई कि वह नौ जनवरी से न्यायिक अभिरक्षा में जेल में बंद है। उसे हृदय की बीमारी है। 90 प्रतिशत ब्लाकेज के कारण डाक्टरों से बायपास सर्जरी की सलाह दी है। इसलिए उसे जमानत दी जानी चाहिए।

### गलत वेतन निर्धारण के आधार पर निकाली गई रिकवरी निरस्त

**जबलपुर।** हाई कोर्ट ने गलत वेतन निर्धारण के आधार पर निकाली गई रिकवरी को अनुचित पाते हुए निरस्त करने का आदेश सुना दिया। न्यायमूर्ति विशाल मिश्रा की एकलपीठ ने कहा कि रिकवरी राशि छह प्रशित ब्याज के साथ दो माह में लौटाएं। ऐसा न करने पर 10 प्रतिशत ब्याज देना होगा। याचिकाकर्ता नरसिंहपुर निवासी हरीश तिवारी की ओर से दलील दी गई कि गलत वेतन निर्धारण का हवाला देकर याचिकाकर्ता के विरुद्ध 92 हजार रुपये की रिकवरी निकाली गई। रिकवरी की राशि वेतन से काट ली गई। हाई कोर्ट ने महेन्द्र अहिरवार के प्रकरण में इस तरह के मामले में विस्तृत दिशा निर्देश दिए हैं। यह मामला भी समान प्रकृति का है। हाई कोर्ट ने सभी तर्क सुनने के बाद याचिकाकर्ता के हक में राहतकारी आदेश पारित कर दिया।

### विमानन कंपनियों को जवाब पेश करने के लिए हाईकोर्ट ने दिया अंतिम अवसर

#### 19 फरवरी को अगली सुनवाई, जबलपुर से बड़े शहरों के लिए एयर कनेक्टिविटी न होने का मामला

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने जबलपुर में समुचित एयर कनेक्टिविटी न होने के मसले पर विमानन कंपनियों को अपना जवाब पेश करने के लिए चार सप्ताह का अंतिम अवसर दिया है है। जस्टिस सुश्रुत अरविंद धर्माधिकारी व जस्टिस अवनींद्र कुमार सिंह की डिवीजन बेंच ने मामले की अगली सुनवाई 19 फरवरी को नियत की। नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच के अध्यक्ष डॉ. पीजी नाजपांडे व सामाजिक कार्यकर्ता रजत भार्गव की ओर से जनहित याचिका दायर की गई है। अधिवक्ता दिनेश उपाध्याय ने पक्ष रखते हुए न दलील दी कि जबलपुर में प्रदेश के अन्य शहरों की तुलना में कम फ्लाइट हैं। पूर्व में जबलपुर से मुम्बई, पुणे, कोलकाता, बेंगलुरू आदि शहरों के लिए फ्लाइट संचालित होती थी। जबलपुर की एयर कनेक्टिविटी प्रदेश इंदौर, ग्वालियर तथा भोपाल के सामान थी। लेकिन लगातार इन फ्लाइट्स के बंद होने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पूर्व में जबलपुर से औसतन 15 फ्लाइट संचालित होती थीं। वर्तमान में घटकर इनकी संख्या पांच हो गई है। जिससे जबलपुर का विकास अवरुद्ध हो रहा है। याचिका पर पूर्व में हुई सुनवाई के दौरान इंडिगो विमान कंपनी ने अपना जवाब पेश कर दिया था। पिछली सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने एयर इंडिया एक्सप्रेस को अनावेदक बनाकर नोटिस जारी करते हुए जवाब मांगा था। इसके अलावा अनावेदक स्पाइस जेट व आकाशा एयरलाइंस को चेतावनी दी थी कि जवाब पेश नहीं करने 25-25 हजार रूपये का जुर्माना लगाया जाएगा। याचिका पर गुरुवार को हुई सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट से अनावेदक विमानन कम्पनियों ने जवाब के लिए मोहलत मांगी।



# बादलों की बसाहट तापमान में उछाल

**कड़ाके की ठंड से मिली राहत**

**जबलपुर।** पश्चिमी विक्षोभ से आसमान में बादलों की बसाहट से तापमान में एकदम उछाल आया और ठंड से कुछ राहत मिली। गुरुवार को सुबह से आसमान पर बादल छाये रहे। बीच बीच में सूर्य बादलों में छिपा रहा तो रात में चन्द्रमा बदली में छिपा रहा। जनवरी के पहले पखवाड़े में तापमान ने जमकर गोता लगाया। पारा 5 डिग्री तक पहुंच गया था और धीरे धीरे औसत स्थिति में आया तापमान अब रात में सामान्य स्थिति में पहुंच गया तो दिन का तापमान 1 डिग्री अधिक चल रहा है। मौसम कार्यालय के मुताबिक पश्चिमी विक्षोप के प्रभाव से मौसम के मिजाज बदले हैं। आसमान पर बादल छाने से तापमान में वृद्धि हुई है। मौसम विभाग का कहना है कि पश्चिमी विक्षोप के प्रभाव के चलते भी तापमान उछाल पर ही रहेगा। आसमान पर छाये बादल छंटने और पश्चिमी विक्षोप का प्रभाव खत्म होने पर तापमान घटेगा और ठण्ड का एक नया दौर लौटेगा। स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र के प्रवक्ता ने बताया कि पिछले 24 घंटों के दौरान जबलपुर शहर का अधिकतम तापमान 25.08 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। जो सामान्य से 1 डिग्री अधिक रहा। इसी प्रकार न्यूनतम तापमान 10.04 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया, जो सामान्य रहा। हवा में नमी प्रातः काल 86 प्रतिशत और सायंकाल 60 प्रतिशत आंकी गई। उत्तर पूर्वी हवाएं 4 से 5 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चलीं। सूर्योदय सुबह 6.54 बजे और सूर्यास्त शाम 5.47 बजे हुआ। प्रदेश में सबसे कम 7.7 डिग्री तापमान पचमढ़ी जिले में दर्ज किया गया। अगले 24 घंटे के दौरान मौसम शुष्क रहेगा।

# 2 प्रमुख प्रमोटी आईपीएस और 1 आईएएस आईटी की रडार पर

**जबलपुर।** विगत दिनों राजधानी भोपाल में आयकर विभाग की छापेमारी की जिद में आए बिल्डर और त्रिशूल कंस्ट्रक्शन कंपनी के प्रमुख राजेश शर्मा की डायरी से चौकानें वालें खुलासे हो रहे हैं। हालांकि इस मामलें में आयकर विभाग जांच पड़ताल ही कर रही है। राजेश के यहां से बरामद की गई डायरी में मप्र के दो आईपीएस और आईएएस अधिकारी के नाम का भी जिक्र है साथ ही काम का भी जिक्र है। पूरा मामला माइनिंग कंपनी में फर्जीवाड़ा करने के आरोप से जुड़ा है साथ ही गोसलपुर में माइनिंग कारोबार को लेकर रेलवे यार्ड में हुई गोलीबारी से जुड़े मामलें में रिश्वत का बताया जा रहा है। राजेश शर्मा के यहां से मिली डायरी में तीन अफसरों के नाम दर्ज है इनमें से एक आईएएस और एक प्रमोटी आईपीएस जबलपुर में पदस्थ है जबकि एक आईपीएस पुलिस मुख्यालय भोपाल में पदस्थ है। डायरी में इस बात का खुलासा हुआ है कि एक माइनिंग कंपनी में फर्जीवाड़ा करने के केस को टालने और चार्जशीट को

## बिल्डर के यहां छापेमारी में मिली डायरी में मिले नाम

लेकर दो आईपीएस और एक आईएस को रिश्वत दी गई थी। किस काम के लिए रिश्वत दी गई थी इस बात का जिक्र भी डायरी में बताया गया है। सूत्रों के अनुसार आयकर विभाग के हाथ जो डायरी लगी है उसकी बारीकी से सभी पहलुओं पर गंभीरता से तस्दीक की जा रही है। यदि डायरी में लिखे काम सही पाए गए तो इस बात की संभावना है कि तीनों अधिकारी आयकर विभाग की रडार पर आ जायेंगे और संभव हो कि उन्हें नोटिस जारी किया जाए। बताया गया है कि एक माइनिंग कंपनी के मुख्य कर्ता धर्ता के खिलाफ फर्जीवाड़े के मामलें में पुलिस ने उन्हे बचाते हुए उनके मोहरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ''सांप भी मर जाए और लाठी में न टूटे'' की तर्ज पर कार्रवाई की। इसी काम के बदले रिश्वत लेने का आरोप डायरी में दर्ज है।

इसके साथ ही, 9 अक्टूबर को एक चिट्ठी भी सामने आई है, जिसमें आला अधिकारियों ने स्थानीय पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठाए हैं। चिट्ठी में कहा गया कि जब तक मामले की पूरी विवेचना नहीं हो जाती, आरोपियों की गिरफ्तारी रोकने के निर्देश दिए गए थे। यह पत्र 11 अक्टूबर को राजेश शर्मा की डायरी में दर्ज विवरण से मेल खाता है।इस पूरे मामले में जबलपुर से जुड़े अधिकारी और कारोबारी संलिप्त दिखाई दे रहे हैं, जो कि जबलपुर के पड़ोसी जिले की राजनीति और प्रशासन को प्रभावित कर सकते हैं। अब यह मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुँच चुका है, जहां आरोपी को अग्रिम जमानत देने से इनकार कर दिया गया है। हाईकोर्ट जबलपुर ने भी उन्हें जमानत देने से मना कर दिया था। इस पूरे मामले में जबलपुर से जुड़े अधिकारी, कारोबारी और नेता अब जांच के घेरे में हैं, जिससे आने वाले समय में जबलपुर के प्रशासनिक हलकों में हलचल मच सकती है।

# 2 मोटरसाइकिलों में भीषण भिडंत, 3 युवकों की मौत

## चरगवां रोड पर दर्दनाक सड़क दुर्घटना

**जबलपुर।** तिलवारा थाना अतंर्गत घुंसौर के पास तेज रफ्तार दो मोटरसायकिल में सीधी भिडंत में तीन युवकों की मौत हो गई। ये युवक यहां तिलवारा में सक्रांति का मेला घूमकर लौट रहे थे। घटना बुधवार की शाम 7 बजे की बताई गई है। घटना की सूचना मिलने पर तिलवारा पुलिस मौके पर पहुंची ने मृतकों के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार जोधपुर पड़ाव गांव निवासी संदीप बरकड़े अपने दोस्त लक्ष्मण भवेदी के साथ मोटर सायकिल में तिलवारा में मकर सक्रांति का मेंला घूमने आया था। मेला घूमने के बाद लौटते समय रास्ते में घुंसौर के पास सामने आ रही एक मोटरसायकिल से सीधी भिडंत हो गई। बताया गया है कि दोनों मोटरसायकिल



तेजी से बेलगाम रफ्तार से भाग रही थी। भिड़ंत इतनी भीषण थी कि संदीप बरकड़ और लक्ष्मण भवेदी तथा दूसरी मोटरसायकिल सवार सिवनी जिला निवासी रंजीत कुलस्ते की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। दोनों के वाहनों के परखच्चे उड़ गए। पुलिस ने शवों का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मर्ग कायम कर मामले की जांच की जा रही है। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि चरगवां रोड पर घंसौर और जोधपुर पड़ाव मार्ग ब्लैक स्पॉट बन गया है। यहां आए दिन सड़क हादसे हो रहे हैं इसके पहले भी हादसों में इस रोड पर कई लोग अपनी जान गवां चुके है।

# सायबर ठग ने ओटीपी पूछकर 71 हजार उड़ाए

**क्रेडिट कार्ड धारक के साथ धोखाधड़ी**

**जबलपुर।** गढ़ा थाना क्षेत्र में फिर एक सायबर फ्राड का मामला सामने आया है। एक जालसाज ने कम्प्यूटर ऑपरेटर को आईसीआईसीआई बैंक का कर्मचारी बताकर क्रेडिट कार्ड में एन्युअल चार्ज बंद कराने की लालच देकर ओटीपी मांगी, और खाते से 71 हजार रुपए उड़ा दिये। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर मामला विवेचना में लिया है। गढ़ा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार गंगासागर लोधी मोहल्ला निवासी 34 वर्षीय कम्प्यूटर ऑपरेटर नारायण सिंह लोधी के मोबाइल पर गत दोपहर लगभग 1.45 बजे एक मोबाइल से कॉल आया जिसमें अज्ञात व्यक्ति के द्वारा बताया गया कि मैं आईसीआईसीआई बैंक के क्रेडिट कार्ड डिपार्टमेण्ट से बात कर रहा हूं, आपके क्रेडिट मे एनुअल चार्ज लग रहे हैं क्या आप बंद कराना चाहते हैं तो उसने जवाब में कहा हां तब अज्ञात व्यक्ति के द्वारा कहा गया कि एक ओटीपी वेरिफिकेशन हेतु आयेगा तो आप मुझे बता देना, जैसे ही मोबाइल पर ओटीपी आया उसके बाद आईसीआईसीआई बैंक क्रेडिट कार्ड नम्बर से 71 हजार 503 रूपये कट गये। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के रिपोर्ट पर धारा 420 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

# प्रदेश के न्यायिक कर्मियों के वेतनमान का मामला कैबिनेट में रखा जाएगा

## प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के दिए गए निर्देश : अगली सुनवाई चार सप्ताह बाद

**हाई कोर्ट में राज्य शासन की ओर से पेश किया गया जवाब**

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश के न्यायिक कर्मियों को उच्च वेतनमान का लाभ देने का मामला कैबिनेट में रखा जाएगा। यह जानकारी राज्य शासन की ओर से अपने जवाब में दी गई। जस्टिस सुश्रुत अरविंद धर्माधिकारी व जस्टिस अवनींद्र कुमार सिंह की डिवीजन बेंच ने जवाब को रिकॉर्ड पर लेते हुए सरकार को प्रगति प्रतिवेदन पेश करने के निर्देश दिए। अगली सुनवाई चार सप्ताह बाद नियत की गई है। यह मामला हाई कोर्ट के कर्मचारी किशन पिल्लई व अन्य ने वर्ष 2016 में दायर किया था। जिसमें उच्च वेतनमान का लाभ न दिए जाने को चुनौती दी गई थी। हाई कोर्ट ने 28 अप्रैल, 2017 को अपने आदेश में कहा था कि राज्य सरकार के



पास यह मामला 27 जून, 2015 से लंबित है, इसलिए हाई कोर्ट के कर्मचारियों के वेतनमान से जुड़े इस मुद्दे का चार सप्ताह में निराकृत किया जाए। इस आदेश का पालन न होने पर यह अवमानना याचिका वर्ष 2018 में दायर की गई। गुरुवार को सरकार की ओर से समय की राहत चाहते हुए कहा गया कि पूरी प्रकिया के बाद मामला कैबिनेट से होते हुए राज्यपाल तक पहुंचेगा।

### हैंडराइटिंग नमूना, बाडी फ्लूड आदि प्रदान करने की शर्त पर जमानत

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने क दुष्कर्म के एक आरोपित को अंतरिम राहत देते हुए अग्रिम जमानत स्वीकार कर ली। जस्टिस देवनारायण मिश्रा की सिंगल बेंच ने कहा कि आवेदक पुलिस को जांच में पूरा सहयोग करे। हैंडराइटिंग नमूना, बाडी फ्लूड और अन्य सामग्री प्रदान करे। आवेदक भोपाल निवासी स्वप्निल सरदार की ओर से दलील दी गई कि आवेदक भारतीय रिजर्व बैंक में सहायक प्रबंधक के पद पर पदस्थ हैं। सहकर्मी पीड़िता ने उनके विरुद्ध मानसिक-शारीरिक प्रताड़ना का प्रकरण भोपाल के महिला थाने में दर्ज कराया है। वर्ष 2020 में पीड़िता ने उनके घर में चोरी की थी। इस मामले में कोर्ट में चालान पेश किया गया और बाद में पीड़िता को नौकरी से पृथक कर दिया गया। इससे क्षुब्ध होकर उसने प्रकरण दर्ज कराया। पीड़िता की ओर से अग्रिम जमानत का विरोध करते हुए दलील दी गई कि उसने सामाजिक दबाव के कारण पहले मामला दर्ज नहीं कराया था।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240